आज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

कांच की दीवारें तोड़कर बनाएं पहचान



प्रियंका चोपड़ा

वाराणसी, बुधवार ११ नवम्बर, २०२६ सौर २५, कार्तिक शुक्ल २, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

सेवानिवृत्त अधिकारियोंपर भी लागू होंगी आचार संहिता की पाबंदियां

नयी दिल्ली (आससे)। चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले आचार संहिता को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब सरकारी कर्मचारियों पर लागू होने वाले



चुनाव आयोगका फैसला

चुनावी नियम और पाबंदियां रिटायर्ड सरकारी अधिकारियों और राज्य सरकारों की ओर से नियुक्त किये गये दूसरे लोगों पर भी लागू होंगी। आयोग ने साफ कर दिया है कि सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद भी अगर कोई व्यक्ति सरकार के लिए काम कर रहा है, तो उसे चुनाव के दौरान राजनीतिक रूप से निष्पक्ष रहना होगा। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से नियुक्त किये गये रिटायर्ड अधिकारी या दूसरे लोग किसी भी राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। वे न तो किसी उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार कर पायेंगे और न ही वोट मांगने जैसी गतिविधियों में शामिल हो सकेंगे। आयोग का कहना है कि ऐसे लोगों को अपनी जिम्मेदारियां निभाते समय पूरी निष्पक्षता बरतनी होगी। इस संबंध में चुनाव आयोग ने गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजा है। इन पांचों राज्यों में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने राज्यों में इन नियमों का पालन सुनिश्चित करायें। आयोग के इस फैसले का मकसद चुनाव के दौरान सरकारी व्यवस्था की निष्पक्षता बनाये रखना है। अब केवल नौकरी कर रहे सरकारी (शेष पृष्ठ ९ पर)




वाराणसीमें बाबा विश्वनाथ और बड़ा गणेशका भव्य अन्नकूट श्रृंगार, उमड़ा श्रद्धालुओंका सैलाब

मोदी मेरा सामना करने से बचते हैं-सोनिया गांधी

बिलोंगिंग : ए जर्नी ऑफ लवमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीके साथ अपने रिश्तोंका किया जिक्र

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा बिलोंगिंग : ए जर्नी ऑफ लव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों का जिक्र करते हुए कहा है कि दोनों के बीच कभी वास्तविक बातचीत नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि जब भी प्रधानमंत्री मोदी उनसे आमने-सामने होते हैं, तो नजरें फेर लेते हैं और आंखें मिलाने से बचते हैं। सोनिया गांधी के मुताबिक, संसद सत्र के समापन पर लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में होने वाली मुलाकातों के दौरान दोनों के बीच केवल औपचारिक अभिवादन होता है। हालांकि, अस्पताल से लौटने के बाद प्रधानमंत्री ने कुछ मौकों पर उनका हालचाल जरूर पूछा।



सोनिया ने कहा कि दोनों की विचारधारा और भारत को लेकर दृष्टिकोण बिल्कुल अलग हैं। मोदी जहां अपने भारत के विचार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं वह समावेशिता, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय पर आधारित भारत की पक्षधर हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यक्तिगत नहीं, बल्कि विचारधारा की लड़ाई है।

भारत विरोधी अभियान पर विदेश मंत्रालय सख्त

झूठ फैलाने की कोशिश दुर्भाग्यपूर्ण, ढाकासे काररवाई की मांग

नयी दिल्ली (आससे.)। विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन-रूस युद्ध, बांग्लादेश में चीन के प्लॉगर्स की गतिविधियों, खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के मामले और अमेरिका के मध्यावधि चुनाव को लेकर भारत का रुख साफ किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत यूक्रेन और रूस के बीच शांति स्थापित करने के लिए लगातार दोनों देशों के संपर्क में है। वहीं, बांग्लादेश की झुग्गी-बस्तियों के वीडियो को दिल्ली का बताकर दिखाने की कोशिशों को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इसके अलावा उन्होंने क्वाड की आगामी बैठकों और भारत-अमेरिका संबंधों पर भी बात रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच हुई बातचीत को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत का शुरू से यही मानना रहा है कि शांति केवल बातचीत और कूटनीति के रास्ते ही बहाल हो सकती है। हाल के



महीनों में प्रधानमंत्री मोदी ने भी लगातार इस बात पर जोर दिया है कि युद्ध रुकना चाहिए और संघर्ष खत्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में रूस और यूक्रेन दोनों के संपर्क में है और दोनों देशों के साथ कुछ सुझाव साझा किए हैं। इनमें काला सागर में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, ऊर्जा निर्यात और खाद्य आपूर्ति को लेकर दोनों देशों की चिंताओं का समाधान करना और हमले से बचने के दूसरे विकल्पों पर विचार करना शामिल है। रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच हुई टेलीफोन पर बातचीत में दोनों नेताओं ने संघर्ष से जुड़े ताजा घटनाक्रमों पर अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान मानवीय मुद्दों पर खास तौर पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने शांति बहाल करने के लिए चल रहे दूसरे प्रयासों पर भी बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन में शांति स्थापित करने में मदद के लिए हर संभव प्रयास करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहरायी। जायसवाल के मुताबिक, इस बातचीत के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के विदेश (शेष पृष्ठ ९ पर)

पीएमने हमें नक्सली कहा, मुझसे बहस करें-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती दी है। इस बार



आठ दिनमें छठी बार दी चुनौती

उन्होंने सीधे सीआरपीएफ के जवानों को टैग करके पोस्ट किया है। पिछले 8 दिन में यह छठी बार है, जब राहुल ने पीएम मोदी को बहस के लिए बोला है। दरअसल, पीएम मोदी ने इस बार दिवाली छत्तीसगढ़ के बस्तर में सीआरपीएफ जवानों के साथ मनायी थी। राहुल ने उसी सेलिब्रेशन का एक वीडियो भी शेयर किया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ दिवाली मनाने के बाद पीएम मोदी ने उन्हें संबोधित भी किया था। वहां पीएम ने कहा कि ये पहली दिवाली है जब देश का हर जिला नक्सलवाद से मुक्त है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद का खतरा अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। जंगलों से हथियारबंद नक्सलियों का सफाया हो चुका है लेकिन अब दिमागी नक्सलियों से खतरा है। उन्होंने दावा किया कि इन लोगों ने कई राजनीतिक संगठनों में घुसपैठ कर ली है। हमें उनकी पहचान कर खत्म करना होगा। ये लोगों को संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ भड़का रहे हैं।

गाजीपुरमें गोली मारकर दो की हत्या

गोलियोंकी तड़तड़ाहटसे सहमे लोग, भय का माहौल

गाजीपुर। त्योहारी सीजन में गोलियों की तड़तड़ाहट से जनपद में भय का माहौल बन गया है। एक तरफ जुआ खेलने के विवाद में ग्राम प्रधान ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और एक अन्य युवक जिन्दगी और मौत से जुझ रहा है। वही एक अन्य घटना में शहर कोतवाली क्षेत्र के व्यस्त मिश्र बाजार में मंगलवार की शाम करीब ५.३० बजे दिनदहाड़े गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। स्टेट बैंक के पास हुई इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हमलावरों ने युवक को निशाना बनाकर दो गोलियां मारीं और मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान मोहम्मद कौसेन २४ वर्ष, पुत्र मोहम्मद दाऊद, निवासी मुफ्तीपुरा के रूप में हुई है। बताया गया कि एक गोली उसकी गर्दन के बाईं तरफ और दूसरी पेट में लगी थी। गंभीर रूप से घायल कौसेन को तत्काल मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के



पिता के अनुसार, कौसेन की रौजा स्थित जूते की दुकान है। मंगलवार की शाम दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान शहर कोतवाली के समीप स्टेट बैंक के पास उसे गोली मार दी गई। अचानक हुई फायरिंग से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों और राहगीरों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने भी घटनास्थल और मामले की जानकारी (शेष पृष्ठ ९ पर)

तालाबमें डूबनेसे एक ही गांव की तीन बच्चियों की मौत

पटना (आससे)। भैया दूज के दिन पटना के फुलवारी शरीफ प्रखंड के हिंदूनी गांव में दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम पसर गया। गांव के तालाब में नहाने के दौरान तीन बच्चियों की डूब कर मौत हो गयी। बताया जाता है कि एक बच्ची को डूबता देख दूसरी बच्चियां उसे बचाने के लिए पानी में उतरीं, लेकिन देखते ही देखते तीनों गहरे पानी में समा गयी। मृतकों की पहचान बेली कुमारी (18), मौली कुमारी (17) और सृष्टि कुमारी (7) के रूप में हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने काफी मशक्कत के बाद तीनों को तालाब से बाहर निकाला और आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया।

बाबा केदारनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली ने मंदिरमें किया प्रवेश, आज बंद होंगे कपाट

रुद्रप्रयाग (एजेंसी)। केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। आज बाबा केदार की चल विग्रह उत्सव डोली ने मंदिर में प्रवेश किया। बुधवार सुबह 8.30 बजे मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिये जायेंगे। कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ के लिए रवाना होगी। कपाट बंद होने के कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी विशाल मिश्रा मंगलवार को केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास की (शेष पृष्ठ ९ पर)

ट्रकने बाइकको मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत

बाराबंकी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। बड़ुपुर क्षेत्र में लखनऊ-कुर्सी-महमूदाबाद राजमार्ग पर बाबा कुटी तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पूनम (30) और उनके छह माह के बेटे आयुष की मौत हो गयी जबकि पति अनिल यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, लखनऊ के मझगवां निवासी अनिल यादव अपनी पत्नी पूनम और छह माह के बेटे आयुष के साथ फतेहपुर क्षेत्र स्थित एक मंदिर में दर्शन और प्रसाद चढ़ाने गये थे।

बिहार : लापरवाही पर १५ अधिकारी-कर्मचारी निलंबित

पटना (आससे)। सहयोग कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निष्पादन नहीं करने तथा लापरवाही बरतने के आरोप में मुख्यमंत्री ने 15 पदाधिकारियों एवं कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया है। साथ ही, उनके विरुद्ध विभागीय काररवाई शुरू करने का भी निर्देश दिया गया है।गोपालगंज के राजस्व कर्मचारी शुभम कुमार का तत्कालीन पदस्थापन उचकागांव अंचल में था। उनका वर्तमान पदस्थापन सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी अंचल में बताया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिला पदाधिकारियों, विभागीय सचिवों और मुख्यमंत्री सचिवालय के पदाधिकारियों (शेष पृष्ठ ९ पर)

कार डिवाइडरसे टकरायी, छह की मौत

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। यूपी के मुजफ्फरनगर में चालक को नींद की झपकी आने से तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पोल से टकराकर दूसरी साइड में उछलकर पलट गयी। कार में धमाके के साथ आग लग गयी। कार सवार दो सगे भाई समेत छह दोस्तों की जिंदा जलने से मौत हो गयी। हरियाणा के हिसार जिले निवासी सभी युवक रविवार रात दिवाली मनाने के बाद हरिद्वार जा रहे थे। हादसा तितावी थाना क्षेत्र में



शीशे तोड़कर निकाले गये शव

पानीपत-खटीमा हाईवे के बघरा बाईपास स्थित फ्लाईओवर पर सोमवार तड़के करीब 4.50 बजे हुआ। हरियाणा के हिसार जिले के नारनौंद क्षेत्र के मोठ लुहारी गांव निवासी (शेष पृष्ठ ९ पर)

दुनियाके ५० सबसे प्रदूषित शहरोंमें ४९ भारत के



यूपीके चार शहरोंकी हवा जहरीली

नयी दिल्ली (आससे)। दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 49 भारत के हैं। एक्यूआई के आंकड़ों के मुताबिक, आज सुबह 9.54 बजे राजस्थान का श्रीगंगानगर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां एक्यूआई 821 दर्ज किया गया। इस सूची में भारत के अलावा सिर्फ पाकिस्तान का लाहौर शामिल था। लाहौर 430 एक्यूआई के साथ 14वें स्थान पर रहा। वहीं, दिवाली के बाद दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश तक प्रदूषण गंभीर बना हुआ है। दिल्ली में मंगलवार सुबह 6 बजे चांदनी चौक का एक्यूआई 400 के पार रहा, जबकि कई इलाकों में यह 300 से ज्यादा दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के भोपाल, उज्जैन और हरियाणा के बहादुरगढ़ में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। यूपी के नोएडा में एक्यूआई 332, बुलंदशहर में 331, गाजियाबाद में 324 दर्ज किया गया। एमपी में रात का तापमान 11एष्ट और यूपी में 15°C तक गिर गया है। एयर क्वालिटी इंडेक्स 201 से 300 तक होने पर हवा खराब मानी जाती है। 301 से 400 तक बहुत खराब और 401 से 500 गंभीर श्रेणी होती है। गंभीर प्रदूषण का असर स्वस्थ लोगों पर भी पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि गाड़ियों से निकलने (शेष पृष्ठ ९ पर)





सड़क दुर्घटना में बड़े पिता,भतीजी की मौत

भांवरकोल (गाजीपुर)। राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर मनियां चट्टी के पास अनियंत्रित बाइक से गिरी 5 वर्षीय बच्ची समीक्षा की मौत कार की चपेट में आने से गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई , जबकि इस घटना गंभीर रूप से चोटिल कमलेश राम की मौत जिला मेडिकल अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई । सड़क पर हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेने के साथ बच्ची समीक्षा और कमलेश के शव को विधिक कार्रवाई करते हुए मर्चरी हाउस भेजवा दिया। समीक्षा के बड़े पिता कमलेश राम अपनी भतीजी समीक्षा पुत्री विमलेश राम के साथ बाइक से भांवरकोल की ओर से अपने गांव भरौली आ रहे थे जैसे ही उनकी बाइक मनिया मिर्जाबाद चट्टी पर पहुंची कि अचानक पेड़ से एक बंदर कमलेश के सिर में लगे हेलमेट पर कूद गया। अचानक बंदर



हादसे में मृत बच्ची की फाइल फोटो।

के सिर पर कूदने से कमलेश राम की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी , इस दौरान विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन (कार) की चपेट में आने से समीक्षा के सिर एवं गर्दन पर गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही समीक्षा की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहे उसके बड़े पिता कमलेश राम भी गंभीर रूप से चोटिल हो गए। जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में इलाज के दौरान कमलेश राम की भी मौत हो गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय अपने सहयोगी उपनिरीक्षक और पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। दोनों ही वाहनों को कब्जा में लेने की साथ ही चार पहिया वाहन के स्वामी/चालक बिहार आरा के परनौर निवासी मुकेश कुमार सिंह को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गये।



वोटर आईडी देते डीएम। छाया : आज

संक्षेप

भाइयों के साथ मारपीट,हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

मरदह, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के गजपतपुर गांव के पास बारात से वापस लौट रहे दो सगे भाइयों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित मुन्ना राम निवासी ग्राम-मुहल्ला वार्ड नं0 1, गजनफरनगर, जंगीपुर, थाना जंगीपुर ने बताया कि उनके ही गांव के विक्रमा राम के पुत्र की बारात ग्राम गजपतपुर थाना मरदह अंतर्गत गई थी। उस बारात में पीड़ित व उनके भाई शिवचंद राम भी गए थे। खाना खाने के बाद सोमवार रात्री समय लगभग 11ः30 बजे बारात में गए वाहन से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे गजपतपुर गांव से बाहर रोड पर 200 मीटर आगे बढ़े थे कि पहले से घात लगाए राहुल राम, मटरू राम, प्रिंस कुमार निवासीगण ग्राम मुहल्ला वार्ड नं0 1 गजनफर नगर, कस्बा जंगीपुर, थाना जंगीपुर ने वाहन रोक लिया। तीनों ने गाड़ी में बैठे भाइयों को माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लाठी-डंडा, हॉकी से मारना-पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में मुन्ना को सिर, बांह, मुंह आदि जगहों पर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद उपरोक्त लोग जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए।थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जांच रही है।

गोशालाओं में ब्लाक प्रमुख ने किया गोवर्धन पूजन

बिरनो, गाजीपुर। गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंगलवार को बिरनो ब्लॉक क्षेत्र की बिरनो और बद्दूपुर स्थित गोशालाओं में गौ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह ने विधि-विधान से गौ पूजन कर गायों को गुड़ और फल खिलाया तथा उनके संरक्षण और सेवा का संकल्प लिया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ने गोशाला संचालकों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गोशालाओं में संरक्षित गोवंश की देखभाल और सेवा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। गोवंश को समय से चारा, पानी और उचित देखभाल उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर गोशालाओं को व्यवस्थित स्वरूप दिया गया है। गोवंश संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे में गोशालाओं में गोवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जानी चाहिए।कार्यक्रम में गुड्डू गुप्ता, ओमजी सिंह, डॉ. गुरुदेव मौर्य, धनंजय प्रजापति, जयप्रकाश राम, श्रीशिकेष कुशवाहा, राकेश यादव, मनोज श्रीवास्तव, गोलू सिंह सहित अन्य गोसेवक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता में डुहिया ने कैमूर को ६ अंकों से किया पराजित

सेवराई, गाजीपुर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के सुरहां गांव में जय हनुमान स्पोर्टिंग क्लब की ओर से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार, को बेहद रोमांचक रहा। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला कैमूर सेवन और गाजीपुर दोहिया की टीम के बीच खेला गया, जिसमें गाजीपुर दोहिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कैमूर सेवन को 6 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया।फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, दमखम और रणनीति का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने भी पूरे मुकाबले का भरपूर आनंद लिया। अंत: गाजीपुर दोहिया की टीम ने 22 अंक हासिल किए, जबकि कैमूर सेवन की टीम 16 अंकों पर ही सिमट गई। इस तरह गाजीपुर दोहिया ने 22-16 के अंतर से शानदार जीत दर्ज की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी रंगनाथ सिंह रहे। वहीं पत्रकार शैलेंद्र चौधरी विशिष्ट अतिथि रहे। आयोजकों ने बताया कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग और आपसी सहभागिता से इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन संभव हो सका।

डिवाइन ग्लोबल स्कूल में ११०० दीयों से जगमगाया फुटबाल ग्राउंड

जमानियां,गाजीपुर। क्षेत्र के हरपुर गांव स्थित डिवाइन ग्लोबल स्कूल में सोमवार को दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के विशाल फुटबॉल ग्राउंड को 1100 मिट्टी के दीयों से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर रोशनी से जगमगा उठा। कार्यक्रम के दौरान ग्राउंड की सीमाओं, गोल पोस्ट और मध्य वृत्त की रूपरेखा पर क्रमबद्ध तरीके से दीये जलाए गए। ग्राउंड के बीचों-बीच दीयों की लौ से बनी मनमोहक आकृतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शाम ढलते ही जैसे ही एक साथ 1100 दीये प्रज्वलित किए गए। विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश यादव ने बताया कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। नंदगंज प्रतिनिधि के अनुसार- सदर विधायक जै किशन साहू की ओर से दीपावली के अवसर पर नंदगंज के पत्रकारों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। सपा के युवा नेता अमन जायसवाल एवं विकास यादव के माध्यम से क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों को दीपावली उपहार प्रदान किए गए।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विजय प्रकाश श्रीवास्तव, पप्पू यादव, मुहम्मद खालिद, रविंद्र श्रीवास्तव, सुहेल शमीम, धर्मेंद्र सिंह, विवेक सिंह, नंदलाल गिरी एवं मो. शाहिद सहित अन्य पत्रकारों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

अभियुक्तों के विरुद्ध उद्घोषणा कारवाई

कासिमाबाद (गाजीपुर)। थाना कासिमाबाद क्षेत्र में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 67/2026 के मामले में माननीय न्यायालय के आदेश पर दो अभियुक्तों के खिलाफ धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार मुकदमा धारा 406 एवं 504 आईपीसी से संबंधित है। इसमें अभियुक्त अभिनव चौरसिया पुत्र जगन्नाथ चौरसिया तथा वेदश्री चौरसिया पत्नी अभिनव चौरसिया, निवासी माल गोदाम, स्टेशन रोड, थाना कोतवाली, जनपद गाजीपुर शामिल हैं। उपनिरीक्षक तेज कुमार ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध उद्घोषणा की कार्रवाई की गई है। उपरोक्त अभियुक्तों उद्घोषणा के प्रकाशन एवं चस्पा किए जाने की तिथि से एक माह के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित अवधि में उपस्थित नहीं होने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पटाखा छोड़ने के दौरान हुई फायरिंग गोली लगने से युवक गंभीर

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के हमीदपुर गांव में रविवार की देर रात पटाखा छोड़ने के दौरान हुई फायरिंग में एक 18 वर्षीय युवक गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और त्योहार की खुशियां चीख-पुकार में बदल गईं। घायल युवक की पहचान हमीदपुर निवासी अखिलेश कुमार 18 वर्ष के रूप में हुई है। दीपावली की रात गांव में लोग पटाखे फोड़ रहे थे। उसी दौरान अखिलेश सड़क किनारे से पैदल गुजर रहा था। आरोप है कि तभी वहां मौजूद एक युवक ने असलहे से अचानक फायरिंग कर दी। गोली सीधे अखिलेश के दाहिने पैर के निचले हिस्से में जा धंसी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज और युवक की चीख सुनकर आसपास मौजूद लोग व परिजन मौके पर दौड़े। परिजन आनन-फानन में घायल अखिलेश को निजी वाहन से गाजीपुर जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

पुलिस अपने स्तर से मामले की गहनता से जांच कर रही है और घटना में शामिल आरोपी की भूमिका व फायरिंग की परिस्थितियों की पड़ताल की जा रही है।

सौ से अधिक मजदूरों का हुआ सम्मान

गाजीपुर। भाई दूज के अवसर पर मजदूरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें मिठाई व उपहार भी दिये गये। टाईल्स फिटिंग के ठेकेदार मनु विश्वकर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति मजदूरों को पशुवत समझता है, जबकि ऊंची विल्डिंगों में मजदूरों का ही पसीना लगा होता है। इस कारण उनका सम्मान करना आवश्यक है। यही सोचकर पिछले छह सालों से सम्मान करते आ रहे हैं। ब्रदीचंद पोखरा के एक निजी होटल में हुए सम्मान समारोह में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हर्षित सिंह ने कहा कि मन्नू द्वारा किया जा रहा ।

युवाओं के घर खुद पहुंचे डीएम,सौंपे वोटर आईडी कार्ड

जिले में बने १९ हजार नये मतदाता पहचान पत्र

गाजीपुर। युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने स्वयं युवाओं के घर पहुंचकर उन्हें मतदाता पहचान पत्र सौंपे और मतदान के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी ने वेदपुरवां निवासी 20 वर्षीय आयुष पुत्र शशिकांत, 21 वर्षीय सिमरन तथा शास्त्री नगर निवासी कार्तिक कुमार पुत्र चंद्रमोहन त्रिपाठी को उनके वोटर आईडी कार्ड प्रदान किए। उन्होंने नए मतदाता बनने पर युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि मतदान केवल संवैधानिक अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने युवाओं से आगामी चुनावों में अनिवार्य रूप से मतदान करने और अपने साथियों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2027 के तहत जनपद में करीब 19 हजार नए ईपीआईसी (वोटर आईडी) कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने संबंधित मतदाताओं से अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क कर पहचान पत्र प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 21 व 22 नवंबर तथा 28 व 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। डीएम ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की।

दो किलो हेरोइन के साथ चार अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

गाजीपुर। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वाट, सर्विलांस और जंगीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1.904 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब चार करोड़ रुपये बताई गई है। इसके अलावा चार मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, मंगलवार 10 नवंबर को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया गया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संयुक्त पुलिस टीम ने बनारस-गोरखपुर हाईवे स्थित अरशदपुर तिराहे के पास घेराबंदी कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से करीब दो किलोग्राम हेरोइन और चार मोबाइल फोन मिले। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जमीर हवारी उम्र 25 निवासी बनका बउआरा, थाना कुड़नी, जिला कैमूर-भभुआ बिहार, बबलू कुमार यादव उम्र 25 और गुलशन कुमार उम्र 22 निवासी कारी राम, थाना नुवांव, जिला कैमूर-भभुआ बिहार तथा विवेक यादव 20 निवासी खजुरी, थाना दिलदारनगर, जनपद गाजीपुर के रूप में हुई है।

डाला छठ पर सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

गाजीपुर। छठ महापर्व को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मंगलवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले ददरी घाट पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने घाटों पर पर्याप्त साफ-सफाई कराने, बैरिकेडिंग करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था के साथ प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती की जाए। गोताखोर निर्धारित ड्रेस में मुस्तैद रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके।इसके बाद जिलाधिकारी ने नवापुरा घाट, सिकंदरपुर घाट और नेपाली बाबा घाट का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर समय रहते तैयारियां पूरी करने तथा शास्त्री नगर निवासी घाट को छठ पूजा के लिए बंद कर दिया गया है।प्रशासनिक अधिकारियों ने चक्काबांध, बलुआ, भगीरथपुर, रघुनाथपुर, मलसा, देवरिया और मनझरिया सहित प्रमुख घाटों पर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। अधिकारियों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों व कर्मचारियों को घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, समुचित प्रकाश व साफ-सफाई के कड़े निर्देश दिए। एसडीएम निधि ने कहा कि छठ के दौरान घाटों पर भारी भीड़ उमड़ती है, इसलिए सुरक्षा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

दिलदारनगर (गाजीपुर)। थाना क्षेत्र के दिलदारनगर देवैयथा मार्ग पर मिर्चा गांव स्थित मिनी स्टेडियम के पास बाइक और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जबुरना गांव निवासी अजीत कुमार सिंह कुशवाहा उर्फ शेरू पुत्र अशेष कुशवाहा और विवेक सिंह कुशवाहा दिलदारनगर बाजार से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान मिर्चा मिनी स्टेडियम के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात स्कूटी सवार को बचाने के प्रयास में टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार को भी मामूली चोटें आईं, जिसके बाद वह मौके से फायर हो गया।

हर्षोल्लास से मनी अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा

गाजीपुर। जिले में अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों और मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण तथा गोवर्धन महाराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला। घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसे फूलों, अक्षत और विभिन्न पूजन सामग्रियों से सजाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गोवर्धन महाराज की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की और अन्नकूट का भोग अर्पित किया। मंदिरों में भी विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को समाप्त करने और ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाया था। इसी परंपरा के तहत गोवर्धन पूजा की जाती है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और मौसमी सब्जियों से तैयार अन्नकूट का प्रसाद भगवान को अर्पित किया। गोधना गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भी पर्व की विशेष रौनक रही। मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया और लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्तिमय वातावरण के बीच अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा संपन्न हुई।



घाटों का निरीक्षण करते डीएम। छाया : आज

संघटन विस्तार और विजय का लिया संकल्प

भाजपा महिला मोर्चा की परिचयात्मक, अभिनंदन बैठक

गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की परिचयात्मक एवं अभिनंदन बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय छावनी लाइन स्थित सभागार में जिलाध्यक्ष माया सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की काशी क्षेत्र अध्यक्ष सुनीता सिंह एवं जिलाध्यक्ष माया सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर आत्मीय अभिनंदन किया।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनीता सिंह ने कहा कि संगठन में नवीन दायित्व प्राप्त करने वाली सभी मातृशक्ति के लिए यह गौरव और सौभाग्य का विषय है कि महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सरोज कुशवाहा इसी जनपद से हैं। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेश में भाजपा महिला मोर्चा संगठनात्मक सक्रियता का नया इतिहास रचेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिला मोर्चा की समर्पित कार्यशक्ति के बल पर जनपद की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा विजय का परचम लहराएगी। जिलाध्यक्ष माया सिंह ने जनपद की भौगोलिक, सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों से नवनियुक्त पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए बताया कि गाजीपुर जनपद में सात विधानसभा क्षेत्र, 3335 बूथ तथा 604 संगठनात्मक शक्ति केंद्रों के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा के मूल मंत्र को आत्मसात कर संगठनात्मक एवं राजनीतिक गतिविधियों का संचालन करती है। बैठक को निवर्तमान जिलाध्यक्ष साधना राय, किरन सिंह, विभा पाल, सुमन बिंद एवं सुशीला सोनकर सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गोदावरी राजभर, रंजू विश्वकर्मा, डॉ. सरिता कुशवाहा, रम्भा राय, कल्पना कुशवाहा,अंजलि सोनकर, रोली शर्मा सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



भाजपा महिला मोर्चा की परिचयात्मक में बैठी महिलाएं।

विराट कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन

दिलदारनगर, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के रानीसागर स्थित गोरिया बाबा के स्थान पर भव्य विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों के साथ जिले और आसपास के क्षेत्रों के नामी पहलवानों ने अपने दमखम और कुश्ती कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दंगल देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कुश्ती प्रेमियों की भीड़ जुटी रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह रहे। उन्होंने उदयवीर पहलवान करमपुर और विक्रम यादव फिरोजाबाद के बीच हाथ मिलवाकर तथा माला पहनाकर तीन लाख रुपये की इनामी कुश्ती का शुभारंभ कराया। दोनों पहलवानों के बीच काफी देर तक जोरदार मुकाबला चला, लेकिन अंत में कुश्ती बराबरी पर छूटी। इसी क्रम में लिंकन पहलवान गाजीपुर और भीम यादव करमपुर के बीच 51 हजार रुपये की इनामी कुश्ती भी बराबरी पर रही।वहीं प्रमोद यादव जहुराबाद और राजन यादव दिलदारनगर गांव के बीच आठ हजार रुपये की इनामी कुश्ती में राजन यादव ने शानदार दांव लगाते हुए प्रमोद यादव को पटखनी देकर जीत हासिल की। इसी प्रकार अभिषेक यादव नई बाजार तथा हिटलर जहुराबाद के बीच 8000 का इनामी कुश्ती था जिसमें अभिषेक यादव ने हिटलर को पटकनी देकर विजय हासिल किया।इस दौरान कमेटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सिंह को गदा और अंग वस्त्र तथा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसी प्रकार अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र और साफा बांधकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अजय यादव ने किया।

बच्चों के विवाद में मारपीट, एक की मौत

दूसरा घायल, लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुसे आरोपियों ने की मारपीट



बलिया। सहतवार कस्बा के वार्ड नंबर 14 में सोमवार को दिन में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे कुछ लोगों ने घर के आंगन में बैठे दो व्यक्तियों पर हमला कर दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की वाराणसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल जिला अस्पताल से इलाज के बाद घर लौट गया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। देर रात बस्ती में पहुंची विधायक केतकी सिंह ने सीओ व थानाध्यक्ष से सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। कस्बा के सती तर निवासी 50 वर्षीय विनोद राजभर सोमवार की दोपहर अपने घर के आंगन में पड़ोसी सुदर्शन राजभर के साथ बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान बच्चों के विवाद को लेकर शुभम वर्मा, हर्ष वर्मा, राजू यादव और राजा कुंवर सहित कुछ अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने विनोद राजभर और सुदर्शन राजभर पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। परिजन दोनों घायलों को सीएचसी बांसडीह ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद विनोद राजभर की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां से चिकित्सकों ने उन्हें बीएचयू वाराणसी रेफर दिया। हालांकि, वाराणसी ले जाते समय देर सायं रास्ते में ही विनोद राजभर की मौत हो गई। वहीं, सुदर्शन राजभर को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। मामले में मृतक विनोद राजभर की पत्नी संजू देवी की तहरीर पर सहतवार पुलिस ने चार नामजद आरोपियों और अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में कस्बा निवासी शुभम वर्मा, हर्ष वर्मा, राजू यादव और राजा कुंवर हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। देर रात ही मौके पर पहुंची विधायक केतकी सिंह ने गहरा दुख जताते हुए घटना की कड़ी निंदा किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विधायक केतकी सिंह ने कहा अपराधी की कोई जाति नहीं होती, अपराधी सिर्फ अपराधी होता है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद और सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन से बातचीत की गई है। विधायक ने कहा कि इस घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार कार्रवाई कराई जाएगी।

सड़क हादसे में चाचा-भतीजी की मौत

नरहीं (बलिया)। गाजीपुर जिले में अपने ससुराल से बाइक से घर लौट रहे भरौली गांव निवासी कमलेश राम 30 वर्ष के साथ एनएच 31 पर दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें उसकी भतीजी समीक्षा छः साल की मौके पर मौत हो गई। जबकि कमलेश राम 30 वर्ष वाराणसी जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना को बंदर कूदने की वजह बताया जा रहा है तो ग्रामीणों का कहना है कि कार ने सामने से टक्कर मार दिया। भरौली गांव निवासी कमलेश राम सोमवार की सुबह अपने बेटे और भतीजी को लेकर गाजीपुर जनपद के भांवरकोल थाना क्षेत्र स्थित अपने ससुराल अमरुपुर में गये थे। वहां अपने बेटे को छोड़कर भतीजी समीक्षा को बाइक पर पीछे बैठाकर घर आ रहें थे कि करीब साढ़े ग्यारह बजे भांवरकोल थाना क्षेत्र के मनियां मिर्जा बाद चट्टी पर अचानक उनके बाइक की एक बंदर कूद गया जिससे अनियंत्रित होकर दोनों बाइक से गिर गये, सामने से आ रही एक कार मासूम बच्ची समीक्षा पुत्री विमलेश के उपर चढ़ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई तथा कमलेश भी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों एवं पुलिस की मदद से अमलेश राम को गाजीपुर जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां से उनको बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया वाराणसी पहुंचने से पहले कमलेश ने भी दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची भांवरकोल पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेजवा दिया तथा कार को कब्जे में ले लिया। पत्नी बसंती पुत्र अभिनव राज, अमन राज का रोते रोते बुरा हाल है।

सर्पदंश से महिला की मौत

नरहीं (बलिया)। दीपावली के दिन घर की साफ सफाई करते समय महिला को जहरीले सांप ने दाहिने पैर में डस लिया जिससे उसकी दो घंटे बाद मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। नरहीं थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल ने बताया कि दीपावली के थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अमांव के पुरवा शिवपुर में कविता देवी 36 पत्नी अमरेश कुमार सिंह रविवार को दिन में दस बजे घर के कमरे में साफ सफाई कर रही थी कि जहरीले सांप ने दाहिने पैर में काट लिया। इसके बाद परिजन गाजीपुर जिले के अमवा के सती स्थान पर ले गए कोई सुधार नहीं होने पर गाजीपुर जिले के बाराचवर में एक प्राइवेट क्लीनिक में इलाज कराएं इसके बाद फिर गाजीपुर जिला चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला के बच्चों का रोते रोते बुरा हाल है।

घर में घुसकर राड से युवक पर हमला, मुकदमा

नगरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के इन्दासो गांव में घर में घुसकर युवक पर लोहे की राड से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सोहन चौहान पुत्र रामशब्द चौहान, निवासी ग्राम पोस्ट इन्दासो, थाना नगरा ने थाना प्रभारी नगरा को दी गई तहरीर में बताया है कि वह अपने गांव के संदीप चौहान पुत्र कृष्णा चौहान व गोविन्द पुत्र शिवपाल चौहान के साथ शाम करीब 6 बजे परसिया चट्टी से घर जा रहे थे। तहरीर के अनुसार रास्ते में सोनू प्रसाद पुत्र उदयभान गौड़ ने उन्हें रोककर तू-तू मैं-मैं करने लगा। इसी बीच उसने मोबाइल से फोन करके विशाल यादव पुत्र राजमंगल यादव, ग्राम परसिया देवरही को बुलाया। आते ही वह गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित ने बताया कि रात करीब 10 बजे वह अपनी मां के साथ पुराने घर से खाना खाकर निर्माणाधीन हो रहे घर पर सोने जा रहा था। तभी आरोपियों ने घर में घुसकर लोहे की राड से अचानक हमला कर दिया। पीड़ित की मां ने हमला करने वालों की पहचान विशाल यादव पुत्र राजमंगल यादव, स्वप्नील यादव पुत्र लल्लन यादव व प्रदीप राजभर पुत्र प्रेम राजभर, निवासी गड़ परसिया (देवरही) एवं सोनू प्रसाद पुत्र उदयभान गौड़, निवासी ग्राम पोस्ट इन्दासो के रूप में की। थानाध्यक्ष संजय मिश्र ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार-बाइक की टक्कर में दो घायल

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के रतसर-टंडवा मार्ग पर धर्मपुरमठिया गांव के समीप मंगलवार को पेट्रोल पंप के पास कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, मुजही गांव निवासी विजय शंकर राजभर (20) पुत्र कन्हैया राजभर और नितेश कुमार (22) पुत्र दिनेश राजभर अपाचे बाइक से बलिया जा रहे थे। इसी दौरान टंडवा मोड़ की तरफ से आ रही कार से पेट्रोल पंप के मोड़ के पास उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

मकान की छत गिरने से मजदूर की मौत



बांसडीह (बलिया)। कोतवाली क्षेत्र के गोंडधप्पा गांव में सोमवार को दिन में छत की ढलाई की तैयारी के दौरान मकान की छत गिरने से 40 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई वही मकान मालिक की 21 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल युवती को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। गांव के विजय शंकर तिवारी के मकान की छत की ढलाई होनी थी। इसके लिए बगल की पुरानी छत पर गिट्टी, बालू और सीमेंट रखे गए थे। चार मजदूर छत पर मसाला मिला रहे थे, तभी ईंट की छत नीचे गिर गई। छत के मलबा में बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के दिउली गांव निवासी मजदूर जयराम पटेल व मकान मालिक की बेटी किरण तिवारी दब गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को मलबे से बाहर निकाला। ग्रामीण घायलों को सीएचसी बांसडीह ले गये जहां डाक्टरों ने जयराम पटेल को मृत घोषित कर दिया। घायल किरण तिवारी को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम बांसडीह पुष्कर मिश्र, सीओ बांसडीह जयशंकर मिश्र तथा प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने घटना की जानकारी लिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों के निर्देश पर जेसीबी से मलबा हटाया गया। पुलिस ने मलबे में अन्य लोगों के दबे होने की आशंका पर मोबाइल फोन से बाकी मजदूरों की जानकारी ली। पता चला कि हादसा के समय मौजूद तीन अन्य मजदूर सुरक्षित अपने घर पहुंच गए थे। पुलिस ने जयराम पटेल का शव पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल भेज दिया।

वाहन रोककर युवक से मारपीट, घर में घुसकर महिला को भी पीटा

बैरिया (बलिया)। रेवती थाना क्षेत्र के भोजछपरा सब्जी मंडी के पास आठ नवंबर की रात वाहन रोककर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसके बाद घर में घुसकर युवक और बीच-बचाव करने पहुंची महिला के साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने पांच नामजद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। हरिहा कलां निवासी रामबाबू यादव ने रेवती थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि आठ नवंबर की रात वह भोजछपरा चट्टी से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान भोजछपरा सब्जी मंडी के पास विशाल प्रसाद, नरहू प्रसाद, छठ्ठू प्रसाद, मुकेश प्रसाद और राकेश प्रसाद ने मेरा वाहन रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए वह गोरखनाथ के घर में भागे लेकिन वहां भी पहुंच गए और घर में घुसकर मारपीट करने लगे। आरोप है कि शोर सुनकर गोरखनाथ यादव की पत्नी बीच-बचाव करने पहुंचीं तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान महिला के कान का आभूषण और घर के बर्तन तोड़ दिए गए। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

रेलवे की अनुमति के इंतजार में अंडरग्राउंड केबल बदलने का काम अटका



बैरिया (बलिया)। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक के नीचे से गुजरी अंडरग्राउंड विद्युत केबल को बदलने का काम रेलवे प्रशासन की अनुमति नहीं मिलने से अटका हुआ है। इसके चलते क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने के साथ ही पेयजल और व्यावसायिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है।समस्या के समाधान के लिए मंडल रेल प्रबंधक,पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी को पत्र भेजकर रेलवे ट्रैक के नीचे से गुजरी क्षतिग्रस्त केबल बदलने की अनुमति देने की मांग की गई है। पत्र में बताया गया है कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के आसपास स्थित कई ग्राम पंचायतों की करीब दो लाख आबादी इस विद्युत व्यवस्था पर निर्भर है। अंडरग्राउंड केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। इसका असर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आटा चक्कियों,पेयजल टंकियों और अन्य जरूरी सुविधाओं पर पड़ रहा है। वहीं, विद्युत आपूर्ति बाधित होने से कोल्ड स्टोरेज में रखे आलू के खराब होने का भी खतरा उत्पन्न हो गया है। पत्रक देने वालों में अमरजीत गुप्ता, संतोष चौबे, प्रिंस सिंह, सूरज, दीपक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

बाइक की टक्कर से किशोरी घायल

नरहीं (बलिया)। दीपावली के दिन लक्ष्मणपुर चट्टी से लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति खरीद कर सायकिल से अपने घर जा रही अंशु कुमारी 15 साल को चार बाइक सवारों ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने सीएचसी नरहीं पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया, फिर वहां से बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। सरवनपुर के डेरा गांव निवासी रामजी यादव ने बताया कि मेरी पुत्री अंशु कुमारी दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजा के लिए सायकिल से लक्ष्मणपुर चट्टी पर लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति लेकर घर लौट रही थी कि लक्ष्मणपुर बड़का खेत पलिया खास मार्ग पर सायं चार बजे चार बाइक सवारों ने किशोरी को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट, १२ पर मुकदमा

बैरिया (बलिया)। बैरिया थाना क्षेत्र के मिश्र के मठिया गांव में रविवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के संबंध में मिश्र के मठिया निवासी लक्ष्मण यादव ने बैरिया थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि आठ नवंबर की रात करीब आठ बजे वह अपने परिवार के साथ घर में पूजा कर रहे थे। इसी दौरान गांव के अवधेश यादव, ललन यादव, मनीष यादव, अजय कुमार यादव, अनीश यादव, विशाल यादव, दूधनाथ यादव, राजदेव यादव, आशुतोष यादव, राजकुमार यादव, रंजू देवी तथा सिताबदियारा निवासी बिरबल उर्फ रिशु ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके और परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। मारपीट में लक्ष्मण यादव के अलावा उनके भाई मुन्नन यादव, भृगुनाथ यादव, दीनबंधु यादव, दीपक यादव, जयप्रकाश यादव, अजय यादव और विजय यादव समेत कई लोग घायल हो गए।

घर का ताला तोड़कर चोरी

रसड़ा (बलिया)। नगर के पुरानी मस्जिद स्थित एक नए मकान से दीपावली के रात्रि में अज्ञात चोरों ने कीमती समानों ने हाथ साफ किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस कार्यवाही में जुटी। पुरानी मस्जिद निवासी शफीक इकबाल ने पुलिस को दिये तहरीर में आरोप लगाया कि दीपावली की रात्रि मेरे नए मकान का ताला तोड़ कर मिक्सर मशीन एवं एक बक्सा उठा ले गये जिसमें कुछ कीमती समान थे।

एक नजर इधर भी

वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

रसड़ा (बलिया)। बलिया मार्ग स्थित पंडितपुरा-संवरा के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध हरिशंकर राम की मौत हो गई। पंडितपुरा-संवरा निवासी हरिशंकर राम 65 वर्ष पैदल ही मुख्य सड़क के रास्ते घर जा रहे थे कि सामने से आ रही किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मारते हुए भाग निकली। गंभीर रूप से घायल हरिशंकर राम को रसड़ा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

चारा काटते समय सांप ने डसा, पशुपालक की मौत

बैरिया (बलिया)। क्षेत्र के टोला शिवन राय निवासी जटुली यादव (50) की सोमवार को सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि जटुली यादव पशुपालन करते थे। सोमवार को वह पशुओं के लिए चारा काट रहे थे, तभी सांप ने उनके हाथ में डस लिया। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। वह परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी एवं भाजपा नेता सूर्यभान सिंह ने मृतक के परिजनों से मिलकर आर्थिक सहायता प्रदान की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

युवती ने फांसी लगाने का किया प्रयास

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में सोमवार को 26 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते परिजनों की नजर पड़ने से उसकी जान बच गई। परिजन उसे पीएचसी रतसर ले गए, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल और फिर मऊ रेफर कर दिया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। युवती अंजली अपने माता-पिता और भाई के साथ रहती है। बताया जा रहा है कि वह पढ़ाई में मेधावी थी और कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि युवती का पहले से इलाज चल रहा था। परिजनों ने किसी के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया है।

अलग-अलग सड़क हादसे में दो घायल

हल्दी (बलिया)। हल्दी थाना क्षेत्र में मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। पहली घटना दोपहर करीब एक बजे परसिया ढाला के पास हुई। बिहार के बक्सर जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के छोटका राजपुर निवासी गोरख पासवान पुत्र बबन पासवान बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार ने आगे जा रही ऑटो ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गोरख के सिर में गंभीर चोट आई। वहीं, दूसरी घटना दोपहर करीब तीन बजे बादिलपुर मोड़ पर हुई। बताया जाता है कि तीव्र मोड़ पर हल्दी की तरफ से जा रहे एक अज्ञात ट्रक के कारण बैरिया की ओर से आ रहे बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया। बाइक समेत सड़क किनारे गिरने से रामेश्वर टोला, शीताब दियारा, जयप्रकाश नगर, बैरिया निवासी मुन्नू सिंह (25) पुत्र शंकर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

फंदे पर लटका मिला किशोरी का शव

हल्दी (बलिया)। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के बिगही गांव में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की मौत हो गई। किशोरी की पहचान गांव निवासी रविकांत ठाकुर की पुत्री सलोनी कुमारी के रूप में हुई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर उपनिरीक्षक चौकी इंचार्ज सत्येंद्र चौधरी अपनी हमराहियों के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। परिजनों के अनुसार, सलोनी का शव घर के ऊपर बने एक कमरे में दुपट्टा का फंदा लगाकर लटका मिला। घटना के बाद पिता रविकांत ठाकुर ने बांसडीहरोड पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कुछ स्पष्ट होगा।

काजल को न्याय देने की मांग को लेकर टावर पर चढ़ा युवक

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के एकइल गांव में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब काजल गोंड को न्याय दिलाने की मांग को लेकर एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक टावर से पर्चियां फेंकने लगा, जिन पर लिखा था कि काजल गोंड को न्याय मिले। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 11 बजे पलटूपुर गांव निवासी उत्पल चौहान एकइल गांव में स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। उसे टावर पर चढ़ा देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पकड़ी पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे बाद युवक टावर से नीचे उतर आया। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि एक युवक एकइल में टावर पर चढ़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित नीचे उतरवाकर थाने ले आई। उससे पूछताछ की जा रही है। जिस मामले में युवक ने न्याय की मांग की है, उस मामले का मुख्य आरोपी पहले ही जेल में बंद है।

युवक का अपहरण कर दुकान में बंद करने का आरोप

नगरा (बलिया)। थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक का अपहरण किये जाने और दुकान में बंद कर देने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मनोज कुमार सिंह पुत्र हेराम सिंह, निवासी ग्राम फतेहसराय, थाना बरेसर, जनपद गाजीपुर ने थानाध्यक्ष नगरा को दी गई तहरीर में बताया है कि 9 नवंबर को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने मित्र राहुल सिंह व मनजीत सिंह के साथ अपनी ब्रेजा कार से गड़वार से नगरा होते हुए रसड़ा जा रहे थे। जब वह उदय वाटिका सोनापाली के पास पहुंचे, तभी काले रंग की क्रेटा कार व बाइक से आए निलेश राय पुत्र अजय राय, निवासी फरसरा बुजुर्ग, थाना दोहरीघाट, जनपद मऊ ने अपने साथियों दीनदयाल राजभर, पंकज राजभर, अमन राय, बाबू कुमार, विनय के साथ उनकी गाड़ी को रोक लिया। आरोपियों ने उसे जबरदस्ती अपनी क्रेटा में बैठा लिया और इन्दारा ले गए। वहां उसे एक दुकान में बंद करके रख दिया गया। पीड़ित किसी तरह वहां से भाग निकलने में सफल रहे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर युवक की पिटाई

भीमपुरा (बलिया)। भीमपुरा थाना क्षेत्र के बाजार में एक युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किए जाने का मामला सामने आया है। पानी की बोतल लेने के दौरान शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी जाति पूछी और जाति बताने के बाद जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ मारपीट की। साथ ही उसका मोबाइल फोन भी छीनने का आरोप लगाया गया है। रसिदपुर क्षेत्र के कुशलहा गांव निवासी गुलशन कुमार पुत्र नंदलाल प्रसाद ने भीमपुरा थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 8 नवंबर की रात वह भीमपुरा बाजार से अपने घर लौट रहा था। तभी सतिश यादव, आदित्य, अंश और सतेंद्र नामक युवकों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई।

इंक्रेडिबल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना दीपावली

सिकंदरपुर (बलिया)। क्षेत्र के लिलकर स्थित इंक्रेडिबल पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रंगोली व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के अयोध्या आगमन पर आधारित आकर्षक झांकियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। विद्यालय परिसर में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता के प्री-प्राइमरी वर्ग में यूकेजी 'अ' ने प्रथम, यूकेजी 'ब' ने द्वितीय और एलकेजी 'अ' ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी वर्ग में कक्षा तीन 'ब' प्रथम, कक्षा पांच 'ब' द्वितीय तथा कक्षा तीन 'अ' तृतीय स्थान पर रही। मिडिल वर्ग में कक्षा आठ फाउंडेशन ने प्रथम, कक्षा छह 'ए' ने द्वितीय, जबकि कक्षा छह फाउंडेशन और कक्षा सात 'बी' ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के अध्यक्ष धनंजय मिश्रा, प्रबंधक अजय कुमार मिश्रा, अंकित श्रीवास्तव, बिंदा, पूनम, सीता, उपप्रधानाचार्य राजेश तिवारी, योगेश तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, मिथिलेश यादव, गौरव केसरी आदि मौजूद रहे।



आग से घर का लाखों का सामान राख

बेरुआरबारी (बलिया)। सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर में रविवार की रात बिजली मीटर में अचानक आग लगने से घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से कपड़े, चारपाई, कूलर, चावल का डिब्बा, फ्रिज सहित घर का अन्य सामान जल गया। शिवपुर निवासी जितेंद्र चौहान अपनी पत्नी के साथ इस घर में रहते हैं। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। जितेंद्र चौहान बाहर कमाने गए हैं, जबकि उनकी पत्नी अपने मायके गई हुई थीं। बिजली मीटर में अचानक आग लग गई, जिसने घर के सामान को अपनी चपेट में ले लिया। प्रेमचंद चौहान ने बताया कि बिजली मीटर में आग लगने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

आस्था, परंपरा के साथ मना गोवर्धन पूजा



बलिया। गोवर्धन पूजा पर सोमवार को शहर सहित ग्रामीण अंचलों में आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। गांवों में घर-घर के दरवाजों पर गोबर से गोवर्धन भगवान की आकृति बनाकर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन किया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच गोवर्धन की कुटाई की रस्म निभाई गई। चूड़ा-मिठाई का भोग लगाकर महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। सुबह से ही गांवों में गोवर्धन पूजा की तैयारियां शुरू हो गई थीं। महिलाओं ने घरों के दरवाजों पर गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति तैयार कर उसे फूलों और पूजन सामग्री से सजाया। इसके बाद दीप, धूप, अक्षत और चूड़ा-मिठाई अर्पित कर पूजा-अर्चना की। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार महिलाओं ने गोवर्धन की कुटाई की रस्म भी निभाई। इस दौरान लोकगीतों से ग्रामीण परिवेश भक्तिमय बना रहा। धार्मिक मान्यता के अनुसार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों और उनके पशुधन की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठा लिया था। इसके बाद से गोवर्धन पूजा की परंपरा शुरू हुई। इस दिन गोवर्धन पर्वत के साथ गाय और बैलों की पूजा भी की जाती है। इसका उद्देश्य प्रकृति, कृषि, पशुधन और अन्न के महत्व को सम्मान देना है।

नाथ बाबा पोखरे में डूबा युवक, तलाश जारी



खेजुरी (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बाजार स्थित नाथ बाबा पोखरे में मंगलवार को अपराह्न करीब तीन बजे एक 40 वर्षीय युवक डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते पोखरे के किनारे ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय तैराकों और गोताखोरों की मदद से पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कराई, लेकिन शाम छह बजे तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका था। एसएचओ सुशील कुमार दुबे ने बताया कि खेजुरी निवासी महेश राजभर (40) पुत्र अलगू राजभर पोखरे में नहाने के लिए उतरा था। कुछ देर बाद वह अचानक पानी में लापता हो गया। मंगलवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण पोखरे के आसपास सब्जी की दुकानें लगी थीं और ग्राहकों की भीड़ भी मौजूद थी। इसके बावजूद किसी को युवक के डूबने की भनक तक नहीं लगी। कुछ देर बाद लोगों की नजर पोखरे के किनारे पड़े उसके कपड़ों पर पड़ी। आसपास तलाश करने पर महेश दिखाई नहीं दिया तो लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही खेजुरी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय तैराकों व गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया। करीब तीन घंटे तक चले प्रयास के बावजूद युवक का पता नहीं चल सका। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

रेलवे ट्रैक के किनारे मिला किशोर का शव

बैरिया (बलिया)। बैरिया थाना क्षेत्र के गोन्हिया छपरा गांव में सोमवार की सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे 17 वर्षीय किशोर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव रामपुर ढाला स्थित हनुमान मंदिर के पास मिला। मृतक की पहचान गोन्हिया छपरा निवासी सुनील कुमार सिंह के पुत्र बुचन सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि किशोर के माता-पिता बाहर रहते हैं। गांव में उसके करीब 80 वर्षीय बाबा बाबूधन सिंह और 22 वर्षीय भाई सौरभ सिंह रहते हैं। सूचना पर पहुंची बैरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मृतक के शव पर दावेदारी को लेकर परिवारजनों ने किया बवाल

पुलिस ने कड़ी मशक्कत से स्थिति संभाली

चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरनपट्टी में रविवार को दिलीप राजभर ५० वर्ष की मौत हो गयी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भेज दिया था। पुलिस ने सोमवार मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उसके पुत्र प्रदीप राजभर को सौंप दिया। लेकिन वह शव लेकर घर नहीं लौटा। इधर मृतक की मां धनदेई देवी व परिजनों ने घर पर मृतक के अन्तिम संस्कार हेतु लकड़ी व अन्य सामान इकट्ठा कर शव का इन्तजार कर रहे थे। दोपहर बाद तीन बजे मृतक के आरोपी पुत्र को पुलिस द्वारा शव सौंपे जाने की जानकारी हुई तो परिजन नाराज़ हो गये और दर्जनों की संख्या में एकत्रित हो कर नारेबाजी करते हुए बवाल शुरू कर दी। कुछ लोगों ने मृतक की आरोपी पत्नी बसन्ती देवी सहित सभीं आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुये उसके दरवाजे पर पहुंच कर घर का दरवाजा सीसी टीवी कैमरा एसी,वाशिंग मशीन को तोड़ दिया। मृतक की आरोपी पत्नी बसन्ती देवी अपनी पुत्र बधू, दो पुत्रियों व बहन के साथ घर में ही मौजूद रहीं। भीड़ ने सड़क पर चक्का जाम करने का प्रयास किया। इसी दौरान किसी ने इसकी सूचना चौबेपुर पुलिस को दी। जानकारी होते ही थाना प्रभारी चौबेपुर अनिल कुमार शर्मा बड़ी संख्या में पुलिस और ग्राम प्रधान राजेश उपाध्याय को सहयोग के लिए पुलिस लेकर मौके पर पहुंच गये और चक्का जाम करने से रोक दिया। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण नारेबाजी करते रहे। इसी बीच आरोपी के घर से धुआं निकलता देख थाना प्रभारी महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद आरोपियों के पास पहुंचे। उस समय बसन्ती देवी की बहन के कपड़ों में आग लग चुकी थी। थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए उसके उपर कपड़ा डाल दिया। आग आगे बढ़ने से रोक दिया। बाद मे महिला पुलिस कर्मियों ने उसका कपड़ा बदलवाया। थाना प्रभारी चौबेपुर ने बसन्ती देवी के साथ उसकी पुत्र बधू, पुत्रियों व बहन को पुलिस जीप में बैठाकर थाने भेज दिया। थोड़ी ही देर में मौके पर एसीपी सारनाथ विनय कुमार द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक चोलापुर सधुवन राम थानाध्यक्ष सारनाथ पंकज त्रिपाठी मौके पर पहुंच गये। हालात को देखते हुए एक बटालियन पीएसी व फायरबिग्रेड के साथ अग्निशमन दल भी मौके पर पहुंच गया।

एक नजर इधर भी

मिर्जामुराद में अवैध वसूली के आरोप में दरोगा से भिड़े कंटेनर चालक और परिचालक, मुकदमा दर्ज

मिर्जामुराद। क्षेत्र के रखौना रिंग रोड के पास बीते रविवार को शाम नेशनल हाईवे-१९ पर चालान को लेकर दरोगा और कंटेनर चालक के बीच विवाद हो गया था। कहासुनी के बाद मारपीट की नौबत आ गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने कंटेनर नंबर के आधार पर अज्ञात चालक और परिचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है। चालक का आरोप है कि वह हाईवे किनारे कंटेनर खड़ा कर खरीदारी करने गया था। इसी दौरान दरोगा और सिपाही ने चालान के नाम पर रुपये मांगे, विरोध करने पर कहासुनी हुई। आरोप है कि दरोगा ने उसे थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद वह लोहे का रम्मा लेकर पहुंच गया। वायरल वीडियो में पुलिसकर्मियों और चालक के बीच हाथापाई होती दिखाई दे रही है। खलासी के हाथ में भी लोहे की रॉड नजर आ रही है। वहीं, उपनिरीक्षक अतुल कुमार शुक्ल के तहरीर के मुताबिक, हाईवे पर खड़े कंटेनर से यातायात बाधित हो रहा था। चालक के नहीं मिलने पर चालान किया गया। बाद में चालक और खलासी ने पहुंचकर गाली-गलौज की और लोहे की रॉड से पुलिसकर्मियों पर हमला करने का प्रयास किया। इसके बाद दोनों कंटेनर लेकर भाग निकले। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा के अनुसार पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिर्जामुराद में युवक की संदिग्ध मौत, पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर हत्या का आरोप, ग्रामीणों ने थाना घेरा

मिर्जामुराद। क्षेत्र के खगरामपुर गांव निवासी दीपक चौहान (३८ वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों ने मिर्जामुराद थाने का घेराव किया। मृतक के पिता समेत दर्जनों ग्रामीणों ने पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी और कारवाई की मांग की। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा द्वारा निष्पक्ष जांच और कारवाई के आश्वासन पर करीब एक घंटे बाद परिजन और ग्रामीण घर को लौट गये। मृतक के पिता त्रिवेणी चौहान का आरोप है कि दीपक की पत्नी का गांव के ही एक युवक से कथित संबंध था। इसे लेकर दीपक परेशान रहता था। परिजनों ने आशंका जतायी कि पत्नी और उसके कथित प्रेमी ने उसे जहरीला पदार्थ दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। बताया कि दीपक दूसरे प्रदेशों में कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूरी करता था। दीपावली त्योहार मनाने ओडिशा से घर लौटा था। बीते गुरुवार शाम बाजार जाते समय रास्ते में अचानक अचेत होकर गिर पड़ा। परिजन उसे अस्पताल ले गये जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दीपक दो भाइयों में बड़ा था। उसकी १४ वर्षीय बेटी है। उसके मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

शराब पीने से मना करने पर मारपीट कर किया घायल

रोहनिया। अनिशा पत्नी खुर्शीद निवासी बनकट लोहता की रहने वाली है। मेरा भाई सुनील निवासी नगर पंचायत गंगापुर एक पोखरा लिया है जिसमे मछली पालन का काम करता है। चार दिन पहले अयान खान अपने कुछ साथियों के साथ पोखरे पर लगा मड़ई पर आये और शराब पीने लगे तब मेरे भाई ने मना कर दिया और उनको वहा से भगा दिया। जब मेरा भाई अपने पोखरे से अपने घर आ रहा था रास्ते में अयान खान अपने चार साथियों के साथ पूर्व में हुए विवाद को लेकर रोक लिया और गाली गलौज देते हुए मारे पीटे और अयान खान ने मेरी भाई के पीठ में चाकू मार दिया मेरा भाई अपने आपको बचा कर भागा पर टैम्पू स्टैण्ड के पास शहबाज के दुकान पर गया और बताया कि तुम्हारे गांव के लड़के और तुम्हारा भतीजा अयान खान मुझे बिना बेवजह मारा तभी शहबाज, अरबाज, जावेद निवासी आहोपुर जन्सा गाली गलौज देते हुए मेरे भाई सुनील को मारे पीटे और धमकी दिए कि अगर कही शिकायत करोगें, तो जान से मार दूंगा। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

रोहनिया में ट्रैक्टर चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश

रोहनिया। पुष्पा सिंह पत्नी मनोज कुमार सिंह निवासी घमापुर मेरे पति मनोज कुमार सिंह के ऊपर ट्रेक्टर चढ़ाकर जान से मारने की कोशिस की गयी। इस घटान के दौरान जान तो बच गया लेकिन मेरे पति के पैरो में गम्भीर चोट आयी है। विपक्षी नाम मुकेश कुमार सिंह, संजय सिंह उर्फ कल्लू, शिव बहादुर सिंह, इस घटना को तीनों लोगों ने मिलकर अंजाम दिया जिसकी विडियो मेरे पास है। जिसमें मुख्य आरोपी मुकेश कुमार सिंह इन्होंने दूसरी बार मेरे पति को जान से मारने की कोशिश की है। मुकेश कुमार सोमवार को तीसरी बार हमला किया जिसकी वजह से मेरे पति ट्रामा सेन्टर में इलाज करा रहे है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

सरसौल गंगा पुल से युवक ने गंगा में छलांग लगाकर की खुदखुशी

चौबेपुर क्षेत्र के सरसौल बलुआ गंगा पुल से सोमवार की दोपहर करीब एक बजे ४२ वर्षीय सुशील कुमार चौबे उर्फ टिप्पू ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में अथक प्रयास के बाद शव को बाहर निकाला सुशील कुमार चौबे चंदौली जिले के बलुआ थाना क्षेत्र की मारूफपुर पुलिस चौकी अंतर्गत पट्टी गांव के निवासी थे। वह स्वर्गीय राम अवतार चौबे के इकलौते पुत्र थे। परिवार में मां गिरिजा देवी, पत्नी रिंकी चौबे, पुत्र शिवम और पुत्री पिक्कू हैं। उनकी दो बहनों की शादी हो चुकी है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। उधर, घटना के बाद बलुआ घाट पर ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ जुट गयी। एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर लगातार नदी में तलाश करते रहे। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया गया। देर शाम तक एनडीआरएफ की टीम ने शव को गंगा से बाहर निकाला और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिया भेज दिया।

रोहनिया गोदाम में आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक

रोहनिया। दरेखू स्थित गोदाम में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार सिगरा निवासी अनूप सिंह का शिया इंटर प्राइजेज का दरेखू में गोदाम है, जिसमें सेनेटरी पैड, डायपर सहित अन्य सामान रखा था। रविवार



की रात में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। धुआं उठता देख बगल के गोदाम के गार्ड ने फोन पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मोहनसराय देवेंद्र दुबे ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने जेसीबी से दीवार को तोड़कर आग पर काबू पाया, तब तक पूरा सामान जलकर खाक हो गया था। अनूप सिंह ने बताया कि लगभग ४० लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

कपसेठी में तीन तालाबों से १४ लाख की मछलियां चोरी

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के चकलोला गांव में रविवार की देर रात मछली चोरी की बड़ी घटना सामने आयी है। गांव निवासी अनुपम कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कपसेठी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर तीन तालाबों से करीब १४ लाख रुपये की मछलियां चोरी किये जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, उनके घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित तीन तालाबों में उन्होंने मछलियां पाल रखी थीं। रविवार की देर रात करीब छह नकाबपोश चोर तालाबों पर पहुंचे। आरोप है कि चोरों ने वहां लगे हाइड्रोजन बल्ब और सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया। इसके बाद मछली पकड़ने वाला जाल डालकर बड़ी संख्या में मछलियां पकड़ लीं और लेकर फरार हो गये। अनुपम कुमार सिंह का दावा है कि चोरी हुई मछलियों की कीमत करीब १४ लाख रुपये है। उन्होंने प्रार्थना पत्र में गांव के ही अंकित यादव और नितिन यादव पर घटना में संलिप्त होने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस तहरीर के आधार पर कारवाई में जुटी हुई है।

सारनाथ में गुमशुदा १३ मोबाइल फोन बरामद, स्वामियों को किया गया सुपुर्द

पुलिस आयुक्त निर्देशन में गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, सारनाथ पुलिस ने अपको / सीयर पोर्टल एवं ऑफलाइन प्रार्थना पत्रों के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर गुम हुए कुल १३ अदद मोबाइल फोन को बरामद किया गया। बरामद मोबाइल फोनों को सत्यापन के उपरांत उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम सारनाथ थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह, क.आ. संदीप कुमार वर्मा और आरक्षी सुनील गुप्त आदि शामिल रहे।

पूर्व एमएलसी के निर्माणाधीन मकान में चोरी

चितईपुर थाना क्षेत्र के महामना पूरी कॉलोनी में पूर्व एमएलसी डॉक्टर वीणा पांडेय के निर्माणाधीन मकान में चोरों ने गत माह रात चोर घुस गये। चोरों ने भूतल और प्रथम तल पर लगे बिजली का तार और उपकरण उठा ले गये। चोरी गये बिजली उपकरण की कीमत नौ लाख रुपये बताया गया। पुलिस डॉक्टर वीणा पांडेय की शिकायत पर केस दर्ज किया। आरोप है कि इसके पहले बीते मई और जनवरी में उक्त मकान में चोरी हुई थी।

घर के पास जुआ खेलने पर मना किया, तो मनबढ़ों ने चार लोगों को पीटा

लोहता। थाना क्षेत्र के कोरऊत बाजार में सोमवार को मनीष केसरी के घर के पास कुछ लोग ताश के पत्ती पर जुआ खेल रहे थे। मनीष के पिता भोनू केसरी, ने जुआ खेलने वालों को मना किया, तो मनबढ़ों ने भोनू एवं सोनू, गोपी केसरी को लाठी डंडे से पिटाई कर दिये मनीष की तहरीर पर थाने में सुनील यादव, सुरेश यादव, कैलाश यादव, रमेश यादव के खिलाफ धारा ११५(२), ३५२, ३५१ के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिविजन), मीरजापुर
वाद संख्या 1084 सन् 2025

मुन्ना लाल मिश्रा उम्र लगभग80 वर्ष पुत्र स्व. शिवजगत मिश्रा निवासी मोहल्ला पीली कोठी स्टेशन रोड मीरजापुर। हाल पता ग्रा. भटेवरा पोस्ट कलना तप्पा 96 परगना कंतित तहसील सदर जिला मीरजापुर ...वादी

बनाम 1 संजय तिवारी उम्र लगभग 55 वर्ष 2. राजीव तिवारी उम्र लगभग 53 वर्ष 3. पवन तिवारी उम्र लगभग 50 वर्ष 4 राजन तिवारी उम्र लगभग 48 वर्ष सभी पुत्रगण स्व. विद्याशंकर तिवारी पता निवासीगण ग्रा. बरौंधा तप्पा 84 परगना कंतित तह. सदर जिला मीरजापुर।

ता. पेशी 12.11.2026

आपको हुक्म होता है कि नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयम् या जरिये अधिवक्ता अपना पक्ष रखे।

आज्ञा से न्यायाधीश

सूचना

सेवानिवृत्ति हवलदार अवधेश नारायण सिंह आर्मी नंबर 02978 419। मेरे सर्विस बुक में मेरी पत्नी पुष्पा देवी का जन्म तिथि 30 जून 1964 है जो गलत है सही जन्मतिथि 30 जून 1969 है सही जन्मतिथि मेरे रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए **अवधेश नारायण सिंह** पुत्र स्वर्गीय छविनाथ सिंह ग्राम इटहरा लीलापुर पोस्ट व थाना करंडा जिला गाजीपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना अलीनगर जनपद चन्दौली में दिनांक 17.11.2026 को सुबह 8.00 बजे से वाहनों की नीलामी रखी गयी है नीलामी में प्रतिभाग करने वाले 25 प्रतिशत अग्रिम धनराशि के साथ अलीनगर पर पहुंच कर प्रतिभाग कर सकते है।

प्रभारी निरीक्षक
थाना अलीनगर
जनपद-चन्दौली

लापता

मेरा छोटा भाई **मुरारी लाल वर्मा,** मुन्दबुद्धि, हुलिया-लम्बाई- 5 फीट, रंग- गहरा सांवला, स्लेटी (ग्रे) कलर का शर्ट पैन्ट पहने हुए है दिनांक 24 अक्टूबर 2026 को सायं 5 बजे से लापता है, इनके बार में निम्नलिखित मो.नं. **7905223959** पर सूचित करें।

महेश प्रसाद वर्मा, वास्ते- समृद्धि एग्रो इनपुट, अनमोल भवन, चन्दुआ सट्टी वाराणसी

वर्गीकृत विज्ञापन आज

सूचना

सूचना-मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2144860 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216661237 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **दीपक सरोज** पुत्र रिखई सरोज ग्राम व पो0- कलन्दरपुर, बैराडीहा उर्फ गंभीरपुर, आजमगढ़ उ0 प्र0

आवश्यकता है

कुंवरपुर टोलप्लाजा हेतु सुरक्षा रक्षक की आवश्यकता केवल भूतपूर्व सैनिक E&-Army Personal) आवेदन करें। **अशोक तिवारी का मो.नं.- 9621853500** कार्यस्थल कुंवरपुर टोलप्लाजा, मछलीशहर, जौनपुर (उ.प्र.), **फर्म -मैसर्स -सुरेन्द्र कुमार शुक्ला**

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय ग्राम पंचायत मंगरहा, विकास खण्ड-सीखड़ मीरजापुर

निविदा संख्या-12/पंचा./पं.उ.भ.नि. पत्रा./2026-27/ दिनांक 10.11.26

सार्वजनिक निविदा सूचना

विकास खंड सीखड़ के ग्राम पंचायत-मंगरहा में पंचायत उत्सव भवन निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित। महत्वपूर्ण तिथियाँ निविदा प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 22.11.2026 तक।

क्र. सं.	कराये जाने वाले कार्य का नाम	कार्य की स्वीकृत धनराशि	05 प्रतिशत धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान	ठेकेदार का पंजीकरण श्रेणी
1.	ग्राम पंचायत-मंगरहा, में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कार्य	141.00 लाख (02 प्रतिशत कंसल्टिंग चार्ज समस्त कर व GST सहित)	5,85,750.00 (पांच लाख पचासी हजार सात सौ पचास मात्र)	रू.2000+300+T.T (2714.00)	06 माह (कार्यादेश जारी होने की तिथि से	ग्राम पंचायत कार्यालय, मंगरहा, विकास खण्ड सीखड़ जनपद-मीरजापुर	ए.बी

निविदा संबंधी पूर्ण विवरण, निविदा फॉर्म एवं संबंधित दस्तावेज ग्राम पंचायत कार्यालय, मंगरहा, विकास खण्ड सीखड़ जनपद मीरजापुर से निविदा प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 22.11.2026 समय प्रात: 10 बजे से समय सायं 05 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किया जा सकता है अथवा मीरजापुर की ऑफिसियल वेबसाइट mirzapur.nic.in पर जा कर डाउनलोड किया जा सकता है।

1. सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कार्यालय, विकास खंड-सीखड़ मीरजापुर। श्री अरूण मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), मोबाइल नंबर-9794142832
2. पंचायत सचिवालय, ग्राम पंचायत मंगरहा विकास खण्ड सीखड़ मीरजापुर श्री सत्येन्द्र कुमार यादव सचिव ग्राम पंचायत मंगरहा मोबाइल नंम्बर 9140225132

सामान्य निर्देश-निविदाएं दो अलग-अलग सीलबन्द लिफाफों (तकनीकी एवं वित्तीय) में जमा की जाएंगी। निविदा जमा करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्व- साक्षरित प्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य है। सम्पूर्ण विवरण हेतु मूल निविदा सूचना कार्यालय से प्राप्त करें।

(सत्येन्द्र कुमार यादव)
सचिव-ग्राम. पं. मंगरहा,
विकास खण्ड -सीखड़ मीरजापुर

(श्री महिपाल सिंह)
प्रधान/प्रशासक, ग्राम पं. मंगरहा,
विकास खण्ड -सीखड़, मीरजापुर

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भदौरा, गाजीपुर

पत्रांक: 806/लेखा/ई-निविदा/2026.27 दिनांक: 10/11/2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, गाजीपुर के कार्यालय पत्रांक संख्या 5500/पंचायत/क्षे0पं0-का0यो0/2026-27 दिनांक 06/11/2026 जो जिलाधिकारी महोदय गाजीपुर द्वारा दिनांक 06/11/2026 को स्वीकृत हुआ है, के क्रम में क्षेत्र पंचायत भदौरा, गाजीपुर द्वारा प्रस्तावित वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्यो को कराये जानें हेतु ई-निविदा दिनांक 12/11/2026 को ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर सम्पूर्ण विवरण, नियम व शर्तो के सहित देखा जा सकता है।

1. निविदा हेतु क्षेत्र पंचायत भदौरा गाजीपुर के पंजीकृत ठेकेदार/फर्म ही अधिकृत होगे।
2. निविदा आमंत्रण दिनांक 12/11/2026
3. डाउनलोड - अपलोड दिनांक 12/11/2026 से दिनांक 23/11/2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक।
4. निविदा की टेक्निकल/फाइनेन्सियल बीड खोलने की तिथि 23/11/2026 को अपरान्ह 03.00 बजे।

खण्ड विकास अधिकारी
भदौरा, गाजीपुर।

कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
नवीन मण्डी स्थल (नीवी) बेलइसा आजमगढ़ 276001
ई-मेल-mpnirmarn@gmail.com

ई-निविदा शुद्धि पत्र सूचना

इस कार्यालय पत्राक नि0आ0/निविदा/2026-670 दिनांक: 28.10.2026 के द्वारा दिनाक 13.11.2026 को आमत्रित ई-निविदाओं में से क्रमांक: 06 से 22 तक ई-निविदाएं अपरिहार्य कारणोवश टू बिड सिस्टम द्वारा (तकनीकी एवं वित्तीय बिड) ई-टेण्डरिंग के माध्यम से अब दिनांक: 17.11.2026 को आमंत्रित की जाती है। इं-टेण्डर के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनाक 17 11.2026 के अपरान्ह 2.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यों की निविदायें ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक: 17.11.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे से कार्यालय में खोली जायेगी। तकनीकी बिड बैध पाये जाने पर वित्तीय बिड खोली जायेगी। शेष नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, आजमगढ़

पत्रांक- नि0आ0/निविदा/2026- 706 दिनांक- 10.11.202.6

संस्था जय जवान जय किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरथरा चुमकुनी चौबेपुर, वाराणसी ग्राम बरथरा, पोस्ट चौबेपुर, तहसील व जिला वाराणसी के साधारण सभा के 13 सदस्यीय अन्तिम एवं वैध सदस्यता सूची-

क्र.सं.	नाम	पता
1	श्री लालचन्द प्रसाद	ग्राम सोनही बर्थरा, पोस्ट बर्थराखुर्द, वाराणसी
2	श्री जमेदार मौर्य	ग्राम गरथौली (अनेवा), पो. चौबेपुर, वाराणसी
3.	श्री नान्हू राम	ग्राम चुमकुनी पोस्ट हड़ियाडीह, वाराणसी
4.	श्री संकठा प्रसाद सिंह	ग्राम व पोस्ट धौरहरा, वाराणसी
5.	श्री घनश्याम सेठ	ग्राम व पोस्ट चौबेपुर, वाराणसी
6.	श्री रामचन्द्र पटेल	ग्राम व पोस्ट मुनारी, वाराणसी
7.	श्री मेवा राम	ग्राम व पोस्ट चौबेपुर, वाराणसी
8.	श्री रामबदन यादव	ग्राम चुमकुनी हड़ियाडीह, वाराणसी
9.	श्री कैलाश नाथ यादव	ग्राम भगवानपुर खाता पर पोस्ट धौरहरा, वाराणसी
10.	श्री रामबृक्ष	ग्राम चुमकुनी पोस्ट हड़ियाडीह, वाराणसी
11.	श्री रामबली	ग्राम चुमकुनी पोस्ट हड़ियाडीह, वाराणसी
12.	श्रीराम	ग्राम धौरहरा, धौरहरा, जिला वाराणसी
13.	श्री राम प्रसाद	052, परानापुर चौबेपुर, वाराणसी

संस्था:- संस्था जय जवान जय किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरथरा चुमकुनी चौबेपुर, वाराणसी ग्राम बरथरा, पोस्ट चौबेपुर, तहसील व जिला वाराणसी के प्रबन्ध समिति के चुनाव कराये जाने हेतु

चुनाव कार्यक्रम

क्र.सं.	निर्धारित कार्यक्रम	दिनांक	समय
1.	नामांकन पत्रों का विवरण	21.11.2026	11.00 बजे से 11.30 बजे तक
2.	नामांकन पत्रों को जमा किया जाना	21.11.2026	11.30 बजे से 12.00 बजे तक
3.	नामांकन पत्रों की जाँच	21.11.2026	12.00 बजे से 12.30 बजे तक
4.	नामांकन पत्रों की वापसी	21.11.2026	12.30 बजे से 01.00 बजे तक
5.	वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन	21.11.2026	01.00 बजे से 01.30 बजे तक
6.	मतदान	21.11.2026	01.30 बजे से 02.00 बजे तक
7.	मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा	21.11.2026	02.00 बजे से चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक

नोट-
1. समस्त चुनाव प्रक्रिया कार्यालय सहायक निबन्धक, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, हुकुलगंज वाराणसी पर निष्पादित की जायेगी।
2. निर्वाचन कार्यक्रम नोटिस बोर्ड पर चस्पा
3. नामांकन शुल्क प्रबन्धक व अध्यक्ष पद हेतु रू. 10,000/-प्रति
4. नामांकन शुल्क उपाध्यक्ष, उपप्रबन्धक एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु रू. 7500/-प्रति।
5. नामांकन अन्य सदस्यों हेतु रू. 5000/-प्रति।
6. उपरोक्त चुनाव कार्यक्रम के बिन्दु संख्या 01 से 07 तक की कार्यवाही क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्टार फर्म्स, सोसायटीज एवं चिट्स वाराणसी मण्डल, वाराणसी पर सम्पन्न होगें। मतदान के समय मतदाता को अपने-अपने परिचय पत्र, जो निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किये गये हैं, आवश्यक रूप से लाना है।

सहायक निबन्धक
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
वाराणसी मण्डल, वाराणसी

सम्मन वगरज तनकीह तलब
न्यायालय सिविल जज जू०डी०, कक्ष सं.-१ मुहम्मदाबाद, जिला गाजीपुर
मूलवाद सं.-३२०/२०२५
शिवानन्द गुप्ता
बनाम
रीता गुप्ता आदि

बनाम-प्रीति गुप्ता पत्नी विकास नरायन गुप्ता निवासी अनक्यू बिल्डिंग आर.एन. सिंहा रोड, दार्जिलिंग पुल बाजार, दार्जिलिंग बेस्ट बंगाल।

हरगाह वादी ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है जिसमें आपको सूचना दिया जाता है कि तारीख पेशी दिनांक ०४.१२.२०२६ ई. वास्ते जबावदेही व तनकीह पर दिन में १० बजे खुद या मार्फत वकील के हाजिर अदालत होकर मुकदमें में जबावदेही दावा दाखिल करें। वरना आपकी अनुपस्थिति में मुकदमे की कार्यवाही आपके खिलाफ एकतरफा समायत होगी।

आज दिनांक को जारी

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०,चन्दौली

पत्रांक-4126/4ए दिनांक-14.11.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
विधानसभा-सैयदराजा											
1	चन्दौली	जनपद चन्दौली में ग्रामसभा धानापुर महुजी मार्ग अगहर नाला पर पहुंच मार्ग के लघु सेतु के मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य।	30.50	3.05	945.00	2 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B,C,D

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 20.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 20.11.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 20.11.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में आनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इं0 राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

उ.प्र.-260775
दिनांक-10.11.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांक-3650 /4ए दिनांक- 17.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1- इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनॉक 14.11.2026 से दिनॉक 19.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनॉक 19.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
स्वीकृति के प्रत्याशा में विशेष मरम्मत के कार्य (बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	बलिया	ग्राम पंचायत सचिवालय विशुनपुरा से प्राथमिक विद्यालय रामपुर घाटमपुर होते हुए पंचायत भवन तक मार्ग	30.55	3.06	945.00	2 Month	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए.बी.सी.डी.
2	बलिया	कम्पोजिट विद्यालय पटखौली से गोड़वली तक मार्ग	19.57	1.96	945.00	2 Month				
3	बलिया	घाटमपुर मोड़ से काशीनाथ तिवारी के घर से पंचायत भवन होते हुए महेन्द्रा ढाला तक मार्ग	33.00	3.30	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
4	बलिया	बड़की मुड़ियारी बजरंग ठाकुर के घर से दह मुड़ियारी मुकाम मौजा बिन्द टोला तक मार्ग	30.85	3.09	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
5	बलिया	बांसडीह मनियर मार्ग से तिवारी टोला होते हुए बंगला प्राइमरी पाठशाला तक मार्ग	26.76	2.68	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
6	बलिया	मनियर बड़ागाव मार्ग से ग्राम दिघेड़ा उमेश राम के घर तक मार्ग	20.42	2.04	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
7	बलिया	सुल्तानपुर घोघा मार्ग से रूकुनपुरा प्राथमिक विद्यालय तक मार्ग	27.43	2.74	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
8	बलिया	लोहटा मनियर बड़ागाव बेरूआरबारी मार्ग से चौरकैण्ड मल्हौवा तक मार्ग	22.25	2.23	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.-260783
दिनांक-10.11.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

ढहा कच्चा मकान , पिता, बेटी समेत तीन की मौत

सिंगरौली। जिले में एक हृदयविदारक हादसे में कच्चे मकान के ढहने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में 36 वर्षीय अरुण विश्वकर्मा, उनकी दो वर्षीय मासूम बेटी पुष्पा और 65 वर्षीय मां संतुलिया देवी शामिल हैं। हादसे में परिवार के पांच अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार रात करीब 9 नवंबर को कोतवाली थाना क्षेत्र के बरहपान गांव के जलहथनी टोला की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार परिवार के सभी सदस्य रात में भोजन करने के बाद घर के अंदर सो रहे थे। इसी दौरान अचानक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। मकान के मलबे में परिवार के सदस्य दब गए। बताया जाता है कि मकान की एक दीवार पहले से फटी हुई थी और उसमें से आवाज भी आ रही थी। दीवार की स्थिति देखकर मकान गिरने की आशंका थी, लेकिन परिवार कुछ समझ पाता, उससे पहले ही पूरा मकान ढह गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। ग्रामीणों और प्रशासन की संयुक्त मशक्कत के बाद रात करीब एक बजे तक मलबे में दबे मृतकों और घायलों को बाहर निकाल लिया गया।

मकान की दीवार पहले से ही थी फटी

पांच लोग घायल, रात एक बजे तक चला रेस्क्यू आपरेशन

पत्नी और बच्चों समेत पांच लोग घायल

हादसे में मृतक अरुण की पत्नी बेलामती विश्वकर्मा, पिता सुदर्शन विश्वकर्मा, बेटी रोशनी विश्वकर्मा तथा बेटे दीपक और अजय घायल हुए हैं। सभी को मलबे से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों का बैढ़न स्थित ट्रॉमा सेंटर में उपचार जारी है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

सिंगरौली। जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जियावन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को 1 किलो 22 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 10 नवंबर को थाना जियावन पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम कटौली निवासी प्रतिभा बंसल पति मंजू बंसल कारी मोड़ के पास सरकारी रेत डंप के नजदीक गांजा बेचने की फिराक में खड़ी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

गोवर्धन पूजा में दिखी सामाजिक एकजुटता

सोनभद्र। जिला मुख्यालय से सटे वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर स्थित मारकुंडी घाटी वीर लोरिक पत्थर परिसर में मंगलवार को गोवर्धन पूजा समिति एवं संरक्षक मंडल की ओर से विराट ऐतिहासिक गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ। आये हुए पतिवाह बाबा राजेन्द्र यादव ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए खौलते दूध से स्नान कराकर पूजा का शुभारंभ किया। आयोजन में विभिन्न जाति-धर्म और राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े लोगों की सहभागिता रही। श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डीपी यादव, एमएलसी लाल बिहारी यादव और सांसद छोटेलाल खरवार रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा, सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव और पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, रमेश दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूजन के दौरान पतिवाह बाबा राजेंद्र यादव ने मौसम और आगामी राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर अपनी भविष्यवाणी की। उन्होंने कहा कि कार्तिक महीने में बूंद-बूंद बारिश होगी। अगहन महीने के पिछले पखवाड़े में भी बारिश होगी और पुस महीने में भी पानी बरसेगा। उन्होंने आगामी चुनावी वर्ष में बड़े बदलाव की संभावना जताई। इस दौरान गोवर्धन पूजा समिति के संरक्षक मंडल के सदस्य एडवोकेट रोशन लाल यादव ने आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए वीर लोरिक पत्थर परिसर को पर्यटन मानचित्र में शामिल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह स्थल सभी जाति-धर्म के लोगों की आस्था और सामाजिक एकता का संगम है। प्रदेश सरकार को इस ऐतिहासिक स्थल का सर्वांगीण विकास कराना चाहिए, जिससे इसकी पहचान पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो सके। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट दयाराम यादव ने किया। इस मौके पर अनिल यादव, जय प्रकाश पांडेय,सुनील गोंड, विजय यादव, रमेश यादव, फूलवंती देवी, राम वृक्ष यादव, चेखुर पांडेय,नितेश निषाद, केपी यादव, तेजधारी यादव, सईद कुरैशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल बनाने में गोवर्धन पूजा समिति के सदस्य परमेश्वर यादव, चंद्रभूषण यादव, दयाराम यादव, कमला यादव, गुलाब यादव, जगनारायण यादव, कामता यादव, लालब्रत यादव, ओमप्रकाश यादव और इंद्रजीत यादव ने भूमिका निभायी।

पतिवाह बाबा राजेन्द्र यादव ने किया खौलते दूध से स्नान

मारकुंडी घाटी के वीर लोरिक पत्थर परिसर में हुआ विराट आयोजन

डीएम, एसपी ने लिया छठ पूजा की तैयारियों का जायजा

चोपन(सोनभद्र)। सूर्य उपासना का महापर्व छठ व्रत पूजा को लेकर जिले में तैयारी तेज हो गई है। आगामी 15 नवंबर को चोपन बैरियर स्थित सोननदी के पावन तट पर आयोजित होने वाले छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने चोपन स्थित छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मेविस टाक, सीओ सिटी रणधीर मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सोन नदी तट पर पहुंचकर घाट की वर्तमान स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को नगर पंचायत की ओर से छठ महापर्व को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट की साफ-सफाई, समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छठ पूजा के दौरान घाट पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गौरतलब है कि चोपन का सोन नदी घाट छठ महापर्व के आयोजन के लिए क्षेत्र का एक प्रमुख एवं ऐतिहासिक आस्था का केंद्र माना जाता है। यहां चोपन नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों, रेलवे कॉलोनी तथा दूर-दराज के इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य की उपासना के लिए पहुंचते हैं। चार दिवसीय इस महापर्व में व्रती महिलाएं पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ निर्जला व्रत रखकर भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना करते हैं। पर्व के मुख्य अवसर पर श्रद्धालु पारंपरिक छठ गीतों के बीच डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इसके अगले दिन तड़के सुबह नदी तट पर पहुंचकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु एवं खुशहाली की कामना करते हैं। इस दौरान पूरा चोपन नगर छठी मैया के भक्ति गीतों और धार्मिक उल्लास से सराबोर हो उठता है। छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा घाट को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन भी लगातार तैयारियों पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों के निरीक्षण से स्पष्ट है कि इस बार भी छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ जुटा हुआ है। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, अधिवक्ता अमित सिंह, लवकुश भारती, नगर पंचायत के सभासद राम परीखा विश्वकर्मा, दिव्य विकास सिंह, घनश्याम चौधरी, राजेश अग्रहरी, अरुण कुमार, अनिकेत रावत, अनीता बिन्द, विनीत जाटव, अनिल जायसवाल, नागेंद्र यादव, सुशील साहनी, सलीम कुरैशी, नरेश यादव मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हो रही घाटों की साफ-सफाई



मारकुण्डी घाटी स्थित वीर लोरिक पत्थर पर आयोजित पूजा के मौके पर परिक्रमा करते पतिवाह बाबा राजेन्दर यादव। छाया:आज।



चोपन छठ घाट का निरीक्षण करते डीएम-एसपी। छाया:आज।

दीपावली पर्व पर हर्ष फायरिंग में भतीजे को जेल, चाचा की बंदूक हुई जब्त

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने दीपावली पर्व के अवसर पर चाचा की दो नाली बंदूक से भतीजे द्वारा हर्ष फायरिंग करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस ने 12 बोर की दो नाली बन्दुक और व पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बीते आठ नवंबर को दीपावली पर्व के अवसर पर रात्रि में अरविन्द पटेल निवासी ग्राम पिपरा कोतवाली रॉबर्ट्सगंज द्वारा अपने चाचा की लाइसेंसी दोनाली बंदूक से हर्ष फायरिंग किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के मामले को गंभीरता से लेते हुए रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए 12 बोर की एक दोनाली बंदूक एवं 12 बोर की 05 जिन्दा कारतूस, शस्त्र लाइसेंस से सम्बंधित अभिलेख बरामद कर, अग्रिम विधिक कार्यवाही शरू कर दिया है। अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, हेड कांस्टेबल संदीप यादव शामिल रहे।

प्राचीन छठ घाट पर व्रतियों की सुविधा के लिए नगर पंचायत ने झोंकी ताकत

ओबरा(सोनभद्र)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर ओबरा के रेणुका नदी स्थित सेक्टर-3 के प्राचीन छठ घाट पर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। हजारों छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र इस घाट को आकर्षक एवं सुविधाजनक बनाने के लिए नगर पंचायत ओबरा ने अपने संसाधन पूरी तरह झोंक दिए हैं। घाट परिसर एक बार फिर सजने-संवरने लगा है और यहां छठ बस्ती का स्वरूप आकार लेने लगा है। नगर पंचायत की ओर से घाट पर भूमि समतलीकरण, पंडाल निर्माण, छठ वेदियों की स्थापना, स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए ड्रेस चेंजिंग रूम तथा जनसुविधा से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। वेदी स्थापना के लिए चिह्नित स्थानों पर ट्रैक्टर से मिट्टी डलवाई जा रही है, वहीं हाइड्रोलिक रोलर के माध्यम से भूमि को समतल कर अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मौके पर मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रवण कुमार पासवान एवं सभासद अमित गुप्ता, अनुज जायसवाल ने बताया कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की छोटी-बड़ी सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा और बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। घाट तक पहुंचने वाले मार्ग को भी सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। परियोजना चिकित्सालय से छठ घाट तक नई सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है। साथ ही सड़क पर ढाल और चढ़ाई के बीच की असुविधाजनक स्थिति को दूर करने का भी प्रयास किया गया है। नगर पंचायत की इस पहल से छठ पर्व पर घाट पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। इस दौरान श्रवण कुमार पासवान, सभासद अमित गुप्ता, अनुज जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, सोनू, विनोद गुप्ता, संतलाल यादव, उत्तम सिंह, अरविंद कुशवाहा एवं कमाल अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्टाम्प पेपर पर लिखित प्रमाण के साथ उधार दिये थे पांच लाख

अनपरा(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र में फर्जी कंपनी बनाकर लोगों को अपने जाल में फंसाने और करोड़ों रुपये की ठगी करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित द्वारा थानाअध्यक्ष को एक शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत अनपरा के वार्ड संख्या-11 भरत नगर निवासी अंकुश कुमार पुत्र स्वर्गीय जनार्दन ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उसने देवी प्रसाद शुक्ला निवासी वार्ड नंबर 8, बल्लभ नगर को आपसी विश्वास के आधार पर स्टाम्प पेपर पर लिखित प्रमाण के साथ पांच लाख रुपये उधार दिए थे। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने काफी समय बीत जाने के बाद अपने पैसे वापस मांगे, तो विपक्षी ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। इसके बाद जब दबाव बनाया गया, तो विपक्षी द्वारा जातिसूचक गालियां, अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। इस मानसिक प्रताड़ना और भय के माहौल के बीच पीड़ित ने अनपरा थाने में निष्पक्ष जांच कर प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि शिकायती पत्र के अनुसार, यह मामला केवल पॉच लाख तक सीमित नहीं है, अगर जॉच कि जाए तो इससे जुड़े अन्य लोगों के साथ भी बड़ा फर्जीवाड़ा किया गया है। आरोप है कि विपक्षी द्वारा फर्जी कंपनी बनाकर कई व्यक्तियों को झांसा दिया गया और करोड़ों रुपये का गबन किया गया है। फ्लिहाल, पीड़ित ने संबंधित दस्तावेजों और साक्ष्यों के साथ पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है।

फर्जी कंपनी बनाकर करोड़ों रुपये की ठगी और जान से मारने की धमकी का मामला आया सामने

फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

शक्तिनगर(सोनभद्र)। बीना चौकी क्षेत्र के ग्राम मिसिरा पोस्ट योगीचौरा में सोमवार की रात एक युवक ने फ ांसी लगाकर खुकदुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीते 9 नवंबर की रात करीब 10 बजे सूर्य प्रताप शर्मा 26 वर्ष पुत्र केसी शर्मा ने अपने घर में गमछे के सहारे पंखे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलने पर बीना चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एनटीपीसी शक्तिनगर स्थित संजीवनी अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया गया। बताया जाता है कि सूर्य प्रताप दो भाइयों में छोटा था। उसके पिता केसी शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता हैं और एनटीपीसी शक्तिनगर से निस्तारित राखड़ को योगीचौरा स्थित राखड़ डैम से ट्रकों में लोड कराने का काम करते हैं। परिजनों के अनुसार, सूर्य प्रताप जिद्दी स्वभाव का था। हालांकि, उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

वरिष्ठ पत्रकार विनोद गुप्ता का निधन



सोनभद्र। हिन्दी दैनिक 'आज' के बीजपुर संवाददाता विनोद कुमार गुप्ता का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। वे करीब 70 वर्ष के थे। निधन की खबर मिलते ही उनके शुभचिंतकों एव पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। निधन की खबर जो भी सुने वे लोग उनके आवास पर पहुंचकर दु:ख संवेदना व्यक्त कर रहे थे। मंगलवार की दोपहर में आज कार्यालय में ब्यूरो चीफ लल्लू प्रसाद की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में मौजूद पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में भगवान परिवार को सहन शक्ति प्रदान करें। कहा कि दिवंगत हो चुके श्री गुप्ता निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित से जुड़ी पत्रकारिता में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जाना मीडिया जगत और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। विजय नारायण मिश्रा, राजेश कुमार यादव, राजेश विश्वकर्मा, ज्ञानेन्द दत्त पाठक, अजीत पाण्डेय, अफजल अंसारी, विनोद मिश्रा, विकास अग्रहरी, अनिल निषाद, मनमोहन शुक्ला आदि पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

20 नवंबर से अनुरक्षण कार्य के लिये बंद होगी नहरें

करमा(सोनभद्र)। सोन पंप नहर के कमांड एरिया में सिंचाई कार्यों से संबंधित अधिशासी अभियंताओं, मिर्जापुर नहर प्रखंड, मिर्जापुर, बंधी सोन पंप नहर एवं घाघर बैराज पर आवश्यक सिविल, यांत्रिक एवं विद्युत संबंधी अनुरक्षण कार्यों, सोन पंप नहर के तली में जमा बालू की निकासी, नीलामी तथा अन्य आवश्यक मरम्मत सिल्ट सफाई आदि कार्यों को संपादित कराए जाने हेतु आगामी 20 नवम्बर से 20 दिसम्बर तक सोन पंप नहर का संचालन पूर्णत: बंद रहेगा। बंदी अवधि में सोन पंप नहर से जलापूर्ति उपलब्ध नहीं रहेगी। निर्धारित अवधि में आवश्यक अनुरक्षण कार्य पूर्ण कराए जाने के बाद 21 दिसम्बर से सोन पंप नहर का पुन: संचालन प्रारंभ किया जाएगा। संबंधित क्षेत्र के समस्त कृषकगण एवं आमजन से अनुरोध है कि सोनपम्प नहर बंदी अवधि को दृष्टिगत रखते हुए अपनी कृषि एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर लें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। उक्त आशय की जानकारी अधिशासी अभियंता ओबरा बाँध रुपेश कुमार खरे ने मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

२१ नवंबर को नहरोंका संचालन होगा शुरू

चिकित्साधिकारी के क्रेडिट कार्ड से १.६६ लाख रुपये की साइबर ठगी, मुकदमा दर्ज

रेणुकूट(सोनभद्र)। ईएसआई अस्पताल रेणुकूट में तैनात चिकित्साधिकारी प्रशांत कुमार गौतम साइबर ठगी के शिकार हो गए। साइबर ठगों ने उनके क्रेडिट कार्ड से चार अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 1.66 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित को इसकी जानकारी उस समय हुई, जब वह क्रेडिट कार्ड का बिल जमा करने पहुंचे। बिल की जांच करने पर खाते से बड़ी रकम निकाले जाने का पता चला, जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज कराईस चिकित्साधिकारी के अनुसार, 19 अक्टूबर से चार नवंबर के बीच उनके क्रेडिट कार्ड से चार बार ऑनलाइन खरीदारी के नाम पर भुगतान किया गया। इसमें दो बार ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर क्रमश: 48 हजार और 49 हजार रुपये तथा दो बार नायका फैशन के नाम पर 49 हजार और 20 हजार रुपये का लेनदेन किया गया। इस तरह कुल 1 लाख 66 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज कराने के बाद साइबर थाने में भी लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कुश्ती में यशवंत ने असलम को दी पटखनी

करमा(सोनभद्र)। रानीतारा गांव में सोमवार की देर रात कुश्ती का ऐसा महासंग्राम सजा कि पूरा इलाका पहलवानों के दमखम और दर्शकों के उत्साह से सराबोर हो उठा। सुबह 11 बजे से शुरू हुए विराट दंगल में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे नामी-गिरामी पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर अपनी ताकत, फुर्ती और कुश्ती के बेजोड़ दांव-पेंचों का प्रदर्शन किया। पहलवानों की जोरदार भिड़ंत, एक-दूसरे को पटखनी देने की कोशिश और दर्शकों की गूंजती तालियों ने रानीतारा के अखाड़े को रोमांच के चरम पर पहुंचा दिया। दंगल मे एक लाख की कुश्ती रितेश बनारस व सचिन गाजीपुर, अंकित पहलवान भोपाल, सौरभ पहलवान बनारस के बीच हुई। यह कुश्ती बराबरी की रही। सवही इक्यावन हजार की कुश्ती असलम भूरा पहलवान दिल्ली बनाम यशवंत गिरी स्वामी नाथ अखाडा बनारस के बीच हुआ जिसमे यशवंत गिरी ने असलम भूरा को पटखनी दी।



पूजा के साथ बहनों ने की भाइयों के लंबी उम्र की कामना

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से दिखा उत्साह, मनाया गया भैया दूज का त्योहार

आजमगढ़। रक्षाबंधन के बाद बहनों के खास पर्व भइया दूज उत्साह के साथ मनाया गया। भाइयों की सलामती के लिए बहनों ने

हमारे त्योहार

मिलकर बनाया गोंठ और सज-धजकर बहनें पहुंचीं पूजा स्थल

निराजल व्रत रखकर भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना की। भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कराया और उनकी लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। बड़े भाई का चरणस्पर्श किया तो वहीं बड़ी बहनों के सामने छोटे भाइयों ने शीश झुकाए। समूह में बैठकर बहनों ने पूजा के दौरान पर्व से जुड़ी प्रचलित कहानियों का श्रवण किया। भइया दूज को लेकर बहनों में सुबह से उत्साह देखा गया। बहनों ने गोबर से गोवर्धन पर्वत के अलावा नदी व अन्य तरह-तरह की आकृतियां



बनाईं। गोठ में बेल, बबूल, बेर, नागफनी, भरभाड़, गुलाब आदि के कांटे रखे गए। विधि-विधान से भगवान गोवर्धन की पूजा के बाद गोठ में उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों ने भाई-बहन के अटूट रिश्तों पर आधारित कहानियां सुनीं। भगवान गोवर्धन को लाई, चूड़ा, चीनी की बनी घरिया व नारियल आदि चढ़ाया गया। उसके बाद मूसल से ईंट पर सुपारी को कूटने के बाद गोठ की पांच बार परिक्रमा कर पूजा संपन्न हुई। गोबर की पिंडी लेकर व्रत रखने वालीं बहनें गोठ से लौटीं। परंपरानुसार बहनें यह पिंडी सवा माह तक सुरक्षित रखती हैं। पूजन के बाद भाइयों ने नारियल फोड़े और बहनों ने भाई के माथे पर तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाने के बाद व्रत का पारण किया। ऐसे में कुछ क्षेत्रों में एक दिन पहले भी पूजा की गई।

अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार- सुबह से ही बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और उज्ज्वल भविष्य की कामना की, तो वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। कस्बे के मुख्य बाजार से लेकर क्षेत्र के लोहरा, मदियापार, तेजापुर, सिकंदरपुर, नन्दना और मीरपुर सहित तमाम ग्रामीण इलाकों में त्योहार को लेकर सुबह से ही विशेष चहल-पहल देखी गई। सुबह स्नान-ध्यान के बाद बहनों ने पूजा की थाली सजाई, जिसमें रोली, अक्षत, कलावा, सूखा गोला (नारियल) और मिठाइयां शामिल रहीं। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया और मीठा खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। त्योहार के मद्देनजर मिठाई, फल और नारियल की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी।

कुछ क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा के बाद दूसरे दिन प्रसाद खिलाने की परंपरा

खासकर सूखी मिठाइयों, काजू कतली और छेने के सामानों की बिक्री खूब हुई। बहनों ने अपने भाइयों की पसंद की मिठाइयां खरीदीं, वहीं भाइयों ने भी बहनों के लिए कपड़े, आभूषण और अन्य उपहार खरीदे। त्योहार पर दूर-दराज रहने वाली बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं, वहीं कई भाई भी अपनी बहनों के घर आशीर्वाद लेने पहुंचे। इसके चलते दिनभर यात्रियों की चहल-पहल बनी रही। निजी वाहनों से लेकर बसों और ऑटो में भारी भीड़ देखने को मिली। गांव-गिरांव में भैया दूज को लेकर अलग ही उत्साह नजर आया।

गोवर्धन संग बांके बिहारी और छप्पन भोग के बीच गो-माता की पूजा

आजमगढ़। शहर के मुख्य चौक स्थित श्री बिहारी जी मंदिर में दीपावली के दूसरे दिन सोमवार को अन्नकूट

बिहारी जी के मंदिर में दोपहर बाद शुरू हो गयी भक्तों की जुटान, ग्रहण किया प्रसाद

महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें 56 भोग का दर्शन व गोवर्धन पूजा के बाद देर शाम तक दर्शन व भंडारे का प्रसाद का वितरित किया गया। इस दौरान घंट-घड़ियाल की ध्वनि के बीच बांके बिहारी का जयकारा लगता रहा। प्रभु की झांकी दर्शन के लिए रात तक श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला चलता रहा। वहीं शाम से भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें कढ़ी-चावल, दाल के अलावा पूरी, दो सब्जी, खीर आदि को शामिल किया गया था। महिलाओं के लिए मंदिर के अंदर और बाकी सभी के लिए मंदिर के बाहरी परिसर में भंडारे की व्यवस्था की गई थी। आयोजकों की ओर से कार्यकर्ताओं को इसकी जिम्मेदारी



सौंपी गई थी। महोत्सव के प्रारंभ में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया गया। कौड़ी से आंखें बनाई गईं। साथ ही अमरूद के पेड़ लगाए गए। फिर फलों के साथ भगवान कृष्ण को प्रिय कदंब के फूल चढ़ाए गए। पूजा के बाद भगवान की आरती और परिक्रमा की गई। उसके बाद छप्पन भोग की तैयारी के बीच कृष्ण को प्रिय गोमाता को तिलक, अक्षत, माला और वस्त्र के साथ पूजन और भोजन तथा गोपालक को दक्षिणा प्रदान किया गया। फिर भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर आरती की गई। इस दौरान घंट-घड़ियाल और शंखनाद संग आरती की गई और उसके बाद भंडारा हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शुरू से अंत तक पुरुषों से अधिक महिलाओं की भीड़ दर्शन के इंतजार में उपस्थित रही। इस दौरान प्रबंधक संत प्रसाद अग्रवाल, प्रभुनाथ अग्रवाल, शशिभूषण अग्रवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, इंदुभूषण अग्रवाल, सुमित कुमार अग्रवाल आदि पूजन से लेकर भंडारे की व्यवस्था में लगे रहे।

रायबरेली में तैनात उपनिरीक्षक का इलाज के दौरान मौत

आजमगढ़। दीदारगंज थाना क्षेत्र के खरसहन कला गांव निवासी एसआई बैजनाथ यादव का सोमवार को जौनपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह रायबरेली में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे और काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। देर शाम शव पैतृक गांव खरसहन कला पहुंचा, जहां दीदारगंज थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने टीम के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पुलिस के जवानों ने उन्हें सलामी देकर अन्तिम विदाई दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने स्वयं उनके पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके प्रति सम्मान और संवेदना व्यक्त की। बैजनाथ यादव के तीन पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। तीन पुत्रियों और एक पुत्र का विवाह हो चुका था। उनकी पत्नी का निधन पहले ही हो चुका था।

कांखभार में मिला अज्ञात युवक का शव

बिलरियागंज, आजमगढ़। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के भीमबर मार्ग पर स्थित काखभार सड़क के किनारे मंगलवार की भोर में एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। बिलरियागंज थानाध्यक्ष तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। हालांकि, युवक की मौत कैसे हुई और उसकी पहचान क्या है, यह साफ नहीं हो पाया थाहै। पुलिस आसपास के गांवों में संपर्क कर शव की शिनाख्त करने की कोशिश में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजहों का खुलासा हो सकेगा।

सार्वजनिक रास्ते पर निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

सगड़ी, आजमगढ़। सगड़ी तहसील के तोहफापुर गांव की दर्जनों महिलाओं ने गांव के सार्वजनिक रास्ते से खड़ंजा उखाड़कर पक्का निर्माण कराए जाने का विरोध करते हुए उपजिलाधिकारी सगड़ी को मंगलवार को प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य तत्काल रोकने की मांग किया है। गांव की महिलाओं ने उपजिलाधिकारी संजीव कुमार राय को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि गांव के आधे लोगों के आने-जाने के लिए 15 वर्ष पूर्व सरकारी खड़ंजा लगाया गया था। जिससे सभी लोग लगातार आते जाते थे। वर्तमान समय में गांव के कुछ मनबढ़ लोगों द्वारा मार्ग पर लगे खड़ंजे को उखाड़कर पक्की दीवार का निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बिलरियागंज को प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन निर्माण कार्य को नहीं रोका गया। उपजिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए थानाध्यक्ष को मौके का निरीक्षण कर तत्काल आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

प्रसव के आधे घंटे बाद बिगड़ी प्रसूता की हालत और चली गयी जान

बलरामपुर/बिलरियागंज, आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के बनकटा बाजार गोसाई स्थित एक निजी अस्पताल में सोमवार को

परिजनों ने डाक्टर पर लगाया बिना बताये दूसरे अस्पताल ले जाने का आरोप

प्रसव के बाद 27 वर्षीय प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रसव के करीब आधे घंटे बाद महिला की हालत बिगड़ने पर डाक्टर उसे बिना जानकारी दिए अपनी गाड़ी से शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि इसके बाद डाक्टर शव को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रौनापार थाना क्षेत्र के बहावनपुर गांव निवासी 27 वर्षीय अनीता



फाइल फोटो-अनीता पासवान

पासवान पत्नी मंटू सरोज को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को बनकटा बाजार गोसाई स्थित मां शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके देवर पिंटू सरोज के अनुसार अस्पताल में डाक्टर ने सोनोग्राफी और अन्य जांच कराने के बाद उसे भर्ती किया। कुछ देर बाद अनीता का सामान्य प्रसव हुआ। उस समय जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ थे। आरोप है कि प्रसव के करीब आधे घंटे बाद अस्पताल के कर्मचारियों ने परिजनों को बताया कि महिला के शरीर में खून की कमी और उसकी हालत बिगड़ रही है। डाक्टर ने गर्भनाल फंसने की बात कहते हुए ऑपरेशन की जरूरत बताई। इसके बाद डाक्टर परिजनों को बिना बताए महिला को अपनी गाड़ी से शहर के जुनेदगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गया। वहां चिकित्सकों ने अनीता को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि महिला की मौत के बाद डाक्टर शव को निजी अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पूरे मामले में डाक्टर की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।उधर घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही सोमवार की रात अस्पताल को बंद करा दिया गया है।

नगर पंचायत ने शुरू करायी २०६ वर्ष पुराने पोखरे की सफाई

माहुल, आजमगढ़। नगर पंचायत माहुल के वार्ड नंबर तीन गांधीनगर स्थित 206 वर्ष पुराने ऐतिहासिक पोखरे की साफ-सफाई का कार्य नगर पंचायत प्रशासन ने शुरू करा दिया है। चार दिवसीय डाला छठ महापर्व को देखते हुए पोखरे और उसके घाटों की सफाई कराई जा रही है। लंबे समय से पोखरे पर गंदगी का अंबार लगा होने के कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1820 में स्थापित सिद्धपीठ काली चौरा मंदिर से जुड़ा यह ऐतिहासिक पोखरा क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रतिवर्ष डाला छठ महापर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। महिलाएं पोखरे के घाटों पर खड़े होकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं। श्रद्धालु महिलाओं द्वारा घाट पर बेदी तैयार की जा रही है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से सफाई कार्य शुरू कराए जाने के बाद अब श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि छठ महापर्व से पहले पूरे पोखरा और परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित कर दिया जाएगा, जिससे व्रती महिलाएं श्रद्धा और सुविधा के साथ पूजा-अर्चना कर सकेंगी। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी माहुल अवधेश मिश्रा ने बताया कि पोखरे की साफ-सफई कर्मचारियों द्वारा कराई जा रही है। छठ पूजा पर किसी को भी कोई समस्या नहीं होगी।

मसुविवि की प्रिया दक्षिण अफ्रीका में लड़ेगी कुश्ती

आजमगढ़। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. अमरजीत की देखरेख में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय की बेटी प्रिया चौहान ने रजत पदक प्राप्त कर आगामी दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 4 से 6 दिसंबर को होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में भारत का नेतृत्व करेगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि श्री काशी चंद्रदेव महाविद्यालय हाजीपुर की बिटिया प्रिया चौहान ने रजत पदक प्राप्त करके दक्षिण अफ्रीका का टिकट प्राप्त कर लिया। कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। कुलपति ने कहा की प्रिया चौहान की सफलता के पीछे उसके परिवार के सदस्यों एवं इन प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा है।

तेज आवाज पड़ा भारी, दो डीजे वाहन, साउंड सिस्टम सीज

आजमगढ़। सरायमीर पुलिस ने तेज आवाज से मना करने पर भी न मानने पर सोमवार को दो डीजे वाहन सहित साउंड सिस्टम को सीज कर दिया। लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सिकरौर सहबरी बाजार में निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। मौके पर शांति व्यवस्था ड्यूटी में मौजूद एसआई धीरज कुमार द्वारा डीजे संचालकों को आवाज कम करने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु उनके द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इस पर पुलिस द्वारा प्रभावी वैधानिक एवं निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए दोनों डीजे वाहनों को मय स्पीकर एवं साउंड सिस्टम कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया। वाहन गुलशन राजभर पुत्र हरिकेश राजभर निवासी ग्राम कुरियावां, राम आशीष गुप्ता पुत्र जयशंकर गुप्ता निवासी ग्राम खरसहन कलां, थाना दीदारगंज का बताया गया है।

पटाखा बाजार में मारपीट मामले में दोनों पक्षों के पांच गिरफ्तार

आजमगढ़। डीएवी कालेज परिसर में लगे पटाखा बाजार में दीपावली की रात मारपीट मामले में पांच लोगों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पटाखा बाजार में पटाखा खरीदने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई। घटना के संबंध में दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई। मुकदमा दर्ज करने के बाद एसआई अभिषेक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दोनों मुकदमों से संबंधित पांच लोगों को डीएवी कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों में एक पक्ष के रितेश सोनकर उर्फ अंगद सोनकर पुत्र छोटक सोनकर निवासी हथिया, थाना सिधारी, प्रदीप सोनकर पुत्र स्व. राजाराम सोनकर निवासी कदमघाट, कालीनगंज, कोतवाली, दूसरे पक्ष के महेन्द्र गुप्ता पुत्र स्व. हरिश्चन्द्र गुप्ता निवासी रेलवे स्टेशन, सर्रफुद्दीनपुर, थाना सिधारी, सोनू दास पुत्र मोतीलाल दास निवासी बासमनपुर कुल्हानी, जनपद पूर्वी चम्पारण, बिहार, हाल पता रेलवे स्टेशन तथा इशान पुत्र मो. अंसार अहमद निवासी रेलवे स्टेशन, सर्रफुद्दीनपुर, थाना सिधारी शामिल हैं।

संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्र के सत्यापन के निर्देश

सगड़ी, आजमगढ़। उपजिलाधिकारी संजीव राय ने तहसील सभागार में राजस्व और पुलिस कर्मियों की अलग-अलग बैठक में संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों को 48 घंटा में सत्यापन कर फिर से चिन्हित करने का निर्देश दिया। मंगलवार को दिन में आगामी विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें सगड़ी और गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हित संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों को नए सिरे से जांच कर चिन्हित करने पर विचार विमर्श किया गया। एसडीएम ने सर्किल के सभी थानाध्यक्ष और राजस्व निरीक्षक से अलग अलग बैठक कर एक-एक बूथ की क्रमवार समीक्षा की। उप जिलाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को भय मुक्त संपन्न कराने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र की नए सिरे से जांच की जा रही है।

सड़क हादसों में किशोर समेत दो की मौत, तीन की हालत गंभीर

बलरामपुर, आजमगढ़। पिछले 24 घंटे के भीतर अलग-अलग सड़क हादसों में एक किशोर समेत दो लोगों

रौनापार और कंधरापुर थाना क्षेत्रों में हुईं अलग-अलग दुर्घटनाएं

की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मऊ जनपद के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के चिउंटीडाड़ गांव निवासी 15 वर्षीय गोलू एक विद्यालय में कक्षा नौ का छात्र था। दीपावली के दूसरे दिन सोमवार को वह अपने मित्र हरदौली गांव निवासी 18 वर्षीय करन के साथ बाइक से जीयनपुर थाना क्षेत्र के जम्मनपुर गांव स्थित ननिहाल गया था। शाम करीब पांच बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक गोलू चला रहा था। आजमगढ़-गोरखपुर मुख्य



फाइल फोटो-गोलू

मार्ग पर रौनापार थाना क्षेत्र के केशवपुर स्थित शारदा सहायक खंड-32 नहर के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर जीयनपुर थाना क्षेत्र के करमड़ी गांव निवासी मनीष और सूर्यांशु चौरसिया सवार थे।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं और चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से



फाइल फोटो-अनिल कुमार

घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गोलू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, करन, मनीष और सूर्यांशु को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रौनापार थानाध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया कि गोलू के चाचा संजय कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रौसड़ गांव निवासी 34 वर्षीय अनिल कुमार

मित्र के साथ बाइक से ननिहाल जाना किशोर की जान पर पड़ा भारी

रोजी-रोटी के सिलसिले में जालंधर में रहते थे। दीपावली पर वह घर आए थे। सोमवार की शाम सिधारी थाना क्षेत्र के खोजापुर गांव में एक रिश्तेदार से मिलने गए थे। रात करीब नौ बजे बाइक से घर लौटते समय कंधरापुर थाना क्षेत्र के जमुआ प्राथमिक विद्यालय के पास बैक हो रही जेसीबी में पीछे से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल अनिल को स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

रुपयनपुर की माइनर में मिला पल्लेदार का शव, परिवार में कोहराम

महराजगंज, आजमगढ़। महराजगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई,

सुबह काम पर निकलने के बाद नहीं पहुंच सके घर, कारण का पता नहीं

जब रुपयनपुर मोलनापुर गांव निवासी 40 वर्षीय अरविंद शर्मा पुत्र श्याम नयन शर्मा का शव गांव के पास माइनर में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविंद शर्मा पल्लेदारी का काम करते थे। सोमवार की रात काम समाप्त करने के बाद वह घर लौट रहे थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह गांव के कुछ लोगों की नजर नहर की माइनर में पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। पास जाकर देखने पर उसकी पहचान अरविंद शर्मा के रूप में हुई। ग्रामीणों ने तत्काल आसपास के लोगों को सूचना दी और महराजगंज थाने को घटना से अवगत कराया। मृतक के तीन बेटियां और एक बेटा हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है। काम से घर लौटते समय लापता होने और अगले दिन नहर में शव मिलने की घटना से ग्रामीण भी स्तब्ध हैं। इसका वास्तविक कारण पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

फिर से अतरौलिया में ठोंका सीट का दावा

अतरौलिया, आजमगढ़। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने मंगलवार को एक बार फिर अतरौलिया सीट पर अपना दावा ठोंकते हुए कहा कि छह दिसंबर को आजमगढ़ के आईटीआई मैदान में आयोजित होने वाली सामाजिक समरसता महारैली में एनडीए का शक्ति प्रदर्शन होगा। सुभासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने दावा किया कि महारैली में दो लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटेगी। उन्होंने कहा कि यह रैली पूर्वांचल में एनडीए की ताकत का प्रदर्शन करेगी और 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा के कथित गढ़ को ध्वस्त करने का शंखनाद होगा। मंगलवार को भिऊरा स्थित अपने कैंप कार्यालय पर प्रजापति समाज की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में अरुण राजभर ने बताया कि पहले यह महारैली 29 नवंबर को प्रस्तावित थी, लेकिन संसद सत्र और अतिथियों के व्यस्त कार्यक्रम के चलते अब इसका आयोजन छह दिसंबर को किया जाएगा। रैली की अध्यक्षता सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर करेंगे। अतरौलिया विधानसभा सीट पर एनडीए के घटक दलों के बीच दावेदारी को लेकर उठ रहे सवालों पर अरुण राजभर ने कहा कि जनता किसी तरह की अफवाह और भ्रम में न आए। अरविंद की मौत किन परिस्थितियों में हुई।

जनता की फरियाद सुन एसपी ने दिये निर्देश

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर विजय कुमार सिंह गौर उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ित पक्ष को प्रभावी न्याय दिलाया जाए।

सगड़ी की रूपा यादव का राष्ट्रीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन

सगड़ी, आजमगढ़। क्षेत्र के मानिकपुर गांव की रहने वाली राजकीय बालिका इंटर कॉलेज

प्रशिक्षक और साथी प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने माल्यार्पण कर किया सम्मान

आजमगढ़ की दसवीं की छात्रा रूपा यादव का 70 वीं राष्ट्रीय क्रिकेट अंडर 17 छात्रा प्रतियोगिता टीम में चयन किया गया है। उसकी इस सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जम्मू कश्मीर में 15 नवंबर से 20 नवंबर तक 70 वीं राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट अंडर 17 छात्र प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में 22 राज्यों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश की टीम



की तरफ से सातवें नंबर पर रूपा यादव का चयन किया गया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय कीड़ा संस्थान उत्तर प्रदेश अयोध्या द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजकर प्रतियोगिता में छात्रा एवं टीम कोच को 12 नवंबर दिन में 10 बजे तक डॉ. भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या में उपस्थित कराने का निर्देश दिया गया है। रूपा के कोच अजीत यादव ने बताया कि साधारण परिवार में जन्मी रूपा का झुकाव शुरू से ही खेलों के प्रति रहा। क्रिकेट में उसकी खास रुचि थी। स्वयं राष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट का प्लेयर रहा हूं। पिछले 3 साल से बासुपार में गुरुकुल एकेडमी संचालित कर ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान लड़के और लड़कियों को प्रशिक्षित कर रहा हूं। ग्रामीण क्षेत्रों में फिजिकल से ज्यादा युवाओं को मेंटल तैयार करने में काफी कठिनाई आती है। रूपा यादव के चयन से अन्य युवा भी इस दिशा में आकर्षित होंगे। अपने चयन पर खुशी का इजहार करते हुए रूपा यादव ने कहा कि उसके क्रिकेट में कदम रखने पर परिवार का भी पूरा सहयोग मिला। दो वर्ष से अपने कोच अजीत यादव से क्रिकेट की बारीकियों को सीखने का पूरा प्रयास किया। मेरा सपना राष्ट्रीय टीम में जगह पाने का है। रूपा यादव के पिता ओम प्रकाश यादव, मां इस्रावती देवी और पूर्व महाप्रधान राम आशीष यादव ने उसकी सफलता पर बधाई दी।

जर्जर रास्तों पर भगवान फिर भी आस्थावानों की हुई जुटान

घरों में सदस्य संख्या के अनुसार रखे गये कलम, फिर माथे लगाकर जेब में रखा

आजमगढ़। कायस्थ समाज के लिए प्रमुख पर्व भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा मंगलवार को हर घर में

चित्रगुप्त पूजा

हीरापट्टी स्थित मंदिर में दिखा अलग उत्साह, आहुति देने की रही होड़

श्रद्धा के साथ की गई। घरों में पूजा के बाद लोग जर्जर रास्ते से चलकर हीरापट्टी स्थित भगवान चित्रगुप्त के मंदिर पहुंचे और वहां हवन-पूजन करने के साथ भगवान का दर्शन कर आरती की। समारोह के बैनर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश शासन के कारागार मंत्री दारा सिंह व श्रम व सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर का नाम लिखा था, अनिल



राजभर मंच पर कहीं नहीं दिखे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित विधान परिषद सदस्य रामसूरत राजभर और भाजपा के ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सहजानंद राय, विशिष्ट अतिथि लालगंज के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे। श्री चित्रगुप्त वंशीय जनपद सभा के मंत्री विवेक श्रीवास्तव और अध्यक्ष अरुण प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हालांकि, तय कार्यक्रम काफी विलंब से शुरू हुआ। दोपहर 12.30 बजे की जगह 3 बजे से हवन-पूजन शुरू हुआ और उसी क्रम के अनुसार मंदिर प्रांगण में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। फिर अतिथियों का उद्बोधन और उसके बाद धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। मीडिया से बात करते हुए आयोजक मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस प्रांगण में सामूहिक पूजन, हवन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने इस पूजा के मूल महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के दिन विशेष रूप से कलम-दवात (लेखनी) की पूजा की जाती है। उन्होंने समाज से आह्वान करते हुए कहा कि चूंकि आज के समय में हर कोई कलम का प्रयोग करता है, इसलिए यह पूजा किसी एक वर्ग तक सीमित न रहकर पूरे समाज को आज के दिन कलम-दवात की पूजा करनी चाहिए। उधर इस पूजा पर्व को लेकर कायस्थ परिवारों में सुबह से ही उत्साह का माहौल नजर आया। सुबह घरों में भगवान चित्रगुप्त का चित्र रखकर तथा उसके सामने धूप-दीप जलाकर जहां पूजा की गई वहीं चित्र के समक्ष घर के उन सदस्य संख्या के अनुसार जो पढ़ने-लिखने वाले हैं उनके नाम से कलम और दवात रखकर पूजा की गई। कलम और दवात को स्नान कराने के बाद रक्षा और रोली लगाया गया। पूजा के बाद सदस्यों को प्रसाद स्वरूप कलम दिया गया और सदस्यों ने उसे माथे लगाकर जेब में रखा।

पुलिस पर फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

आजमगढ़। रौनापार थाने के एसआई सुभाष तिवारी की टीम ने मंगलवार को दिन के लगभग पौने दो बजे प्राप्त सूचना के आधार पर कैची बंधा से पुलिस पर फायरिंग मामले में आरोपी धनंजय यादव पुत्र रामनगीना यादव निवासी ग्राम गांगेपुर को गिरफ्तार कर लिया, जबकिएक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में ने लिया। पुलिस के अनुसार सोमवार को दो पक्षों के मध्य गोली चलने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान दोनों पक्षों के व्यक्तियों द्वारा एकराय होकर पुलिस टीम को लक्ष्य बनाकर फायरिंग की गई, जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। इस संबंध में एसआई अनुराग कुमार पाण्डेय की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

फसल की कटाई के दौरान हाईवोल्टेज करेंट से झुलसा किसान

मार्टीनगंज, आजमगढ़। दीदारगंज थाना क्षेत्र के फूलेश अहमदबखपुर में सोमवार को खेत में धान के फसल की

दीदारगंज क्षेत्र के फूलेश अहमदबखपुर गांव में हुआ हादसा

कटाई करते समय 11 हजार वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से किसान बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों के मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया गया। ग्राम प्रधान विशाल राजभर एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि 45 वर्षीय किसान हवलदार पुत्र श्यामराज राजभर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे अपने खेत में धान की फसल की कटाई कर रहे थे। तभी पूर्व से क्षतिग्रस्त खम्भे से लटके 11 हजार वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। आसपास खेत में काम कर रहे लोगों ने देखा तो एंबुलेंस की मदद के लिए फोन लगाया किंतु एम्बुलेंस आने में विलंब हो गया। तब मजबूरन निजी वाहन से एक प्रायवेट हॉस्पिटल खेतासराय ले गए। जहां हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय हेतु रेफर किया। आनन फानन में जौनपुर ले गए परंतु वहां भी डाक्टरों ने एडमिट करने से मना कर दिया। उसके बाद परिजन ग्रामीणों की मदद से वाराणसी ले गए जहां एक निजी हॉस्पिटल में बुरी तरह झुलसे किसान हवलदार राजभर अपनी जिंदगी मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस संबध में बात करने के लिए काल करने पर एसडीओ ने फोन नहीं उठाया। वहीं जेई पुष्पनगर का सरकारी नंबर बंद रहा। फिर पुन: एक्सियन फूलपुर से संपर्क साधने पर एक्सईन फूलपुर ने बताया कि घटना की जानकारी है। क्षेत्रीय जेई एवं एसडीओ को संबंधित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

क्राप कटिंग में ४९.९६ कुंतल प्रति हेक्टेयर मिली धानकी उत्पादकता

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मंगलवार को तहसील ज्ञानपुर के भगवानपुर कला खुर्द गांव में धान की क्रॉप कटिंग कराकर फसल की उत्पादकता का जायजा लिया। खरीफ वर्ष 2026-27 के तहत कराए गए इस प्रयोग में धान की औसत

जिलाधिकारी ने खेत में कराया फसल कटाई का प्रयोग, किसानों को किया सम्मानित

उत्पादकता 49.96 कुंतल प्रति हेक्टेयर आंकी गई। क्रॉप कटिंग प्रयोग के दौरान कृषक अमरावती के गाटा संख्या 52 और गयादीन के गाटा संख्या 149 स्थित खेतों में निर्धारित मानक के अनुसार फसल की कटाई कराई गई। दोनों खेतों से प्राप्त उपज का वजन कराया गया। अमरावती के खेत से 17.500 किलोग्राम तथा गयादीन के खेत से 25.760 किलोग्राम धान की उपज प्राप्त हुई। कुल 43.3 वर्ग मीटर के निर्धारित क्षेत्रफल में प्राप्त उत्पादन के आधार पर प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 49.96 कुंतल निर्धारित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कृषकों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनसे खेती-किसानी एवं कृषि उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में क्रॉप कटिंग के सभी प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप और पूरी पारदर्शिता के साथ कराए जाएं। प्राप्त आंकड़ों का सही एवं समयबद्ध संकलन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग के आंकड़े फसलों की वास्तविक उत्पादकता का आकलन करने के साथ ही फसल बीमा और कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर उप कृषि निदेशक रामप्रवेश, अपर सांख्यिकी अधिकारी रवि प्रकाश सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।



ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवारकी मौत

ज्ञानपुर। स्थानीय क्षेत्र के बड़वापुर नहर के पास मंगलवार को पुआल से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार प्रियांशु सरोज (25) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रैक्टर ट्रॉली में अधिक मात्रा में पुआल लदा होने के कारण चालक को सामने का रास्ता ठीक से दिखाई नहीं दिया। इसी दौरान ट्रॉली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी के निलंबन के निर्देश

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मंगलवार को विकासखंड ज्ञानपुर की ग्राम पंचायत भगवानपुर कला खुर्द में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान फसल क्षति का सर्वेक्षण और मुआवजे की कार्रवाई लंबित मिलने पर उन्होंने संबंधित लेखपाल के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के आवेदन लंबित रखने और गांव में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहने पर ग्राम पंचायत अधिकारी के निलंबन के भी निर्देश दिए। जनचौपाल में ग्रामीणों ने शिकायत की कि फसलों को हुए नुकसान के बावजूद अब तक क्षति का आकलन और सत्यापन नहीं कराया गया है। इसके चलते पात्र किसानों को मुआवजे का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल सर्वेक्षण और सत्यापन पूरा कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा और

फसल क्षति का सर्वेक्षण लंबित मिलने पर डीएम नाराज, किसानों को समय से मुआवजा दिलाने के निर्देश

सहायता समय से उपलब्ध कराई जाए। इसी तरह ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत अधिकारी के गांव में नियमित रूप से नहीं आने तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन लंबे समय से लंबित रहने की शिकायत की। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भी निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में नियमित उपस्थित रहकर शिकायतों का समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों से भी बातचीत कर उनका हालचाल जाना। जनचौपाल में संबंधित विभागों के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे

शिकायतों का निस्तारण कागजों पर नहीं, धरातल पर करें-एसपी

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतों से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। एसपी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी मामले में लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर कार्रवाई दिखाई देनी चाहिए, जिससे पीडित पक्ष पूरी तरह संतुष्ट हो सके। एसपी ने थानों पर आने वाले पीड़ितों के साथ मानवीय व्यवहार करने और उनकी शिकायतों को प्राथमिकता से सुनने पर जोर दिया। साथ ही शिकायतों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

युवा मतदाताओं के शत-प्रतिशत पंजीकरण के लिए चलेगा विशेष अभियान

ज्ञानपुर। जिले में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं समेत सभी पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने तथा कोई भी पात्र व्यक्ति पंजीकरण से वंचित न रहने देने का निर्देश दिया है। मंगलवार को ग्राम पंचायत भगवानपुर कला खुर्द में ग्रामीणों के बीच पहुंचे डीएम ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बीएलओ और लेखपाल को निर्देश दिया कि विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। सत्यापन के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक

17 नवंबर को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन, 16 दिसंबर तक लिए जाएंगे दावे और आपत्तियां

और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं को भी नियमानुसार चिह्नित किया जाए। डीएम ने ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूहों, कोटेदारों और रोजगार सेवकों से अभियान में सहयोग की अपील की। शैक्षणिक संस्थानों में गठित मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से भी युवाओं को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर को होगा। इसके बाद 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। वहीं 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। पात्र नागरिक मतदाता सेवा पोर्टल अथवा संबंधित मोबाइल ऐप से फार्म-6 भरकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है। डीएम ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है।

आरएसएस ने 100 गरीब परिवारों में वितरित की दीपावली किट

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भदोही की ओर से दीपावली पर सेवा बस्ती के 100 आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को खुशियों की किट वितरित की गई। जिला प्रचारक कमलेश जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई, लाई, चूरा और पटाखों से भरे कपड़े के झोले घर-घर पहुंचाए। जिला संघ कार्यालय में किट तैयार करने के बाद कार्यकर्ताओं ने विभिन्न घरों में वितरण किया। जिला प्रचारक ने कहा कि संघ सेवा, व्यक्ति निर्माण और चरित्र निर्माण के माध्यम से समाज को मजबूत बनाने के लिए संकल्पित है। इस मौके पर श्याम सूरत पांडेय, विनीत, शुभम, ऋषि, शिवाजी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गोपाष्टमी पर गौशालाओं में पूजन, श्रीकृष्ण की आराधना कर लिया गौ सेवा का संकल्प

ज्ञानपुर। प्रदेश शासन के निर्देश पर गोपाष्टमी के महापर्व पर पिपरिस स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र एवं कान्हा गौशाला में भगवान श्रीकृष्ण और गौ माता का विधि-विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। गो पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू महासंघ के विंध्याचल मंडल प्रभारी प्रमोद मिश्र रहे। उन्होंने कहा कि गोपाष्टमी का पर्व द्वापर युग से जुड़ा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नौ लाख गौ माताओं को चराने के लिए वन में छोड़ा था। इसी दिन उन्होंने गोवर्धन पर्वत उठाकर नंदगांव के निवासियों और गौ माता को इंद्रदेव के प्रकोप से बचाया था। इसी पौराणिक मान्यता के चलते गोपाष्टमी पर गौ

मुख्य अतिथि प्रमोद मिश्र ने गौपाष्टमी के धार्मिक महत्व पर डाला प्रकाश

माता और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने गौ माता के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौ संरक्षण और सेवा का संदेश दिया। दोनों गौशालाओं में परंपरागत तरीके से पूजन-अर्चन कर पर्व मनाया गया। इस मौके पर महेश त्रिपाठी, डॉ. रविंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. प्रहलाद गुप्ता, डॉ. विजेंद्र पासवान, मिथिलेश कुमार, सचिव मनोज कुमार मौर्य, ग्राम प्रधान हृदय नारायण, बंसीधर उपाध्याय, संजय तिवारी, बबलू, वेद मौर्य और पवन तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



ऊंज पहुंचे बिहार के युवक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

ज्ञानपुर। ऊंज थाना क्षेत्र में भटक रहे बिहार निवासी 21 वर्षीय युवक को पुलिस ने उसके परिजनों से मिलाकर सकुशल सुपुर्द कर दिया। युवक को अपने बीच पाकर परिजनों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस के अनुसार मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक युवक लावारिस हालत में घूमता मिला। वह मानसिक रूप से कमजोर था और अपना नाम-पता बताने में असमर्थ था। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ और उपलब्ध जानकारी के आधार पर उसकी पहचान धीरज कुमार पुत्र रमाशंकर राम निवासी ग्राम नरायना, थाना चेनारी, जनपद सासाराम (बिहार) के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने युवक के परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलने पर उसकी मां उषा देवी पत्नी रमाशंकर राम भदोही पहुंचीं। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ कर पहचान की पुष्टि की और युवक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। युवक को सुरक्षित पाकर मां की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिजनों ने भदोही पुलिस के इस प्रयास के लिए धन्यवाद दिया।

. पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया भैया दूज का पर्व

कांवल। भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व मंगलवार को पूरे जनपद में पारंपरिक रीति-रिवाजों और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव से लेकर शहर तक उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनके सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मान्यता के अनुसार भैया दूज पर यमुना नदी में स्नान करने और बहन के घर भोजन करने का विशेष महत्व है। विनय कुमार मिश्र ने बताया कि इस दिन भाई यमुना में स्नान कर बहन के घर भोजन करते हैं और सामर्थ्य के अनुसार बहन को धन, वस्त्र एवं आभूषण भेंट करते हैं। इससे भाई की आयु बढ़ने और भाई-बहन का रिश्ता अटूट रहने की मान्यता है। इसी परंपरा के चलते जनपद के विभिन्न नदी घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भाइयों ने बहनों के घर पहुंचकर तिलक लगवाया और बजरी खाने के साथ पारंपरिक भोजन ग्रहण किया। मान्यता है कि बहन के घर भोजन करने से परिवार में सुख-समृद्धि और अन्न-धन की वृद्धि होती है। पूरे दिन घरों में पूजा-पाठ, पारंपरिक गीतों और हंसी-खुशी के बीच पर्व मनाया गया।

नितेश उपाध्याय बने अखिल ब्राह्मण स्वाभिमान महासंघ के जिला मीडिया प्रमुख

सुरियावां । अखिल ब्राह्मण स्वाभिमान महासंघ ने संगठनात्मक विस्तार के तहत नितेश कुमार उपाध्याय को भदोही जिले का मीडिया प्रमुख नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति संगठन के संस्थापक पं. लक्ष्मण प्रसाद त्रिवेदी के अनुमोदन तथा राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की सहमति से की गई। नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. दुर्गेश पाण्डेय, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष पं. घनश्याम दुबे, उपाध्यक्ष पं. संजय शुक्ला, पं. पंकज दुबे, महासचिव पं. गंगाधर शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष पं. संदीप शुक्ला, प्रदेश कार्याध्यक्ष पं. अनुराग पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव अरुण पाण्डेय तथा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र पाण्डेय ने प्रसन्नता व्यक्त की। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नितेश उपाध्याय संगठन के प्रति समर्पण और सामाजिक सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

दीपावली के दिन युवती ने फंदे में लटक दी जान

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के अंतर्गत जंगीगंज चौकी अंतर्गत कुलमनपुर गांव में दीपावली के दिन एक 19 वर्षीय अविवाहित युवती ने कथित रूप से फंदे मे लटकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कुलमनपुर निवासी भारत मोदनवाल की पुत्री प्रियंका मोदनवाल (19) रविवार को घर की दूसरी मंजिल स्थित एक कमरे में थी। बताया गया कि घटना के

दूसरी मंजिल पर कमरे में मिला १९ वर्षीय युवती का शव

समय परिवार के अन्य सदस्य दीपावली की तैयारियों में घर के बाहर व्यस्त थे। इसी दौरान युवती की भाभी जब मकान की दूसरी मंजिल पर पहुंचीं तो कमरे के अंदर प्रियंका का शव फंदे से लटका देखकर उनके होश उड़ गए। भाभी ने तत्काल घटना की जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों को दी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जंगीगंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि प्रियंका दो भाइयों की इकलौती बहन थी। दीपावली के पर्व पर हुई इस घटना से परिवार में मातम पसरा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हर्षोल्लास के साथ विधि विधान पूर्वक पूजे गए गोवर्धन

गोपीगंज। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा अन्नकूट का पर्व परंपरागत ढंग से उत्साह के साथ मनाया गया,निज गृह के साथ जगह-जगह गोबर से गोवर्धन बनाकर पूजन किया गया। महिलाएं थाली में लाई, मिठाई आदि सजाकर पूजा स्थल पर पहुंची जहां एकजुट होकर महिलाओं ने गोधन गीत गाया कथा सुनाया व मूसल से गोधन की कुटाई की इस पर्व को लेकर घर घर खुशी का माहौल कायम रहा। गोपीगंज नगर मे सोनिया तालाब स्थित राधा कृष्ण मंदिर में देर रात तक चले गोवर्धन पूजा मे प्रतीकात्मक रूप से गोवर्धन बनाकर उनका पूजन किया गया। पूजन सामग्री के साथ पहुची महिलाए मंगलगीत गाते हुए विधि विधान पूर्वक पूजन किया बताया जाता है कि दिपावली के बाद मनाये जाने वाले पर्व गोवर्धन पूजा का भारतीय संस्कृति मेअत्यअधिक महत्व है इस दौरान भव्य झांकी सजा कर प्रसाद चढ़ाया गया।

खेल हमारे मानसिक तनाव को दूर करता है -ठाकुर रवि सिंह

गोपीगंज। सुरियावां क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में राजाराम सिंह अण्डर-16 टी 20 क्रिकेट महाकुंभ के प्रथम संस्करण का उद्घाटन क्षेत्र की युवा समाजसेवी ठाकुर रवि सिंह के द्वारा फीता काटकर किया। शुभारंभ के पश्चात खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में नैतिकता व संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। खिलाडियों को सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इस कम आयु के खिलाड़ियों को ऐसे कड़ी स्पर्धाओ से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा । इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक विजय शंकर राय मीडिया प्रभारी राजमणि पांडेय, कोषाध्यक्ष राज कुमार सरोज,उपाध्यक्ष दिनेश यादव दादा जेपी सिंह हरी चौहान अमर सिंह सभाजीत विंद आजाद स्पोर्ट्स क्लब के कोच अवध विहारी यादव मछलीशहर क्रिकेट एकेडमी के कोच गुंजन पाण्डेय सेवापुरी के कोच आरुष दूबे आदि लोग मौजूद रहे। प्रारंभिक मैच सेवापुरी व मछलीशहर के बीच खेला गया जिसमें टांस सेवापुरी की टीम जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 221रन बनाए। जिसमें नितिश कुमार ने 41रन,अमन 31 रन, आकाश ने 29 रन व जयप्रकाश ने 22 रनों की पारी खेली। मछलीशहर की तरफसे गेंदबाजी में प्रियांशु यादव ने 3 विकेट , आदित्य, आर्यन व अंकुश न 2-2 विकेट लिए। जबाब में उतरी मछलीशहर की टीम 15 ओवर में सभी विकेट खोकर सिर्फ89 रन ही बना सकी। जिसमें मंगेश 19 रन, श्रेयांस 14 रन व प्रियांशु ने 12 रनों का योगदान किया इसके अलावा अन्य बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए। सेवापुरी की तरफसे गेंदबाजी में पियूष व आर्यन ने 3-3विकेट, आदर्श ने 2 विकेट लिए । मैच के निर्णायक चंदन सिराज व राजन यादव, स्कोरर अंकुर यादव व एशवर्धन राजपूत रहें।

दीपावली पर सुरियावां के बाजारों में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़

सुरियावां। दीपावली के त्योहार पर इस वर्ष सुरियावां के बाजारों में खरीदारों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। नगर के प्रमुख बाजारों और सड़कों पर सुबह से देर शाम तक चहल-पहल बनी रही। स्थिति यह रही कि कई स्थानों पर लोगों को पैदल निकलने तक में परेशानी हुई। जाम में फंसने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अटल चौराहा, बाईपास रोड, रामलीला मैदान, शास्त्री नगर, गल्ला मंडी, त्रिमुहानी, पुरानी बाजार, चौक बाजार, थाना परिसर के आसपास, नया गंज, स्टेशन रोड, नेता नगर फाटक गली और अंबेडकर नगर चौराहे तक बाजारों में भारी भीड़ रही। लोग दीपावली की खरीदारी में जुटे रहे। मिठाई, कपड़े, सजावटी सामान, पूजन सामग्री और अन्य जरूरी वस्तुओं की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। इस बार बाजारों में उमड़ी भीड़ को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा रही। लोगों का कहना था कि उन्होंने लंबे समय बाद इतनी बड़ी संख्या में खरीदारों को बाजारों में देखा है। त्योहार के दौरान बाजारों की रौनक और खरीदारी की तेजी ने कारोबारियों के चेहरे पर भी खुशी ला दी। लोगों ने भीड़ को देखते हुए इसे उत्साहपूर्ण दीपावली बताया।

पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

सीतामढ़ी। कोइरौना थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध पौराणिक एवं पर्यटन स्थल सीतामढ़ी में पार्किंग के नाम पर पर्यटकों से कथित अवैध वसूली का मामला सामने आया है। यहां दर्शन-पूजन और पर्यटन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से 100 से 500 रुपये तक वसूले जाने की शिकायत है। आरोप है कि इस वसूली के लिए न तो कोई रसीद दी जाती है और न ही पार्किंग स्थल पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पार्किंग के नाम पर मनमानी वसूली का सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। दूर-दराज से परिवार के साथ आने वाले पर्यटकों को मजबूरी में निर्धारित रकम देनी पड़ती है।

परिंदों के लिए हम छत पर पानी अब भी रखते हैं-साबिर जौहरी

भदोही। कौमी तराना सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा के रचयिता व प्रख्यात शायर अल्लामा इकबाल की यौम-ए-पैदाइश पर उर्दू डे के अवसर पर सोमवार की रात नगर के बाजार सरदार खां मोहल्ले में अराकीने बज्म-ए-गुलशन-ए-अदब की जानिब से अदबी शेरी नशिस्त और काव्य गोष्ठी का एहतमाम किया जाएगा। जिसका आगाज नात-ए-पाक पेश कर शायर जावेद आसिम और अखलाक खंजरी ने किया। इस दौरान अल्लामा इकबाल के व्यक्तित्व और उनकी शायरी पर प्रकाश डालते हुए उस्ताद शायर साबिर जौहरी ने कहा कि इकबाल के जन्मदिन को उर्दू दिवस के रूप में मनाया जाता है और उर्दू हमारे मुल्क हिन्दुस्तान की जुबान है। इसकी उत्पत्ति हिन्दुस्तान में हुई और इसकी परवरिश भी यहीं हुई है। आज उर्दू भाषा कई दूसरे मुल्कों में भी बोली जाती है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

गोपीगंज। क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जापुर रोड नगर स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय के पीछे रेलवे ट्रैक के किनारे रविवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सोमवार को परिजनों ने सोशल मीडिया पर फोटो देख पहचान की। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गोपीगंज क्षेत्र के मिर्जापुर रोड निवासी निवासी शुभम (21) पुत्र राजेश जायसवाल रविवार को अचानक घर से पटाखा बजाने के बहाने निकल गया था। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच रविवार की रात कुछ लोगों ने कस्तूरबा स्कूल के पीछे रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक को मृत अवस्था में पड़ा देखा। इसकी सूचना मंडी चौकी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची

रेलवे ट्रैक के किनारे मिला शव, सोमवार को परिजनों ने फोटो देखकर की पहचान

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बताया जाता है कि प्रयागराज से वाराणसी की ओर जा रही दादर-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी। सोमवार को जानकारी मिलने पर परिजन मंडी चौकी पहुंचे और पुलिस द्वारा दिखाई गई फोटो देखकर शव की पहचान शुभम के रूप में की। परिजनों के मुताबिक युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था जिसका इलाज भी चल रहा था। वह दो भाइयों में छोटा था।

ग्राम प्रधान राजेंद्र सरोज के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक

सुरियावां । क्षेत्र के ग्राम बेला निवासी एवं ग्राम पंचायत मानशाहपुर के प्रधान राजेंद्र कुमार सरोज के पिता रोहित सरोज (60) का रविवार सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह पूर्व कोटेदार थे। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार और शुभचिंतकों में शोक छा गया। उनके निधन पर काशीनाथ उपाध्याय, अशोक श्रीवास्तव एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह, प्रधान चंद्रेश यादव, विजय कुमार सिंह, उमाशंकर उपाध्याय, विशाल उपाध्याय, सभाजीत सरोज और राकेश सरोज सहित अन्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

धारा ८४ बीएनएसएस के तहत दो वांछितों के घर नोटिस चस्पा

चौरी। थाना चौरी में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे दो वांछित अभियुक्तों के खिलाफन्यायालय ने धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा नोटिस जारी किया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अभियुक्तों के आवास और सार्वजनिक स्थलों पर डुगडुगी बजवाकर मुनादी कराई और उनके मकानों पर नोटिस चस्पा किया। पुलिस के अनुसार, थाना चौरी में दर्ज मु0अ0सं0 187/2025 में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों के इस्तेमाल और एनडीपीएस एक्ट से संबंधित धाराओं में दिलीप कुमार पुत्र हरिश्चंद्र निवासी आजाद नगर, नई बाजार भदोही तथा अंशिका गुप्ता पत्नी विजय कुमार गुप्ता निवासी गोला दीनानाथ, वाराणसी वांछित हैं। दिलीप कुमार दिलीप मेडिकल स्टोर एवं आयुष इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर हैं, जबकि अंशिका गुप्ता मेसर्स राजेंद्र एंड संस फर्म की प्रोपराइटर हैं। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट-द्वितीय की अदालत ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुपालन में अपराध शाखा विवेचना सेल के विवेचक निरीक्षक रामनिवास सिंह ने पुलिस टीम के साथ अभियुक्तों के निवास स्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर विधिक प्रक्रिया के तहत मुनादी कराई। इसके साथ ही उनके मकानों पर न्यायालय का नोटिस चस्पा किया गया। पुलिस ने बताया कि निर्धारित तिथि तक न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर दोनों अभियुक्तों की संपत्ति कुर्क करने की अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

धान बिक्री के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य नहीं, पुरानी व्यवस्था से करा सकेंगे पंजीकरण

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने किसानों को राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि चालू धान खरीद सत्र में सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य नहीं है। किसान पूर्व में प्रचलित व्यवस्था के तहत पंजीकरण कराकर भी अपना धान बेच सकते हैं। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बन चुकी है, वे उसके माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं। डीएम ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए फार्मर रजिस्ट्री में दूसरे गांवों में स्थित कृषि भूमि जोड़ने का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। किसान कृषि विभाग के कर्मचारियों, लेखपाल, पंचायत सहायक अथवा जनसेवा केंद्र के माध्यम से भूमि जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद लेखपाल राजस्व अभिलेखों का सत्यापन कर भूमि को फार्मर आईडी में शामिल करेंगे। खतौनी और आधार कार्ड में नाम की भिन्नता होने पर किसान लेखपाल से संपर्क कर अभिलेखों में सुधार करा सकते हैं। वहीं फार्मर रजिस्ट्री में कम भूमि दर्ज होने या दूसरे गांव की भूमि छूटने पर संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी से संपर्क कर समाधान करा सकते हैं। धान खरीद से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है। किसान पंजीकरण अथवा धान बिक्री संबंधी शिकायत के लिए मोबाइल नंबर 9140777548 पर संपर्क कर सकते हैं। डीएम ने किसानों से किसी भी तरह के भ्रम में न पड़ने और निर्धारित प्रक्रिया के तहत सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने की अपील की है।

सुबह से लापता महिला का एमबीएस अस्पताल के कमरे में मिला शव

भदोही। कोतवाली क्षेत्र के चकइनायत कटरा बाजार से मंगलवार की सुबह से लापता एक महिला का शव सायं के लगभग 5.30 बजे एमबीएस अस्पताल के एक कमरे में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि महिला ने फांसी लगाकर लिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। इस संदिग्ध मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त वार्ड के सभासद गिरधारी जायसवाल ने बताया कि महिला उनके वार्ड के मोहल्ले की निवासिनी थी। उनके बचपन के एक साथी का कॉल आया कि सुबह से हमारी पत्नी गायब है। सभासद ने बताया कि वह उस समय स्टेशन रोड पर थे। उन्होंने कहा कि चलिए थाने आ जाइए, हम लोग आ रहे हैं। वह भी थाने पहुंचे। थाने में बैठकर एप्लीकेशन लिख रहे थे, तभी एक दीवान का फोन आया। उसके बाद, महिला के पड़ोसी और उनके देवर मौके पर पहुंचे। एमबीएस अस्पताल के उस कमरे में देखा गया तो जिस महिला का शव बरामद हुई वह उक्त मोहल्ला निवासी सलीम अंसारी पुत्र जहीर अंसारी की पत्नी बदरुन्निसा 48 वर्ष थी। शिनाख्त सलीम की पत्नी के रूप में हुई। मृतका के पति सलीम ने बताया कि पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी। सुबह के समय वह घर पर वंदन बैंक जाने के लिए कह कर निकली थी। उसके बाद जब महिला शाम तक नहीं पहुंची तो परिजन उनकी तलाश शुरू कर दिए। महिला वहां तक कैसे पहुंची, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल परिजन महिला के द्वारा फांसी लगा लेने की बात से इंकार कर रहे हैं। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि महिला की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है।? मृतका को 4 बेटी और दो बेटे हैं, दो बेटियों की शादी हो गई है, जबकि अभी दो बेटियां और दोनों बेटे अविवाहित हैं। दोनों बेटे गुजरात के सूरत शहर में रहकर मजदूरी करते हैं।

दीपावली के पटाखों से बिगड़ी हवा की सेहत, सुबह छाया धुएं और स्माग का असर

कांवल। दीपावली पर रविवार की रात हुई जमकर आतिशबाजी का असर सोमवार सुबह वातावरण में साफदिखाई दिया। पटाखों से निकले धुएं के चलते जनपद के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रभावित हुई। सुबह आसमान में धुंध और धुएं की परत छाई रही, जिससे कई स्थानों पर दृश्यता भी कम हो गई। दीपावली की रात देर तक पटाखे जलाए जाने से वातावरण में धुआं फैल गया। सुबह होते-होते कोहरे और प्रदूषण के मिश्रित असर ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। कई इलाकों में सड़कें धुंध की चादर में ढकी नजर आईं। लोगों को आसपास की वस्तुएं देखने में भी परेशानी हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार दीपावली की रात आतिशबाजी के बाद सुबह हवा में धुएं की गंध महसूस की गई। खासकर खुले इलाकों में धुंध का असर अधिक दिखाई दिया। हालांकि जनपद में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन सुबह वातावरण में धुएं और धुंध की मौजूदगी ने प्रदूषण को लेकर चिंता बढ़ा दी।

टेलीग्राम पर बच्चों की अश्लील तस्वीरें और वीडियो साझा करने वाला युवक गिरफ्तार

ज्ञानपुर। टेलीग्राम ऐप पर कई ग्रुप बनाकर बच्चों की अश्लील वीडियो और फोटो संकलित करने तथा उन्हें शेयर करने के आरोप में कोईरौना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त रेडमी मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, साइबर टिपलाइन के माध्यम से थाना कोईरौना को एक रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। इसमें जानकारी दी गई थी कि एक व्यक्ति टेलीग्राम ऐप पर कई ग्रुप बनाकर बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो और फोटो एकत्र कर रहा है तथा उन्हें अन्य लोगों के साथ साझा कर रहा है।

कोषागार भदोही के चार लेखाकार बने सहायक कोषाधिकारी

ज्ञानपुर। शासन की ओर से कोषागार में कार्यरत चार लेखाकारों को पदोन्नति देकर सहायक कोषाधिकारी/उपकोषाधिकारी बनाया गया है। एक ही कोषागार से चार कर्मचारियों को एक साथ पदोन्नति मिलने से अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। पदोन्नति पाने वालों में अवनींद्र नाथ शुक्ल, अजय कुमार सिंह, मथुरा राम यादव और अनिल कुमार सोनकर शामिल हैं। शासन की ओर से इन सभी को नई जिम्मेदारी सौंपे जाने पर कोषागार के कर्मचारियों ने प्रसन्नता जताई। इसे उनकी लंबे समय से चली आ रही सेवाओं, कार्यनिष्ठा और विभागीय योगदान का प्रतिफल माना जा रहा है। वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजेश सिंह ने पदोन्नति प्राप्त करने वाले सभी कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कोषागार के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कहा गया कि नई जिम्मेदारियों के साथ पदोन्नत अधिकारी अपने अनुभव और कार्यकुशलता का उपयोग करते हुए विभागीय कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाएंगे। उनकी यह उपलब्धि कोषागार के अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। एक ही कार्यालय से चार कर्मचारियों की पदोन्नति को विभागीय स्तर पर विशेष उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इससे कोषागार परिवार में उत्साह का माहौल है।

छठ पूजा में कैसे देंगी व्रती महिलाएं अर्घ्य, घाटों पर पसरी गंदगी और अव्यवस्था

सुरियावां। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं, लेकिन सुरियावां नगर और आसपास के गांवों में कई तालाबों एवं घाटों की बदहाल स्थिति व्रती महिलाओं के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। घाटों पर सफाई और जरूरी व्यवस्थाओं के अभाव में श्रद्धालुओं के सामने अर्घ्य देने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के निमकौड़िया तालाब, बावन बीघा तालाब, पुरानी बाजार स्थित जोधराज सिंह तालाब, पट्टीबेजाव और इकौनी सहित अन्य स्थानों पर छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाएं भगवान सूर्य को अर्घ्य देती हैं। वहीं, बहुता, चकदाही, बलीपुर, अभिया और तुलापुर बहादुरान सहित कई गांवों की महिलाएं वरुणा नदी के घाटों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना करती हैं। सबसे खराब स्थिति निमकौड़िया तालाब घाट की बताई जा रही है। 13 मई को आए आंधी-तूफान के दौरान प्राचीन हनुमान मंदिर के पास तालाब घाट पर एक विशालकाय पेड़ गिर गया था, जो अब तक नहीं हटाया गया है।

शान्तिकी कूटनीति

दीपावली महापर्वके ठीक एक दिन बाद सोमवारको रूस-यूक्रेन युद्धके सन्दर्भमें शान्तिके प्रयासोंकी दिशामें भारतने बहुत बड़ी पहल की है और इसके निहितार्थको वैश्विक परिप्रेक्ष्यमें देखनेकी आवश्यकता है। यह शान्ति कूटनीतिका महत्वपूर्ण दृष्टान्त है। सोमवारको जहां प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने यूक्रेनके राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्कीसे फोनपर लम्बी वार्ता की वहीं उसी समय परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकरने भी रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोवसे बेहद खास वार्ता कर शान्तिके प्रयासोंकी दिशामें बड़ा कूटनीतिक सन्देश दिया है। रूस-यूक्रेनके बीच लगभग चार वर्षोंसे जारी युद्धको समाप्त करनेकी यह प्रशंसनीय कोशिश है। इन वार्ताओंसे यह प्रश्न उठने लगा है कि क्या भारत इसमें मजबूत भूमिका निभा सकता है ? प्रधान मंत्री मोदीने जेलेंस्कीसे स्पष्टत: कहा है कि भारत संघर्षका शान्तिपूर्ण समाधान निकालनेके लिए हर प्रयासमें योगदान करनेको तैयार है। यह भारतकी उस विदेश नीतिका हिस्सा है जिसमें राष्ट्रीय हित, रणनीतिक स्वायत्तता और शान्ति कूटनीतिको एक साथ साधनेका प्रयास किया जाता है। भारतकी यह कूटनीतिक सक्रियता अचानक नहीं बढ़ी है। इसके पूर्व प्रधान मंत्री मोदी रूसके राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिनके साथ भी यूक्रेन युद्धको लेकर चर्चा कर चुके हैं। परराष्ट्रमंत्री जयशंकरने विगत ३१ अक्तूबरको ही संकेत कर दिया था कि भारत रूस, यूक्रेन, यूरोपीय देशों और अमेरिकाके सम्पर्कमें है। मोदीने दिल्लीमें पुतिन और इसके पहले बिश्केकमें भी इस मुद्देपर वार्ता की थी। जयशंकर स्वयं मास्को और कीवका दौरा कर चुके हैं। मोदीने भारतके मानवीय दृष्टिकोणको दोहराते हुए कहा है कि युद्धका समाधान बातचीत और कूटनीतिसे ही होना चाहिए। नौ नवम्बरको भारतने जो शान्ति वार्ताकी है वह समय भी काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि १० और ११ नवम्बरको अबूधाबीमें अमेरिका, रूस और यूक्रेनके प्रतिनिधियोंके बीच वार्ता प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य युद्ध समाप्त करनेकी दिशामें कूटनीतिक रास्ता तलाशना है। भारतकी विदेश नीतिका एक महत्वपूर्ण आधार रणनीतिक स्वायत्तता है। रूस और यूक्रेनके मामलेमें यह नीति स्पष्टत: दिखायी देती है। रूस भारतका पुराना कूटनीतिक साझेदार है वहीं दूसरी ओर यूक्रेनके साथ भी भारतके विभिन्न क्षेत्रोंमें सम्बन्ध हैं। भारतने पश्चिमी देशोंके दबावके बाद भी रूसके साथ अपने सम्बन्ध यथावत बनाये रखा है। ताजा वार्ताओंका यह संकेत है कि भारत किसी एक पक्षके साथ खड़े होनेकी बजाय दोनों पक्षोंके बीच संवादके रास्ते खुले रखनेका पक्षधर है। शान्ति कूटनीतिमें कुछ बाधाएं और चुनौतियां भी हैं। यदि इसे खुले विचारसे सुलझानेका प्रयास किया जाय तो बड़े सार्थक परिणाम सामने आ सकते हैं, जो विश्वके हितमें है।

अनुकरणीय कानून

दिल्ली सरकारने लापरवाह अधिकारियोंकी नकेल कसते हुए जो नया कानून अधिसूचित किया है, वह उचित और आजके सन्दर्भमें अति आवश्यक है। राष्ट्रीय राजधानीमें 'दिल्ली सेवा वितरण अधिकार अधिनियम, २०२६' अधिसूचित कर दिया गया है, जो सरकारी सेवाओंको समयपर पारदर्शी और जवाबदेही बनानेकी दिशामें बड़ा कदम है। यह अधिनियम २०११ के पुराने समयबद्ध सेवा वितरण कानूनकी जगह लेगा और एक आधुनिक जवाबदेह व्यवस्था लागू करनेमें मदद करेगा। इसके तहत अब समयपर काम नहीं होनेपर अधिकारियोंपर जुर्माना लगेगा। निर्धारित समयमें काम नहीं होने या अनुचित कारणसे आवेदन निरस्त करनेपर जिम्मेदार अधिकारीपर २५० रुपये प्रतिदिनके हिसाबसे अधिकतम ५००० रुपयेतक जुर्माना लगेगा। इस कानूनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अब नागरिक अपने आवेदनकी स्थिति आनलाइन ट्रैक कर सकेंगे और उन्हें अनावश्यक कार्यालयोंके चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस नये कानूनका उद्देश्य सरकारी विभागोंमें सेवाओंको निर्धारित समय-सीमामें बांधना और अनावश्यक देरीके लिए अधिकारियोंकी जवाबदेही तय करना है। खास बात यह है कि अब विभागोंको सभी आवेदनका डिजिटल रिकार्ड रखना होगा और उनकी स्थिति नियमित रूपसे अपडेट करनी होगी। इस अधिनियमका एक महत्वपूर्ण प्रावधान स्वत: अपील (आटोमेटिक एस्क्लेशन) की व्यवस्था है जो नागरिक शिकायत निवारण प्राधिकरणके समक्ष अपील माना जायगा। सूचनाका अधिकार कानून (आरटीआई) के बाद यह दूसरा ऐसा कानून है जिसके माध्यमसे लापरवाह अधिकारियोंको कर्तव्यबोध कराया गया है। यह कानून सभी राज्योंके लिए अनुकरणीय है। इसे पूरे देशमें लागू किया जाना चाहिए।

लोक संवाद

पंचतंत्रकी शिक्षाएं

महोदय,- लुटियंस दिल्लीमें हुए हालिया घटनाक्रमको याद करते हुए, शिक्षा-शास्त्रके प्राचीन ग्रंथ, पंचतंत्रकी ओर ध्यान जाता है। यह हमें इन दिनों दुर्लभ सुकून और समझ प्रदान करता है। पंचतंत्रमें पांच चक्र हैं, जो एक रहस्यमयी परतोंमें गुंथे हैं। इसकी लोकप्रियता कई पाठकोंको इसे जानवरोंकी काल्पनिक कथाओंका संग्रह समझनेपर मजबूर करती है, जिसमें जीवन जीनेके ढंग सिखाने वाले मूल्य हैं। यह बात कुछ कहानियोंके लिए सच हो सकती है, सबके लिए नहीं। इसीलिए कुछ चुनिन्दा कहानियां बच्चोंके लिए बनी मानी जाती हैं। पंचतंत्रकी ज्यादातर कहानियोंमें एक गहरा राजनीतिक और प्रशासनिक संदेश है जिसकी व्याख्या करना एक चुनौती है। इनका ताना-बाना भी कम महत्वपूर्ण नहीं। इसमें प्रतीकात्मक अर्थोंकी अनेक परतें हैं और यही चीज कहानियोंमें है। वे हमें उन अलग-अलग पहलुओंको समझनेमें मदद करती हैं जिनसे आम लोग राज्य-व्यवस्थासे जुड़े महसूस करें। नागरिक अथवा मानवाधिकारोंका विचार आनेसे कहीं पहले लिखे गये 'पंचतंत्र' की बनावट, कहानियां और पात्र हमारी वर्तमान मुश्किलोंसे बहुत मिलते-जुलते हैं। पंचतंत्र हमें उन अनेक तरीकोंकी याद दिलाता है जिनके माध्यमसे समाजके आम लोग उस नीतिका पालन करते हैं, जिसपर राज्य-व्यवस्थाको आधारित माना जाता है। नीतिशास्त्रकी पुस्तकके रूपमें पंचतंत्रके पास आज हमें देनेके लिए उससे कहीं ज्यादा है जितना हम जानते हैं। हालांकि इसकी हर कहानी उस समस्याको हल करके खत्म होती है जिसको आधार बनाकर उसकी शुरुआत होती है, लेकिन कहानीके आखिरमें हमेशा बहसका परिदृश्य बनता है, जो कथानकके परिणामको रेखांकित करती है। दुनियाके मामलोंपर विचार करनेमें, भाग-२ की कहानीके पात्र विशेषको पढ़कर बहुत खुशी मिलती है, जो एकदम अलग परिवेश वाले चार जीवों- एक कौआ, एक हिरण, एक चूहा और एक कछुआकी दोस्तीसे जुड़ी है। हर दोपहर, वे एक प्राचीन पेड़के नीचे इकट्ठा होते हैं और अपनी दुनिया यानी जंगलका जायजा लेते हैं। यूनिवर्सिटी या कालेजके लिए इससे बेहतर आदर्श उदाहरण क्या हो सकता है। उन्होंने एक अलग ही आदर्श अपना लिया है। यानी अपनी-अपनी सफलताके लिए मुकाबला करना और जो भी राज्य-व्यवस्था हो, उसके आगे झुक जाना। हजारों छात्र अपना लक्ष्य पानेमें नाकाम रहते हैं। पंचतंत्रका भाग-३ या तीसरा चक्र, स्थाई दुश्मनीकी भावनाके बारेमें है। यह चक्र अलग-अलग किस्मकी सलाहें और साजिशोंसे पैदा हुए भयानक नतीजे दर्शाता है। कोई हैरानी नहीं कि तीसरे भागके बाद आखिरी दो भाग आते हैं, 'लाभका नुकसान' और 'बिना जांचे-परखे काम करना'। इन दोनों भागोंका मर्म दुखद है, जो नीतिपर अमल न करनेके अंजामसे चेताता है। चौथे भागमें, कहानी धोखेके परिणामोंके बारेमें है। यह एक लोकप्रिय कहानी है, जो एक बंदर और मगरमच्छके बीच दोस्तीके इर्द-गिर्द बुनी गयी है। उनके रिश्तेको मीठे फल वाले उस पेड़ने बढ़ावा दिया, जिसपर एक बंदर रहता है और जिसके नीचे मगरमच्छ हर दिन अपने दोस्तसे मिलने आता है। संकट तब पैदा होता है जब मगरमच्छ बंदरको धोखा देता है। लगभग उसकी जान ही चली गयी थी, लेकिन युक्ति लगाकर बच निकलता है। परन्तु इसके बादसे पुरानी दोस्ती निभानेसे साफ मना कर देता है। पंचतंत्र कोई पक्का हल नहीं बताता। इसके बजाय यह जिन्दगी और राजकाज करनेका एक ऐसा नजरिया बताता है जो परिस्थितिके हिसाबसे काम करे। कई दूसरी पुरानी सलाहोंके उलट, जो सख्त, उसूलों वाले व्यवहारके बारेमें बताती हैं, पंचतंत्र हमसे हर नयी स्थितिके हिसाबसे प्रतिक्रिया देनेके लिए कहता है। यह ऐसा नहीं है कि हम सहारेके बिना रह सकें, बल्कि इन शिक्षाप्रद कथाओंमें यह बात छिपी है कि नीति या सही रास्ता हमें लगातार खुदको सुधारनेकी गुंजाइशके साथ जीनेका राह दिखाता है। -**कृष्ण कुमार, वाया ईमेल।**

ट्रम्पके खिलाफ अमेरिकी मतदाता

अमेरिकी मतदाताओंका मानना है कि ट्रम्पने अमेरिकाकी आर्थिक स्थितिको खराब कर दिया है। जिससे आम लोगोंका जीना मुश्किल हो गया है। 'ब्लू सुनामी' ही कहा जायेगा इसे। यह आधुनिक इतिहासमें किसी मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपतिके खिलाफ सबसे बड़े जनादेशोंमें से एक रहा है।

❑ पुष्परंजन

अमेरिकी मतदाताओंके पास ट्रम्पकी निरंकुश सत्ताको नकारने, ईरानमें उनके अलोकप्रिय युद्ध, जीवनयापनकी भारी-भरकम लागतको कम करनेमें उनकी विफलता और पूरी दुनियामें आर्थिक अफरा-तफरी मचानेके खिलाफ अपना फैसला सुनानेका मौका था। अमेरिकी मतदाताओंने ट्रम्प समर्थकोंके 'एमएजीए' (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) के एकाधिकार को जबरदस्त 'ब्लू वेव' के जरिये समाप्त कर दिया। निचले सदन 'हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स' और ऊपरी सदन 'सीनेट' पर अब डेमोक्रेट्सका नियंत्रण दिखने लगा है। इससे डेमोक्रेट नेता हकीम जेफरीजके लिए इस सदनका पहला अश्वेत स्पीकर बननेका रास्ता साफ हो चुका है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यकीनन इस कालखंडके सबसे बड़े इसरायल समर्थक राष्ट्रपति रहे हैं। इसलिए उनकी यह घोषणा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इसरायलको चार बिलियन डालरकी वार्षिक सहायता देना बंद कर देगा, आश्चर्यजनक थी। इस घोषणाको भूकम्पीय थरथरीसे कम मत मानिये, जिसे तेल अवीवतक तीव्रतासे महसूस किया गया। नेतन्याहूके कट्टर समर्थकोंका विचार भी बदलने लगा। वे मानने लगे कि ट्रम्पसे मिलकर उन्होंने देशको धोखा दिया है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इतनी आसानीसे पराजय स्वीकार करने वाले प्राणी नहीं हैं। उन्हें अपने 'वीटो' पर भरोसा है। ट्रम्पने कहा कि वे सदनमें डेमोक्रेट-समर्थित कानूनोंको रोकनेके लिए 'वीटो पावर' का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा 'यह राष्ट्रपतिके पास मौजूद सबसे मजबूत शक्तियोंमेंसे एक है। वे ऐसी चीजें भेजेंगे, जो बिल्कुल बेतुकी होंगी और मैं उनपर वीटो लगा दूंगा। कुछ महीनोंतक वीटो लगानेके बाद वे पूछेंगे कि इन कामोंको कैसे पूरा किया जाय और फिर हम मिलकर काम करेंगे।' लेकिन ट्रम्प यह भूल जाते हैं कि अमेरिकी संसदमें 'वीटो-प्रूफ बहुमत' भी होता है।

पिछले दिनोंके चुनावमें कोई स्पष्ट विजेता नहीं होने और नेतन्याहूके भविष्यपर अनिश्चितताके बाद इसरायल राजनीतिक अधरमें है। चार अरब डालरकी वार्षिक सैन्य सहायता बंद कर देनेकी घोषणाने दोनों देशोंके बीच संबंधोंके भविष्यपर गम्भीर सवाल खड़े कर दिये हैं। इससे ठीक एक सप्ताह पहले इसरायलमें चुनाव हुए थे, जिसमें नेतन्याहूने बार-बार इस बातपर जोर दिया था कि अमेरिकी राष्ट्रपतिके साथ उनके संबंधोंसे रणनीतिक अवसर मिलते हैं। ट्रम्पके ताजा बयानोंके अनुसार दोनों नेताओंके बीच इस सहायताको समाप्त करनेको लेकर महीनों पहले ही सहमति बन गयी थी, जबकि मौजूदा समझौता २०२८ तक लागू रहना था। ट्रम्पने दावा किया कि खुद नेतन्याहूने ही इस बदलावका प्रस्ताव दिया था। आखिर क्यों ? क्या नेतन्याहूने मान लिया कि वे सरकार नहीं बना पायंगे। बना भी ली तो मनमर्जी चला नहीं पायंगे और जब इसरायलका नियंत्रण किन्हीं और हाथोंमें चला जाय तो ट्रम्पसे कहकर उसकी डोर क्यों न काट ली जाय। हालांकि नेतन्याहूने सार्वजनिक रूपसे यह वकालत की थी कि अगले एक दशकमें अमेरिकी सैन्य सहायताको धीरे-धीरे खत्म कर दिया जाना चाहिए। इसका असर गठबंधन बनानेकी बातचीतपर भी पड़ने लगा है। जो पार्टियां थोड़ा-बहुत नेतन्याहूके नेतृत्वको बर्दाश्त कर गठबंधन वाली सरकारमें शामिल होनेपर विचार कर रही थीं, अब उनके नेता बिदकने लगे हैं। उनके सामने एक बड़ा सवाल है कि भविष्यके सरकारी बजटपर पड़ने वाले वित्तीय बोझको कैसे संभाला जायगा।

ट्रम्पके कार्यकालके खत्म होनेसे पहले इसरायलके पास २८ महीनेका समय है, जिसमें वह ईरान, गाजा और लेबनानमें चल रही प्रक्रियाओंको और अधिक मजबूत कर सकता है। मौजूदा समझौतेके तहत इसरायलको सालाना ३.८ अरब डालर मिलते हैं, जिसमें ३.३ अरब डालरकी सैन्य फंडिंग और ५०० मिलियन डालर संयुक्त मिसाइल-रक्षा कार्यक्रमोंके लिए शामिल हैं। यदि इस सहायताको जल्दबाजीमें वापस लिया जाता है तो रक्षा खरीद, बजट योजना और महत्वपूर्ण सुरक्षा क्षमताओंको बनाये रखनेको लेकर तुरन्त सवाल खड़े हो जायंगे। विदेश नीतिके ऐसे विश्लेषक, जो रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक, दोनों प्रशासनोंमें काम कर चुके हैं, मानते हैं कि इसरायलकी अर्थव्यवस्था अब इतनी मजबूत हो चुकी है कि उसे सैन्य उपकरण खरीदनेके लिए अमेरिकी मददकी जरूरत नहीं है। वैश्विक मामलोंके विश्लेषक और नयी किताब 'ब्रिंक' के लेखक ब्रेट मैकगर्क भी उनमेंसे एक हैं।

अमेरिकामें राजनीतिक हालातको भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। डेमोक्रेट्सने ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए हाउस और सीनेट, दोनोंपर अपना नियंत्रण बना लिया है। डेमोक्रेट्सने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पकी भारी अलोकप्रियताका फायदा उठाया और इतनी ताकत हासिल कर ली है कि वे उनके कार्यकालके आखिरी दो वर्षोंमें उनपर लगाम रख सकें। डोनाल्ड ट्रम्पका वर्तमान राष्ट्रपति कार्यकाल जनवरी, २०२९ में समाप्त होना तय है। लेकिन तबतक क्या वे शांत बैठेंगे। ट्रम्पने 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' को बताया कि वे नतीजोंको स्वीकार करेंगे। इससे फिलहाल उन सवालोंपर विराम लग गया है कि क्या वे इन नतीजोंको चुनौती देंगे।

ट्रम्प इतनी आसानीसे पराजय स्वीकार करने वाले प्राणी नहीं हैं। उन्हें अपने 'वीटो' पर भरोसा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पने जोर देकर कहा कि वे सदनमें डेमोक्रेट-समर्थित कानूनोंको रोकनेके लिए 'वीटो पावर' का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा, 'यह राष्ट्रपतिके पास मौजूद सबसे मजबूत शक्तियोंमेंसे एक है। वे ऐसी चीजें भेजेंगे, जो बिल्कुल बेतुकी होंगी और मैं उनपर वीटो लगा दूंगा। कुछ महीनोंतक वीटो लगानेके बाद वे पूछेंगे कि इन कामोंको कैसे पूरा किया जाय और फिर हम मिलकर काम करेंगे।' लेकिन ट्रम्प यह भूल जाते हैं कि अमेरिकी संसदमें 'वीटो-प्रूफ बहुमत' भी होता है। अमेरिकी संविधानके अनुच्छेद १, धारा ७ के अनुसार यदि राष्ट्रपति किसी बिलको वीटोके जरिये अस्वीकार कर देते हैं तो उसे दोबारा कानून बनानेके लिए अमेरिकी संसदके दोनों सदनोंमें दो-तिहाई बहुमतसे पास होना जरूरी है। जब किसी एक राजनीतिक दल या गठबंधनके पास दोनों सदनोंमें यह संख्या बल होता है तो उसे 'वीटो-प्रूफ बहुमत' कहा जाता है।

सितंबर, २०२५ में ट्रम्पने एच-१बी वीजाकी फीस ८८ लाख रुपये कर दी थी, ताकि यह संदेश जाय कि वे अमेरिकी नागरिकोंके लिए नौकरियां सुरक्षित कर रहे हैं। ट्रम्पका 'अमेरिका फर्स्ट', 'टैरिफ बम' और ईरानकी तबाही भी अमेरिकी वोटरोंको नापसंद आयी। सितंबर, २०२६ के अंतमें हुई फ्लाईदुबई विमानकी खौफनाक घटनाको भी ट्रम्प और नेतन्याहूने अपने राजनीतिक उल्लू सीधे करनेके वास्ते इस्तेमाल किया। ये सारी तदबीरें उलटी पड़ गयीं। लगभग दो-तिहाई मतदाताओंका मानना है कि युद्धोन्मादी ट्रम्पने देशकी आर्थिक स्थितिको और खराब कर दिया है। इससे सबाल्टर्नका जीना मुश्किल हो गया। 'ज्यादातर अमेरिकी मतदाताओंका कहना है कि ट्रम्प देशके हितोंके बजाय अपने निजी हितोंको ज्यादा अहमियत देते हैं। अमेरिकी वोटरोंने पांच हजार डालरका चुग्गा भी नकार दिया। उन्होंने अपने वोटके महत्वको समझा। यह संदेश भारतीय मतदाताओंको भी स्वीकार करना चाहिए।'

किसानोंकी व्यावहारिक कठिनाईयां

देशकी अर्थव्यवस्थामें खेतीका महत्व केवल अनाज पैदा करनेतक सीमित नहीं है। किसानकी मेहनतसे ही लोगोंकी थालीतक भोजन पहुंचता है और बाजारसे लेकर उद्योगोंतक अनेक गतिविधियां चलती हैं।

❑ अमन सिंह गौर

खेती करने वाले लोगोंकी स्थिति ऐसी है कि पूरे साल खेतोंमें पसीना बहानेके बाद भी उनके सामने परिवार चलाने और अगली फसलकी तैयारी करनेकी चिन्ता बनी रहती है। कभी मौसम साथ नहीं देता तो कभी बाजारमें फसलका उचित भाव नहीं मिलता। खाद, बीज, डीजल और मजदूरीका खर्च लगातार बढ़ता है लेकिन किसानकी आमदनी उसी अनुपातमें नहीं बढ़ती। ऐसेमें खेतीको लाभका काम बनाने और किसानोंको उनकी मेहनतका उचित मूल्य दिलानेपर गम्भीरतासे विचार करनेकी जरूरत है। कृषिकी स्थितिका अन्दाजा इसी बातसे लगाया जा सकता है कि आर्थिक सर्वेक्षण २०२५-२६ के अनुसार देशके लगभग ४६.१ प्रतिशत कामगार कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रोंपर निर्भर हैं, जबकि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थामें इस क्षेत्रका योगदान लगभग पांचवां हिस्सा है। वहीं वर्ष २०१९ के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयके सर्वेक्षणके अनुसार देशमें लगभग ९.३० करोड़ कृषि परिवार थे, जो कुल ग्रामीण परिवारोंका करीब ५४ प्रतिशत हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि खेतीसे जुड़ी समस्या केवल खेतमें काम करने वाले व्यक्तितक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर करोड़ों परिवारोंकी आजीविकापर पड़ता है।

किसानके लिए फसल उगानेकी प्रक्रिया बीज बोनेसे बहुत पहले शुरू हो जाती है। उसे खेत तैयार करने, बीज खरीदने, खाद डालने, सिंचाई करने और मजदूरोंकी व्यवस्था करनेके लिए पहले ही पैसा लगाना पड़ता है। छोटे किसानोंके पास कई बार इतनी बचत भी नहीं होती कि वे अगली फसलका खर्च अपनी जेबसे उठा सकें। ऐसेमें उन्हें कर्ज लेना पड़ता है। फसल अच्छी हो जाय तो भी बाजारमें उचित कीमत मिलनेकी कोई गारंटी नहीं होती। यदि बारिश कम हो जाय या जरूरतसे ज्यादा हो जाय तो पूरी मेहनतपर पानी फिर जाता है। कई बार किसानको फसल बेचकर इतना भी नहीं मिलता कि वह अगली बुवाईके लिए जरूरी सामान खरीद सके। किसानोंकी सबसे बड़ी परेशानियोंमेंसे एक उपजका उचित मूल्य न मिलना है। न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित होनेके बावजूद सभी किसानोंको इसका लाभ नहीं मिल पाता। सरकारी खरीद केन्द्र हर गांवके पास नहीं होते और कई जगह खरीदकी प्रक्रिया भी आसान नहीं होती। छोटे किसानके लिए कुछ क्विंटल अनाज लेकर दूर मंडीतक जाना, वहां परिवहनका खर्च उठाना और कई बार कई दिनोंतक इंतजार करना आसान नहीं है। इसलिए वह गांवके आसपास ही अपनी उपज बेच देता है। कई बार मजबूरीमें उसे घोषित समर्थन मूल्यसे कम कीमतपर फसल बेचनी पड़ती है। किसानकी परेशानी केवल फसल उगानेतक नहीं, बल्कि उसे सही खरीदार और सही बाजारतक पहुंचानेकी भी है। दूसरी ओर शहरोंमें रहने वाले लोगोंको अनाज और सब्जियोंके दाम बढ़नेपर तुरन्त परेशानी महसूस होती है लेकिन उस उपजको तैयार करने वाले किसानको कई बार उसका उचित हिस्सा नहीं मिल पाता।

खेतीकी एक बड़ी समस्या सिंचाई और पानीकी उपलब्धता भी है। जिन किसानोंके पास नहर या ट्यूबवेलकी सुविधा है, उनकी स्थिति उन किसानोंसे अलग होती है जो पूरी तरह बारिशपर निर्भर रहते हैं। बिजलीकी अनियमित आपूर्ति, डीजलकी कीमत और सिंचाईके साधनोंका खर्च भी खेतीकी लागत बढ़ाता है। कई गांवोंमें किसान आज भी समयपर पानी मिलनेकी प्रतीक्षा करते रहते हैं। ऐसेमें जल संरक्षण, तालाबोंकी मरम्मत, वर्षा जल संचयन और छोटी सिंचाई परियोजनाओंपर अधिक ध्यान देनेकी जरूरत है। हर किसानके लिए महंगी मशीन या निजी सिंचाई व्यवस्था खरीदना संभव नहीं है। इसलिए गांवोंमें सामूहिक सुविधाएं विकसित करना अधिक व्यावहारिक होगा। बदलते मौसमने किसानोंकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कभी तैयार गेहूंकी फसलपर बेमौसम बारिश हो जाती है तो कभी ओलावृष्टिसे सरसों और दूसरी फसलें बर्बाद हो जाती हैं। सब्जियां उगाने वाले किसानोंकी परेशानी अलग है। टमाटर, आलू और प्याजकी कीमतोंमें अचानक गिरावट आनेपर कई बार उन्हें अपनी उपज मंडीतक ले जानेका खर्च भी निकालना मुश्किल हो जाता है। दूसरी ओर कुछ समय बाद यही सब्जियां बाजारमें महंगी बिकने लगती हैं। इसका लाभ किसानको न मिलकर अक्सर व्यापारीको मिलता है, क्योंकि उसके पास उपजको लम्बे समयतक सुरक्षित रखनेके साधन नहीं होते। गांवोंके आसपास शीतगृह और भंडारणकी सुविधाएं विकसित हों तो किसान जल्दबाजीमें फसल बेचनेके लिए मजबूर नहीं होगा।

सरकारकी ओरसे प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाएं किसानोंको आर्थिक सुरक्षा देनेके उद्देश्यसे चलायी जा रही हैं। दिसंबर २०२५ तक फसल बीमा योजनाके अंतर्गत लगभग १.९६ लाख करोड़ रुपयेके दावोंका भुगतान किया जा चुका था। इसके बावजूद कई किसानोंके सामने बीमाका लाभ पाने, नुकसानका सही आकलन कराने और समयपर मुआवजा प्राप्त करनेकी व्यावहारिक कठिनाइयां बनी रहती हैं। कहीं खेतमें नुकसान हुआ होता है लेकिन उसका आकलन किसानकी अपेक्षाके अनुसार नहीं होता। कहीं आवेदन और दस्तावेजोंकी प्रक्रिया समझना कठिन होता है। खेतीको बेहतर बनानेके लिए केवल अनाज उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। किसानोंको पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, बागवानी और खाद्य प्रसंस्करणसे जोड़नेकी जरूरत है। गांवोंमें छोटे प्रसंस्करण केन्द्र खुलें तो किसान अपनी उपजसे अचार, आटा, तेल और दूसरे उत्पाद तैयार कर बेहतर आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए प्रशिक्षण, आसान ऋण और बाजार उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

किसान उत्पादक संघटनों और सहकारी समितियोंको मजबूत करनेसे छोटे किसान मिलकर मशीनें खरीद सकते हैं और अपनी उपजका बेहतर मूल्य प्राप्त करनेके लिए सामूहिक प्रयास कर सकते हैं। खेतीसे नयी पीढ़ीका भरोसा उठना भी चिन्ताका विषय है। किसान परिवारोंके युवा पढ़ाईके बाद खेती छोड़कर शहरोंमें नौकरी तलाश रहे हैं। वे खेतीसे दूर इसलिए नहीं जाना चाहते कि उन्हें अपने खेतसे लगाव नहीं है, बल्कि इसलिए कि उन्हें इसमें मेहनतके अनुपातमें सुरक्षित आमदनी दिखाई नहीं देती। यदि खेतीमें आधुनिक तकनीक, बेहतर बाजार, भंडारण और प्रसंस्करणकी सुविधाएं मिलें तो युवाओंके लिए भी इसमें नये अवसर बन सकते हैं। किसानोंकी स्थिति सुधारनेके लिए नीतियोंका लाभ कागजोंसे निकलकर खेततक पहुंचना चाहिए। फसलका उचित मूल्य, समयपर भुगतान, सस्ती कृषि सामग्री, भरोसेमंद सिंचाई और नुकसानकी स्थितिमें त्वरित सहायता खेतीकी बुनियादी जरूरतें हैं। यही कृषि व्यवस्थाकी सबसे बड़ी कसौटी होनी चाहिए। देशमें अनाजका उत्पादन बढ़ना महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि उसे पैदा करने वाले किसानका जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक बने।



पर्व और त्योहार

❑ धर्मेश कुशवाहा

भारतीय परम्परामें प्रकृतिको संतुलन करनेके लिए विभिन्न पर्व और त्योहार मनानेकी समाजिक परम्परा हैं जिससे प्रकृतिका संतुलन बना रहे इस तरह दीपावलीका पर्व जोश और उमंगसे मनाया जाता है और दीपावलीके उत्सवमें प्रसन्नताके लिए मनुष्योंके द्वारा विभिन्न कार्य किये जाते हैं। दिवालीके पर्वपर मनुष्य अपने घर चार काम प्रमुखतासे करते हैं-पहला, घरका कूड़ा-कचरा साफ करना। दूसरा, सजाना और कोई नयी चीज खरीदना। तीसरा, खूब रोशनी करना तथा चौथा, लक्ष्मी जीका पूजन करना। काम चारों ही आवश्यक है परन्तु प्रणालीमें कुछ परिवर्तन करनेकी आवश्यकता है। दिवालीपर हम कूड़ा निकालते केवल बाहरका, अपने शरीरके अन्दरका कूड़ा-करकट नहीं निकालते हैं। कूड़ेके कई नाम है काम, क्रोध, लोभ, मोह, अभिमान, वैर, हिंसा, ईर्ष्या, द्रोह, घृणा और मत्सर आदि नाम है। इनके साथी तथा शिष्य बहुत है इन सबमें प्रधान तीन हैं काम, क्रोध और लोभ। इनको बाहर निकालकर जला देना चाहिए। इसके बाद घर सजानेकी बात रही। हमारी धारणा है कि साफ सजे हुए घरमें लक्ष्मी आती हैं, परन्तु लक्ष्मी जी सदा ठहरती नहीं है। लक्ष्मीजीको रोकनेके लिए उनके स्वामी नारायण देवको घरके मंदिरमें स्थापित करना। लक्ष्मीजी अपने स्वामीके चरणोंमें अचल होकर ही रहती हैं इसलिए अवश्य ही हमारे घरमें श्रीके रूपमें सदा निवास करेंगी। श्री नारायण देव क्षणभंगुर वस्तुओंसे वशमें नहीं होते उनके लिए तो वह नित्य नूतन रहने वाला पदार्थ चाहिए जो कभी पुराना न हो, विशुद्ध और अनन्य प्रेम इस प्रेमसे परमात्मा नारायण तुरन्त बसमें हो जाते हैं। नारायण देवता प्रकाशके अधिष्ठान है। सूर्य उन्हींसे प्रकाश पाते हैं, चंद्रमामें चांदनी उन्हींसे आती है। यह बात शास्त्रोंमें वर्णित हैं। जब समस्त जगतका आभास कराने वाले भगवान भास्कर सुधा दृष्टिसे संसारका पोषण करने वाले चंद्रदेव और जगतके आधार अग्नि देवता वहींके प्रकाशसे प्रकाशित होते हैं इन तीनोंका त्रिविध प्रकाश उन्हींके प्रकाश पुंजके एक शुद्ध परमाणु मात्र है प्रकाश अंबुधिकाका एक सूत्र है तब जहां वह स्वयं आ जाय वहांके प्रकाशका कोई ठिकाना नहीं रहता है उनका वह प्रकाश केवल यहीतक परिमित नहीं है। ब्रह्मा जगत उत्पादन बुद्धिमें उन्हींके प्रकाशकी झलक है शिवकी संहार मूर्तिमें भी उन्हेंके प्रकाशका एक रूप है ज्ञानी मुनियोंके हृदय भी इस प्रकाशसे आलोकित है। जगतके समस्त कार्य मन-बुद्धिकी समस्त क्रियाएं इस नित्य प्रकाशके सहारे चल रही है। अत: काम, क्रोध, लोभरूपी कूड़ेको निकालकर मन साफ करना चाहिए फिर देवी संपत्तिकी सुन्दर सामग्रियोंसे उसे सजाना चाहिए तदनन्तर प्रेमरूपी नित्य नियम वस्तुका संग्रह करके और उसे श्री लक्ष्मीपति श्री नारायण देवको वशमें कर हृदयके गम्भीर अंत:स्थलमें विराजित करना चाहिए फिर देखिये महालक्ष्मी देवी और अखंड रूपसे चली आवेगी देवीका अलग आह्वान करनेकी आवश्यकता नहीं रह जायेगी।

पहाड़ोंमें उड़ानपर सुरक्षा समझौतेका उल्लंघन

❑ रजनीश कपूर

पिछले दिनों उत्तराखंडके चमोली जिलेमेंको बद्रीनाथसे देहरादूनके सहस्त्रधारा हैलीपैडके लिए उड़ान भरने वाला ट्रांस भारत एविएशनका एक हैलीकॉप्टर जोशीमठके पास चाई गांव-हाथी पर्वत क्षेत्रमें दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट कैप्टन समेत कर्नाटकके पांच यात्रियोंकी मौत हो गयी, जिनमें बेंगलुरु पुलिसके इंस्पैक्टर अरुण सालुंके भी शामिल थे। ऑरेंज अलर्ट और खराब मौसमके बीच उड़ान भरने वाला यह विमान संपर्क टूटनेके तुरन्त बाद पहाड़ीसे टकराया। यह हादसा चारधाम क्षेत्रमें हो रही हैलीकॉप्टर दुर्घटनाओंकी शृंखलाका हिस्सा है और पहाड़ी उड़ानोंकी मूलभूत कमजोरियोंको उजागर करता है। पहाड़ोंमें हैलीकॉप्टर उड़ानें स्वाभाविक रूपसे जोखिमभरी होती हैं। चारधाम यात्रामें हैलीकॉप्टर सेवाएं लोकप्रिय हो गयी हैं, क्योंकि वे तीर्थयात्रियोंको कठिन पैदल यात्रासे बचाती हैं। लेकिन यह सुविधा सुरक्षाके मूल्यपर आ रही है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वैस्टिगेशन ब्यूरोके आंकड़ोंके अनुसार २०१५ से २०२५ के बीच चारधाम सैक्टरमें आठ दुर्घटनाएं और एक गम्भीर घटना हुई, जिनमेंसे पांच घातक थीं।

जोशीमठ हादसेके संभावित कारणोंमें मौसम सबसे अहम माना जा सकता है। भारतीय मौसम विभागने चमोलीमें तूफान, बारिश और तेज हवाओंका ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। उड़ान भरते समय स्थानीय मौसम भले ही साफ रहा होगा लेकिन घाटीमें बादल और वर्षा अचानक छा गये होंगे। पहाड़ी उड़ानोंमें नियंत्रित उड़ानमें भू-भागसे टकराना एक सामान्य कारण होता है, जब पायलट दृश्यता खोकर गलत दिशामें चला जाता है। अन्य संभावित कारणोंमें पायलटका अनुभव, विमानकी रखरखाव स्थिति या आपरेटर द्वारा जल्दबाजीमें उड़ान भरनेका दबाव शामिल हो सकता है। एएआईबी जांचमें उपलब्ध उपकरणोंकी जांच करेगा, पायलटका उड़ान इतिहास, रखरखाव रिकॉर्ड और चारधाम संबंधी डीजीसीए नियमोंका अनुपालन देखा जायगा। एएआईबीका उद्देश्य दोषारोपण नहीं, बल्कि कारण पता कर भविष्यकी सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है।

भारतमें निजी हैलीकॉप्टर आपरेटर चारधाम जैसे क्षेत्रोंमें नियम-कानूनोंकी धज्जियां उड़ाते हुए देखे गये हैं। एएआईबी पुरानी रिपोर्टोंमें स्पष्ट हुआ है कि अधिकांश हादसे एसओपीका पालन न करनेसे हुए। फर्जी फ्लाइट लॉग, पायलटोंके ड्यूटी घंटोंकी अनदेखी, खराब मौसममें उड़ान और अतिरिक्त यात्राओंके लिए नकद लेन-देन जैसी शिकायतें आम रही हैं। २०२५ के गौरीकुण्ड क्रैशमें आर्यन एविएशनपर एसओपी उल्लंघनका आरोप लगा और उसके संचालन निलंबित किये गये। डीजीसीएने कई बार ऑडिट किये, जुर्माने लगाये और कुछ आपरेटरोंको अस्थायी रूपसे रोका लेकिन ये कदम अधिकतर हादसोंके बाद प्रतिक्रियात्मक रहे हैं। मुनाफेकी होड़में यात्रियोंकी संख्या बढ़ानेके लिए नियमोंको ताकपर रखा जाता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय और डीजीसीए इस मामलेमें ढीले साबित हो रहे हैं, क्योंकि नियामक ढांचा काफी हदतक खंडित है। डीजीसीए राष्ट्रीय स्तरपर लाइसैंसिंग और नियम बनाने वाला निकाय है, जबकि उत्तराखंडमें उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण दैनिक समन्वय संभालता है। गौरतलब है कि संसदीय स्थायी समितिने भी इस क्षेत्राधिकारिक अस्पष्टताको रेखांकित किया है कि डीजीसीए निरन्तर और सक्रिय पर्यवेक्षण नहीं करता। पर्वतीय उड़ानोंके लिए पर्याप्त हिल-फ्लाइंग अनुभव, मौसम निगरानी और आपातकालीन लैंडिंग स्थलोंकी कमी बनी हुई है। एएआईबीने ५० घंटेकी पर्यवेक्षित हिल उड़ानकी सिफारिश की है लेकिन इसका क्रियान्वयन कमजोर रहा है। परिणाम यह है कि हादसे होते रहते हैं और केवल अस्थायी ग्राऊंडिंग या सर्कुलर जारी करके मामला ठंडा कर दिया जाता है।

निजी चॉपर आपरेटरों द्वारा केवल मुनाफेके बारेमें सोचना और यात्रियोंकी सुरक्षाके साथ समझौता करना किसी भी दृष्टिसे उचित नहीं। चारधाम यात्रा आध्यात्मिक है लेकिन यह व्यावसायिक अवसर भी बन गयी है। जब आपरेटर खराब मौसमकी चेतावनीके बावजूद उड़ान भरते हैं या पायलटोंपर अतिरिक्त सॉर्टीका दबाव डालते हैं तो वे जानबूझकर जोखिम बढ़ा रहे होते हैं। यात्रियोंको तीर्थ यात्राका आकर्षण दिखाकर महंगे टिकट बेचे जाते हैं लेकिन उनके जीवनकी कीमत मुनाफेके आगे नहीं आंकी जाती। सुरक्षा एक समझौता नहीं, अनिवार्य शर्त होनी चाहिए। जोशीमठ हादसा एक और चेतावनी है। एएआईबीकी विस्तृत रिपोर्ट आनेतक निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। पहाड़ी उड़ानोंके लिए सख्त मौसम प्रोटोकॉल, अनुभवी पायलटोंकी अनिवार्य शर्त, रियल-टाइम निगरानी और प्रभावी दंड व्यवस्था जरूरी है। मंत्रालय और डीजीसीएको प्रतिक्रियात्मक रवैयेसे हटकर सक्रिय नियामक बनना होगा अन्यथा मुनाफेकी ये उड़ानें और जानें लेती रहेंगी।

नई खबर...

आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च

ग्राहकों को क्वालिटी कंपनियों के साथ लगातार शेयर-प्राइस ग्रोथ देगा

मुंबई – आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया इक्विटी निवेश विकल्प कंपनी की ज्यादातर यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप)के साथ उपलब्ध होगा। इस फंड के माध्यम से निवेशकों को मजबूत वित्तीय स्थिति और शेयर की कीमतों में सकारात्मक रुझान वाली कंपनियों में निवेश करने का अवसर मिलेगा।यह इंडेक्स फंड निवेशकों को लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दिलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके तहत बीएसई 500की सूची में शामिल 50 ऐसे शेयरों का विविध पोर्टफोलियो बनाया जाएगा, जो दो प्रमुख मानकों- मोमेंटम और क्वालिटी पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं।फंड के लॉन्च पर आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर मनीष कुमार ने कहा आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड निवेशकों को मजबूत कारोबारी मॉडल, कमाई की बेहतर संभावनाओं और शेयर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी वाली कंपनियों में निवेश के माध्यम से लंबी अवधि में संपत्ति बनाने का प्रभावी अवसर देता है। खास बात यह है कि निवेशकों को ऐसी कंपनियों के पोर्टफोलियो में निवेश का मौका मिलेगा, जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत है। कंपनियों का चयन रिटर्न ऑन इक्विटी, डेट टू इक्विटी और प्रति शेयर आय (ईपीएस) जैसे वित्तीय मानकों के आधार पर किया जाता है। साथ ही, इन कंपनियों के शेयरों की कीमतों में पिछले 12 महीनों के दौरान अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पोषण से समझौता किए बिना कैसे लें त्योहारों के पसंदीदा पकवानों का आनंद

त्योहार खुशियों, मेल-मिलाप और स्वादिष्ट पकवानों के पर्याय हैं। दिवाली अपने साथ मिठाइयों, नमकीन और पारंपरिक व्यंजनों की ऐसी विविधता लेकर आती है, जिनका भारतीय घरों में खास महत्व है। लड्डू और बर्फी से लेकर चकली, शकरपारे और हलवे तक, त्योहारों के ये पसंदीदा पकवान न सिर्फ खूबसूरत यादें बनाते हैं, बल्कि परिवार के रिश्तों को भी मजबूत करते हैं। सोनिया शाह, न्यूट्रिशनिस्ट, फॉर्च्यून फूड्स के अनुसार सेहत और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच कई लोग ऐसे तरीके तलाश रहे हैं, जिनसे वे अपने पोषण संबंधी लक्ष्यों से समझौता किए बिना त्योहारों के पकवानों का आनंद ले सकें। अच्छी बात यह है कि त्योहारों में सेहतमंद खानपान का मतलब अपने पसंदीदा व्यंजनों को छोड़ना नहीं है। इसके बजाय, इसका मतलब है सोच-समझकर खानपान के विकल्प चुनना, संतुलन बनाए रखना और पारंपरिक व्यंजनों को थोड़ा अधिक पौष्टिक बनाने के आसान तरीके अपनाना। खानपान में पाबंदियों के बजाय स्वाद और आनंद पर दें ध्यान - त्योहारों के दौरान लोग सबसे बड़ी गलतियों में से एक यह करते हैं कि वे खानपान को या तो पूरी तरह परहेज या फिर बेफिक्र होकर खाने के नजरिये से देखते हैं। कुछ लोग त्योहारों के पकवानों से पूरी तरह दूरी बना लेते हैं, जबकि कुछ लोग यह सोचकर जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं कि सेहतमंद खानपान की शुरुआत त्योहार खत्म होने के बाद की जा सकती है।

अपने डिवाइस के लोकल स्टोरेज को 2 टीबी तक बढ़ाएं

अपने डिवाइस के लोकल स्टोरेज को 2 टीबी तक बढ़ाएं। यह आपको स्पेस खत्म होने की चिंता किए बिना, अधिक फोटो, वीडियो और फाइलों को कैप्चर करने, स्टोर करने और एक्सेस करने की आज़ादी देता है।सैनडिस्क अल्ट्रा डुअल ड्राइव गो यूएसबी टाइप-सी एक 2-इन-1 यूएसबी 3.2 जेन 1 फ्लैश ड्राइव है। इसे यूएसबी टाइप-सी और यूएसबी टाइप-ए पोर्ट वाले डिवाइसेस के बीच फाइलों को आसानी से ट्रांसफर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 2टीबी तक की क्षमता में उपलब्ध यह ड्राइव यूजर्स को बिना किसी अलग एडेप्टर के, कम्पैटिबल स्मार्टफोन, टैबलेट, मैकओएसडिवाइस, विंडोज पीसी) और अन्य डिवाइसेस के बीच फोटो, वीडियो और अन्य फाइलें ट्रांसफर और एक्सेस करने की सुविधा देती है।आज भी पर्सनल डिवाइस में यूएसबी टाइप-सी और यूएसबी टाइप-ए पोर्ट का मिला-जुला इस्तेमाल देखने को मिलता है, इसलिए इनके बीच फाइल ट्रांसफर करने के लिए कभी-कभी एडेप्टर या अतिरिक्त स्टेप्स की जरूरत पड़ती है। सैनडिस्क का डुअल-कनेक्टर डिज़ाइन अलग-अलग यूएसबी पोर्ट वाले डिवाइस के बीच फाइल ट्रांसफर करने का एक आसान तरीका प्रदान करता है।

श्याम मेटालिक्स ने रोशनी कला और उत्सव के चार दिवसीय जश्न के लिए पूरे शहर को जोड़ा

श्याम मेटालिक्स ने इस साल दिवाली के अवसर पर आलोकमय कोलकाता के ज़रिए पूरे शहर को जोड़ने का प्रयास किया है। एक्रोपोलिस मॉल में 6 से 9 नवंबर 2026 तक आयोजित इस चार दिवसीय उत्सव नेरोशनी, रंग और संस्कृति के प्रति कोलकाता के गहरे प्रेम को प्रतिबिंबित किया। इस आयोजन के ज़रिये रचनात्मकता, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामुदायिक भागीदारीके साथ इस शहर की उत्सव धर्मिता और कलात्मक चेतना का उत्सव मनाया गया। श्याम मेटालिक्स के मुख्य परिचालन अधिकारी, निर्मल उदय ने इस पहल के बारे में कहा,कोलकाता बस एकशहर भर नहीं, बल्कि यह यहां के लोगों, परंपराओं, रचनात्मकता और सामूहिक एकजुटता से आकार लेती जीवंत भावना है। आलोकमय कोलकाता के ज़रिए, हम इसी भावना का जश्न मनाना चाहते थे और एक ऐसा अनुभव पेश करना चाहते थे, जिसमें लोग सिर्फ दर्शक न रहें, बल्कि इन उत्सवों के महत्वपूर्ण अंग बनें। हमारे लिए यह देखनासुखद रहा कि हमारे 'एसईएल टाइगर टीएमटी बार' और 'एसईएल टाइगर रूफिंग शीट' ने उस शहर से प्रेरणा लेकर कलात्मक रूप पाया, जिसे हम अपना घर मानते हैं। हमारे लिए मज़बूती का अर्थ केवल मजबूत उत्पादों का निर्माण करना नहीं, बल्कि लोगों और समुदायों के साथ अटूट रिश्ते जोड़ना भी है। हमने आलोकमय कोलकाता के ज़रिये शहर के दिवाली केत्योहार में रोशनी, खुशियों और एकजुटता की नई चमक जोड़ने का प्रयास किया।

फेस्टिव सीजन के बीच महंगाई का डबल झटका

सर्फ-साबुन के बाद चीनी, अंडे भी होंगे महंगे

नयी दिल्ली। त्योहारी सीजन में आम लोगों की जेब पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ रहा है। खाने-पीने की चीजों के दाम पहले से ही ऊंचे बने हुए हैं। अब रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले साबुन और डिटर्जेंट भी महंगे हो गए हैं। एफएमसीजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (।ारु) ने अपने कई लोकप्रिय उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। इसके अलावा चीनी की महंगी कीमतों से भी उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल रही है। आने वाले महीनों में अंडे और चिकन के दाम बढ़ने की आशंका ने भी लोगों की चिंता बढ़ा दी है। एचयूएल ने सर्फ एक्सेल, रिन और व्हील जैसे डिटर्जेंट ब्रैंड्स के कई उत्पादों की अधिकतम खुदरा कीमत में 11 फीसदी तक इजाफा किया है। कंपनी ने अलग-अलग पैक के हिसाब से 1 से 10 रुपए तक कीमतें बढ़ाई हैं। सर्फ एक्सल क्वीक वाश के 1 किलो पैक की कीमत 235 रुपए से बढ़ाकर 245 रुपए कर दी गई है। वहीं, 500 ग्राम का पैक 5 रुपए महंगा हुआ है। सर्फ एक्सल ईजी वाश के 1 किलो पैक की कीमत अब 172 रुपए हो गई है। इसके अलावा सर्फ एक्सेल बार और बड़े बंडल पैक के दाम भी बढ़ाए गए हैं।

रिन और व्हील के उत्पाद भी महंगे हुए हैं। रिन आला 500 एमएल की कीमत 90 रुपए से बढ़कर 95 रुपए हो गई है। वहीं, व्हील डिटर्जेंट पाउडर के 1 किलो पैक पर 3 रुपए और 500 ग्राम पैक पर 1 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। मोती गुलाब साबुन का 150 ग्राम पैक भी 74 रुपए से बढ़कर 82 रुपए हो गया है। चीनी का उत्पादन बढ़ने के बावजूद खुदरा बाजार में इसकी कीमतें कम नहीं हो रही हैं। इंडियन शुगर एंड बायो एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 5 नवंबर तक देश में चीनी का उत्पादन 12.85 लाख टन रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह करीब 3.20 लाख टन था। इसके बावजूद चीनी की औसत खुदरा कीमत करीब 60 रुपए प्रति किलो बनी हुई है। एक साल पहले यही कीमत लगभग 44 रुपए प्रति किलो थी। एक महीने में भी चीनी के दाम में करीब 5 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। महंगाई का असर अब पोल्ट्री उत्पादों पर भी पड़ सकता है। उद्योग से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, मक्के की बढ़ती कीमत, अनाज का इथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल और कमजोर मानसून के कारण पोल्ट्री कारोबार की लागत बढ़ रही है। अनुमान है कि फिलहाल 6 से 7 रुपए प्रति पीस बिकने वाले थोक अंडे दिसंबर तक 7 से 8 रुपए तक पहुंच सकते हैं। वहीं, बिना स्किन वाले ड्रेस्ड चिकन की कीमत 225-250 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 260-275 रुपए प्रति किलो हो सकती है। अगर ये अनुमान सही साबित होते हैं तो दिसंबर तक आम परिवारों का रसोई बजट और बढ़ सकता है। साबुन, डिटर्जेंट से लेकर चीनी, अंडे और चिकन तक की बढ़ती कीमतें घरेलू खर्च पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या 200/2026

त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अत्यधिक भीड़ से बचने के लिए **विशेष गाड़ी** का संचलन निम्नवत् किया जाएगा।

08255/08256 बिलासपुर जं.-छपरा जं.-बिलासपुर जं. विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी सं. **08255 बिलासपुर** जं. से दिनांक 14.11.2026 एवं 21.11.2026 (शनिवार) को **(02 फेरे)** और **गाड़ी सं. 08256 छपरा** जं. से दिनांक 15.11.2026 एवं 22.11.2026 (रविवार) को **(02 फेरे)**

गाड़ी सं. 08255 बिलासपुर जं.-छपरा जं.		↓ स्टेशन ↑	गाड़ी सं. 08256 छपरा जं.-बिलासपुर जं.	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	18:00	बिलासपुर जं.	15:00	---
19:32	19:34	पेन्ड्रा रोड	12:03	12:05
20:32	20:37	अनूपपुर जं.	11:05	11:10
21:19	21:24	शहडोल	10:03	10:08
22:17	22:19	उमरिया	09:09	09:11
00:04	00:14	कटनी	07:50	08:00
01:02	01:04	मैहर	06:40	06:42
01:35	01:40	सतना जं.	06:05	06:10
03:20	03:22	मानिकपुर जं.	04:53	04:55
05:05	05:10	प्रयागराज छिवकी	02:50	02:55
09:15	09:20	वाराणसी जं.	22:30	22:35
10:40	10:42	जौनपुर जं.	21:45	21:47
11:45	11:47	औंड़िहार जं.	20:36	20:38
12:20	12:25	गाजीपुर सिटी	19:55	20:00
13:25	13:30	बलिया	18:35	18:40
14:40	---	छपरा जं.	---	17:25

रेक संरचनाः साधारण द्वितीय श्रेणी-04, शयनयान श्रेणी-07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी-02, लगेज-सह-पावर कार-01, एलएसएलआरडी-01 = **(कुल 21 कोच)**

मुजाधि/टी-84 **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों को लेकर यात्रा न करें

जियोहॉटस्टार ने की महाभारत-एक धर्मयुद्ध के सीजन 2 की घोषणा

बहुत कम ऐसी कहानियाँ हैं जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं और आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी कि महाभारत। परिवार, महत्वाकांक्षा, वफादारी, संघर्ष और धर्म के शाश्वत प्रश्न की यह गाथा मानव स्वभाव और भाग्य को आकार देने वाले विकल्पों में गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। इस सीजन का टीज़र महाकाव्य के सबसे निर्णायक क्षणों में से एक की झलक दिखाता है- द्रौपदी का चीर हरण और कृष्ण का प्रकट होना, जिनका यह आश्वासन कि जब भी अधर्म बढ़ेगा वे प्रकट होंगे, महाभारत के केंद्र में छिपे कालातीत संदेश को और मजबूत करता है। यह एक ऐसी कहानी की पृष्ठभूमि तैयार करता है जहाँ धर्म और अधर्म के बीच का संघर्ष व्यक्तियों और साम्राज्यों के भाग्य को तय करता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रोहित जयसिंह वैद द्वारा निर्देशित यह नया सीजन पांडवों की यात्रा को दर्शाता है, जिसमें वे अपने जीवन के खतरों, बदलती वफादारियों और दुनिया में अपना स्थान स्थापित करने की चुनौतियों का सामना करते हैं। जियोस्टार और कलेक्टिव स्टूडियोज हिस्ट्रीवर्स के बीच का यह सहयोग महाभारत- एक धर्मयुद्ध के जरिए महाभारत की भव्य दुनिया को एक अनूठी कहानी के रूप में पर्दे पर लाता है।

उत्तर मध्य रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-यू.पी.-अ.-03112026-277595
CG-UP-E-03112026-277595

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II- खण्ड-3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5590] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्टूबर 27,2026/कार्तिक 5, 1948
No. 5590] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER, 27, 2026/KARTIKA 5,1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
प्रयागराज, 15 अक्टूबर, 2026

का.आ. 5815(अ). – केन्द्रीय सरकार, रेलवे (संशोधन) अधिनियम 2008 (2008 का 11वां) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 (क) की उप धारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उप) खण्ड-ii) दिनांक 24 मार्च 2026 में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (उत्तर मध्य रेलवे निर्माण विभाग) की अधिसूचना संख्या का. आ. 1539 **(अ) दिनांक 19 मार्च, 2026** (जिसे इसके पश्चात् उक्त अधिसूचना कहा गया है), द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनूसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को, उत्तर प्रदेश राज्य के **सोनभद्र जिले** में विशेष रेल परियोजना, अर्थात् चुनार - चोपन दोहरीकरण परियोजना (101 किमी)" के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की गई थी:

और, उक्त अधिसूचना का सार अधिनियम की धारा 20अ की उपधारा (4) के अधीन दैनिक सामाचार पत्रों, अर्थात्: **'अमर उजाला' और 'द टाइम्स ऑफ़ इंडिया' में तारीख 08.04.2026** को प्रकाशित किया गया था:

और, सक्षम प्राधिकारी को इस परियोजना में कुछ अक्षेप प्राप्त हुए: जिसका निस्तारण सक्षम प्राधिकारी द्वारा कर दिया गया है

और, सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है:

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनूसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी।

यह और केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम कि धारा 20ड की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि राजपत्र मे इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विलंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार मे आत्यंतिक रूप से निहित हो जाएगी।

और, यह कि केन्द्रीय सरकार द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 20 (च) की उपधारा (04) के अनुसरण में उपयुक्त वर्णित भूमि में सभी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे व्यक्तिगत रूप से या किसी अभिकर्ता या विधि व्यवसायी के माध्यम से सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सिचांई) मिर्जापुर के समक्ष अपना दावा इस अधिसूचना के प्रकाशन के आगामी 20 दिवस में सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

अनुसूची

उत्तर प्रदेश राज्य में विशेष रेल परियोजना चुनार चोपन के मध्य दोहरीकरण रेल परियोजना के लिए सोनभद्र जिले में जाने वाली अवसंरचना सहित या रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

क्र0 सं0	गाँव का नाम	गाटा संख्या	भूमि का प्रकार	भूमि का प्रकृति	अर्जित भूमि का क्षे0 (हेक्टेयर मे)	भू स्वामी / हितबद्ध व्यक्तियों का नाम
1	डिलाही	42मि	निजी	कृषि	0.4035	मोहम्मद इम्तियाज अहमद पुत्र मोहम्मद सफी अनवर अली पुत्र सना उल्ला वरासत अली पुत्र अमीर अली हाफिजुल पत्नी वरासत अली मुर्तजा अली, रियाज अहमद पुत्रगण हामिद अली कौशरी बेगम पत्नी मुस्ताक अहमद शाहिल रजा ना0बा0 उम्र 16 वर्ष, सिवली रजा ना0बा0 उम्र 15 वर्ष, सिब्तैन रजा ना0बा0 उम्र 12 वर्ष, पुत्रगण मुस्ताक अली, सं0 माता कौशरी बेगम यासमीन बानो पत्नी हुसनैन रजा तथा हासरा खानम उम्र 4 वर्ष पुत्री हुसनैन रजा उमर, नूर मुहम्मद पुत्रगण मुतुजा नूरजहां बेगम पत्नी समीर अहमद फातिमा पत्नी मोहम्मद आरिफ सलीम पुत्र अजीज हम्द रजा ना0बा0 उम्र 2 वर्ष, हमद रजा ना0बा0 उम्र 1 वर्ष, पुत्रगण हुसनैन रजा, सं0 माता यासमीन बानो मुन्नी बेगम पत्नी रियासत अली अख्तर अली, अनवर अली, अफसर अली, मो. अहमद, मो. अबरार पुत्रगण सना उल्ला अब्दुल हलीम पुत्र अमीर अली जोहरा बेगम पत्नी अब्दुल सलीम मुनौवर अली पुत्र अमीर अली मोहसीना बेगम पत्नी मो. लतीफ सफी उल्ला पुत्रगण वजीर अली सूल्तान अली, इलियास अली पुत्रगण रमजान अली अब्दुल सत्तार पुत्र हवीबुल्ला मुनउर अली, अब्दुल हलीम पुत्रगण अमीर अली
						जोहरा बेगम पत्नी स्वा0 मोहम्मद सलीम लियाकत अली पुत्र हामिद अली सहवान अली, तवारक अली पुत्रगण रमजान अली वरासत अली पुत्र अमीर अली
		114	निजी	कृषि	0.0832	आविदा पत्नी बरकत अली सकील अहमद पुत्र बरकत अली
		115	निजी	कृषि	0.0655	गफ्फार पुत्र गुलाम कादिर
		117	निजी	कृषि	0.2472	करामत, निसार, रियाज, सहामत पुत्रगण निहालुद्दीन जमीरुनिशा पत्नी मुहम्मद अस्फाक
		146	निजी	कृषि	0.1330	जवाहिर पुत्र रघुराई
		147	निजी	कृषि	0.0254	मुनौवर अली, अजमत अली पुत्रगण कालू अबरार, किबुन, इजहार, लालमुहम्मद पुत्रगण गफ्फार
				योग	0.9578	
2	मारकुण्डी	637	निजी	कृषि	0.6801	कृष्ण कुमार, राजमनी, बृजेश, रविन्द्र, छविन्द्र पुत्रगण श्रीराम सुखन्ती पत्नी श्रीराम मंगल, विजय कुमार, रमेश कुमार, संजय पुत्रगण हरिराम लीलावती पत्नी गोवर्धन दुलारी देवी पत्नी हरिराम
				योग	0.6801	
				महायोग	1.6379	

[फा. सं. [1-G / CAR - CPU / Land Acquisition/01]
2545/26(AK) अजीत सिंह यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय जिलाधिकारी मीरजापुर
(खनिज अनुभाग)

पत्रांक-3980 /खनिज/ई-निविदा सह ई-नीलामी/ई0प0/2026 दिनांक: 06/11/2026

प्रेस-विज्ञप्ति
पुनः ई-निविदा सह ई-नीलामी आमन्त्रण हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद मीरजापुर में ईमारती पत्थर सैण्ड स्टोन के रिक्त खनन क्षेत्रों को उ0प्र0 उप खनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियम-23 के उप नियम-(1) के प्राविधानों के अन्तर्गत उपलब्ध घोषित करते हुए शासनादेश संख्या-2169/86-2019-57(सा0)/2017 टी.सी.1 दिनांक 09/10/2019 में दिये गये निर्देशानुसार उक्त नियमावली-2021 के अध्याय-4 के प्राविधानों के अन्तर्गत खनन पट्टे पर स्वीकृत किये जाने हेतु ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से 10 वर्ष की अवधि के लिए खनन परिहार पर स्वीकृत किये जाने के निमित्त कार्यालय के विज्ञप्ति सं0-1812/खनिज/ई निविदा सह ई नीलामी/ई0पा0/2026 दिनांक 22.08.2026, विज्ञप्ति सं0-1913/खनिज/ई निविदा सह ई नीलामी/ई0पा0/2026 दिनांक 08.09.2026 एवं विज्ञप्ति सं0-3042/खनिज/ई निविदा सह ई नीलामी/ई0पा0/2026 दिनांक 07.10.2026 द्वारा विज्ञापित किये गये थे, परन्तु अपरिहार्य कारणों से निरस्त हुए खनन क्षेत्रों को उक्त नियमावली के नियम-27(2)(क) के प्राविधानों के अन्तर्गत अन्यून 07 (सात) दिन की अल्पकालिक सूचना द्वारा 10 वर्ष की अवधि हेतु ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से परिहार पर व्यवस्थित किये जाने के निमित्त विज्ञापित किया जाता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

1. क्षेत्र का विवरण

क्र0 सं0	उपखनिज का नाम/डी0एस0आर0 एरिया कोड	तहसील	ग्राम	गाटा सं0	क्षेत्रफल (हे0 में)	जियो कार्डिनेट्स बिन्दु A बिन्दु B बिन्दु C बिन्दु D	नियमावली 2021 के अनुसूची-1 के अनुसार रायल्टी दर (रू0 प्रति घ0मी0)	खनन योग्य निर्धारित उपखनिज की मात्रा (घ0मी0 प्रथम वर्ष)	प्रथम वर्ष में निर्धारित मात्रा की कुल रायल्टी (रू0 में)(कालम-9 में अंकित घ0मी0 को कालम-8 में अंकित रायल्टी की दर से गुणा करने पर उपलब्ध सकल धनराशि)	अर्नेस्ट मनी (कालम-10 में अंकित सकल धनराशि का 25 प्रतिशत)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर) 2128750410	चुनार	सोनपुर	1क (ख0सं0-39)	1.12	A 25° 3'22.61"N 82°59'44.79"E B 25° 3'20.09"N 82°59'45.29"E C 25° 3'17.18"N 82°59'40.19"E D 25° 3'17.88"N 82°59'38.65"E	140.00	50100	7014000	1753500
2	ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर) 2128270404	चुनार	जिगना	399 हाल नं0 754	1.01	A 25° 2'27.28"N 83° 3'14.56"E B 25° 2'28.25"N 83° 3'18.36"E C 25° 2'25.65"N 83° 3'19.31"E D 25° 2'24.22"N 83° 3'14.56"E	140.00	62500	8750000	2187500
3	ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर) 2128770409	चुनार	भगौतीदेई	732	1.01	A 25° 3'25.09"N 82°59'40.42"E B 25° 3'25.28"N 82°59'43.22"E C 25° 3'21.74"N 82°59'43.66"E D 25° 3'19.92"N 82°59'41.09"E	140.00	60000	8400000	2100000
4	ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर) 2116200416	सदर	सिन्धौरा	997 मि0	1.01	A 25° 5'40.30"N 82°48'30.48"E B 25° 5'40.67"N 82°48'33.89"E C 25° 5'36.84"N 82°48'33.44"E D 25° 5'37.06"N 82°48'30.11"E	140.00	60000	8400000	2100000
5	ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर) 2128770418	चुनार	भगौती देई	705	1.01	A 25° 3'41.69"N 83° 0'0.90"E B 25° 3'43.00"N 83° 0'2.90"E C 25° 3'37.57"N 83° 0'4.29"E D 25° 3'37.20"N 83° 0'2.04"E	140.00	65000	9100000	2275000
6	ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर) 2128770454	चुनार	भगौतीदेई	703	1.01	A 25° 3'53.14"N 83° 0'3.52"E B 25° 3'53.04"N 83° 0'5.26"E C 25° 3'46.64"N 83° 0'4.09"E D 25° 3'46.86"N 83° 0'2.25"E	140.00	75000	10500000	2625000
7	ईमारती पत्थर सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर) 2128210404	चुनार	अधवार	360	1.01	A 25° 4'3.28"N 82°59'48.76"E B 25° 4'3.47"N 82°59'51.35"E C 25° 3'58.94"N 82°59'51.64"E D 25° 3'58.73"N 82°59'49.07"E	140.00	25000	3500000	875000

2- ई-निविदा सह ई-नीलामी की कालयोजना एवं अवधि निम्नानुसार सम्पादित की जायेगी :-

प्रेस विज्ञप्ति (विज्ञप्ति का प्रकाशन)	दिनांक 12/11/2026	
प्री-बिड ई0एम0डी0 एवं आवेदन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	ई-निविदा से पूर्व एम0एस0टी0सी0 में प्री-बिड ई0एम0डी0 एवं आवेदन शुल्क एम0एस0टी0सी0 वेबसाइट पर वर्णित दिशा-निर्देशों के अनुसार बोलीदाता द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा।	
प्रथम चरण ई-निविदा (ई-टेण्डर) की अवधि	दिनांक 19/11/2026 पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 25/11/2026 साय 05:00 बजे तक	
विज्ञप्ति में अंकित क्षेत्र का क्रमांक	प्रथम चरण में प्राप्त निविदा का खोला जाना एवं मूल्यांकन दिनांक व समय	द्वितीय चरण ई-नीलामी का दिनांक व समय
क्रमांक 1 व 2	दि0 26/11/2026 पूर्वान्ह 10:00 से 12:00 तक	दि0 26/11/2026 अपरान्ह 12:00 से 02:00 तक
क्रमांक 3 व 4	दि0 26/11/2026 अपराह्न 01:00 से 03:00 तक	दि0 26/11/2026 अपरान्ह 03:00 से 05:00 तक
क्रमांक 5 व 6	दि0 27/11/2026 पूर्वान्ह 10:00 से 12:00 तक	दि0 27/11/2026 अपरान्ह 12:00 से 02:00 तक
क्रमांक 7	दि0 27/11/2026 अपराह्न 01:00 से 03:00 तक	दि0 27/11/2026 अपरान्ह 03:00 से 05:00 तक

3- ई-निविदा सह ई-नीलामी से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रकिया एवं शर्तों की जानकारी आनलाईन एम0एस0टी0सी0;लि0 के ई-आक्सन पोर्टल www.mstcecommerce.com तथा जनपद-मीरजापुर के वेबसाइट https://mirzapur.nic.in/ पर अपलोड करा दिया गया है जिसे सभी सम्बन्धित (इच्छुक निविदादाता/ बोलीदाता) द्वारा देखा जा सकता है।

उक्त के अतिरिक्त सम्बन्धित प्रक्रिया एवं शर्तों की जानकारी एवं क्षेत्र के मानचित्र किसी भी कार्यदिवस में जिलाधिकारी कार्यालय, खनिज अनुभाग, मीरजापुर के यहाँ से प्राप्त की जा सकती है।

उ.प्र.-260800
दिनांक-10.11.2026

(पवन कुमार गंगवार)
जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

एनएसई ने निवेशकों और ट्रेडिंग सदस्यों के लिए वेब और मोबाइल प्लेटफॉर्म पर जोड़े नए डिजिटल फीचर्स

मुंबई-नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने अपनी वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर कई नए फीचर्स जोड़े हैं। इनका उद्देश्य निवेशकों और ट्रेडिंग सदस्यों के लिए शेयर बाजार से जुड़ी जानकारी को आसानी से उपलब्ध कराना और डिजिटल सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाना है। इसमें एक प्रमुख फीचर एनएसई मार्केट लेंस का बीटा वर्जन है जो वेब और मोबाइल दोनों पर उपलब्ध होगा। एनएसई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विरल मोदी ने कहा भारत के कैपिटल मार्केट को आसान बनाने और हर भारतीय के लिए इसे अधिक सुलभ, समावेशी और सुविधाजनक बनाने में टेक्नोलॉजी की अहम् भूमिका है। लगातार डिजिटल इनोवेशन के माध्यम से एनएसई का उद्देश्य निवेशकों और बाजार से जुड़े सभी लोगों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करना है। इसके साथ ही हम माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन में योगदान देने के लिए भीप्रतिबद्ध हैं।यह शेयर्स को खोजने और उनकी स्क्रीनिंग करने का प्लेटफॉर्म है। इसके माध्यम से निवेशक पहले से तैयार लोकप्रिय स्टॉक स्क्रीन देख सकते हैं, अलग-अलग सेक्टर के शेयर्स की जानकारी ले सकते हैं और अपनी जरूरत के हिसाब से स्क्रीन बना सकते हैं। इसमें सामान्य भाषा में सवाल लिखकर भी शेयर्स की स्क्रीनिंग की जा सकती है। यह सुविधा निवेशकों के सवालों को ऐसे फिल्टर में बदल देती है, जिन्हें वे अपनी जरूरत के अनुसार एडिट कर सकते हैं। इसके नतीजे एनएसई के मार्केट डेटा पर आधारित होंगे।

पिरामल फाइनेंस ने उत्तर प्रदेश में ग्रामीण ऋण सेवाओं का विस्तार किया

पिरामल फाइनेंस, प्रमुख अपर-लेयर एनबीएफसी कंपनी ने उत्तर प्रदेश में अपनी सेवाओं का विस्तार किया है। कंपनी ने कमल फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही 28 ग्रामीण ऋण शाखाओं का संचालन अपने हाथ में ले लिया है। इस बदलाव के बाद पिरामल फाइनेंस इन सभी 28 शाखाओं का संचालन सीधे करेगी। कंपनी का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के सेवाएं देना, उनके साथ बेहतर संबंध बनाना और उनकी बदलती जरूरतों के अनुसार वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता ग्रामीण परिवारों, स्वरोजगार करने वाले लोगों और छोटे व्यवसायियों की आर्थिक जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपनी शाखाओं का संचालन सीधे अपने हाथ में लेकर पिरामल फाइनेंस का उद्देश्य ग्राहकों को लगातार वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी जरूरतों के अनुसार व्यक्तिगत सहायता देना है। कंपनी मौजूदा ग्राहकों के लिए इस बदलाव की प्रक्रिया को आसान और सुचारू बनाने पर ध्यान दे रही है। साथ ही, ग्राहकों की आर्थिक जरूरतों के अनुसार उन्हें उपयुक्त ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी।

ये सुविधाएं तय पात्रता और संबंधित नियमों एवं शर्तों के आधार पर दी जाएंगी। सैयद इम्तियाज अहमद, चीफ बिजनेस ऑफिसर - रिटेल लेंडिंग, पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने कहा- हमारे ग्राहक और उनकी जरूरतें हमेशा हमारे काम में सबसे महत्वपूर्ण रहती हैं। उत्तर प्रदेश में 28 ग्रामीण ऋण शाखाओं का सीधा संचालन अपने हाथ में लेने के बाद हमारी पहली प्राथमिकता इस बदलाव की प्रक्रिया को आसान बनाना और हर ग्राहक को बिना किसी रुकावट के सेवाएं उपलब्ध कराना है।

पूर्वोत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र
ई-निविदा सूचनाः ओटी-24-2026

ई-निविदा सूचना सं. ओटी-24-206 के माध्यम से, पूर्वोत्तर रेलवे अन्तर्गत खलीलाबाद बहराईच नई लाईन परियोजना के तहत बघौली (Excl.)-बाँसी (Incl.) खण्ड का रेलवे विद्युतीकरण ओएचई 2x25 केवी, एसी, 50 हर्ट्स अनुसार डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य में निम्न अनुसार सुधार नोटिस जारी करने की आवश्यकता है:-

विवरण- निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय, वर्तमान प्रविष्टि- 15.12.2026, 15:00 बजे, संशोधित प्रविष्टि-02.12.2026, 15:00 बजे

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर /निर्माण
मुजाधि/विद्युत-259 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः 26-विद्युत/सा0/प्रयागराज/2627 **दिनांकः** 06.11.2026

ई-निविदा सूचना (विद्युत सामान्य विभाग)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत् अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा **दिनांक- 02.12.2026 समय 15:00 बजे** तक आमंत्रित करते हैं। निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:-

निविदा सूचना संख्याः ELG-63-2627	**काम की लागत (रू. में):** ₹ 1,45,36,455.58
कार्य का नामः सीएनबीएन (न्यू कानपुर) स्थित रनिंग रूम के सुसज्जीकरण के संबंध में वातानुकूलन (एसी) की व्यवस्था एवं विद्युत आपूर्ति क्षमता में वृद्धि का कार्य।	
बिड सिक्योरिटी (रू. में): ₹ 2,90,700.00	**कार्य समाप्त करने की समयावधिः** 12 माह
निविदा सूचना संख्याः ELG-64-2627	**काम की लागत (रू. में):** ₹ 2,80,88,017.85
कार्य का नामः रेलवे लोको रनिंग स्टाफ हेतु एमडीडीटीआई/सीएनबी में 400 बिस्तरों की क्षमता वाले छात्रावास भवन के निर्माण के संबंध में वातानुकूलन (एसी) की व्यवस्था एवं विद्युत आपूर्ति क्षमता में वृद्धि का कार्य।	
बिड सिक्योरिटी (रू. में): ₹ 5,61,800.00	**कार्य समाप्त करने की समयावधिः** 12 माह

निविदा खुलने की तिथिः 02.12.2026, समय- 15:00 बजे।

नोटः- (1) उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **2559/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सं0-सिग-डब्लू एस-कान्ट्रैक्ट/586 **दिनांकः 06/11/2026**

निविदा सूचना

ई-टेंडर सूचना संख्या **SIG-WS-CONTRACT-586**, दिनांक **06.11.2026**: उप मुख्य सिग्नल और टेलीकॉम इंजीनियर/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज (GM कार्यालय, बेतवा बिल्डिंग, सूबेदारगंज, प्रयागराज) भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे बताए गए काम के लिए तय फॉर्म पर **03.12.2026** को **15:00** बजे तक ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं। ये टेंडर उसी दिन **15:30** बजे खोले जाएंगे।

निविदा संख्या एवं दिनांकः सिग-डब्लू एस-कान्ट्रैक्ट / 586 दिनांक 06.11.2026

कार्य का नामः नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के प्रयागराज डिवीज़न में चुनार-चोपन सेक्शन में डबल लाइन के काम के सिलसिले में सिग्नलिंग और टेलीकॉम केबल और उपकरणों के रास्ते में आने वाली रुकावटों को हटाना / उनकी जगह बदलना।

कार्य की अनुमानित लागतः रु 2,79,34,116.38 (रू0 दो करोड़ उन्नासी लाख चौतीस हजार एक सौ सोलह एवं अड़तीस पैसे मात्र)

धरोहर राशिः रु 5,58,700/- (रू0 पाँच लाख अठ्ठावन हजार सात सौ मात्र)

कार्य पूर्ण करने की अवधिः बारहः माह

निविदा जमा एवं खुलने की तिथिः 03.12.2026 समय 15:30 बजे खुलेगा।

वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ टेंडर की पूरी जानकारी देखी जा सकती हैः वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और उप मुख्य सिग्नल और टेलीकॉम इंजीनियर/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे / प्रयागराज, GM कार्यालय, बेतवा बिल्डिंग, सूबेदारगंज, प्रयागराज के कार्यालय में लगा नोटिस बोर्ड। **2556/26 (D)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

भाई-बहन के अटूट स्नेह, विश्वास को समर्पित भैया दूज

चंदौली। भाई दूज के पावन अवसर पर महिलाओं ने श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से किया पूजा। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। पूजा के दौरान घरों और मोहल्लों में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। **सकलडीहा प्रतिनिधिनुसार**- दिवाली के दूसरे दिन कस्बा के विभिन्न स्थानों पर बहनों ने भाईयों की खुशी और लम्बी आयु के लिये विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस दौरान सकलडीहा कस्बा सहित चतुर्भुजपुर, भोजापुर, नागेपुर, धरहरा, कम्हारी, बरठी सहित अन्य गांवों में काफी संख्याओं में महिलाओं ने पूजा अर्चना शुभ मुर्हूत में किया। पौराणिक मान्यता है कि मृत्यु के देवता यमराज अपनी बहन यमुना के बार बार बुलाने पर कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन उनके घर भोजन करने पहुंचे थे। बहन ने उनका आदर सत्कार किया। तिलक लगाया और भोजन कराया। इससे प्रशन्न होकर यमराज ने बरदान दिया कि जो बहन इस दिन अपने भाई का तिलक लगाकर उसकी लम्बी उम्र की कामना करेंगी तो उसके भाई की अकाल मृत्यु या यम का भय नही होगा। तभी से यह पूजा दिवाली के दूसरे दिन बहने भाई की खुशहाली और लम्बी आयु के लिये प्रार्थना करती है। **इलिया प्रतिनिधिनुसार**- भाई-बहन के अटूट स्नेह, विश्वास और आत्मीय रिश्तों को समर्पित भैया दूज का पर्व सोमवार को इलिया क्षेत्र



बहनों ने भाई के दीर्घायु के लिए की मंगलकामना

में पारंपरिक उल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर गांवों से लेकर कस्बों तक उत्सव और उमंग का माहौल देखने को मिला। इलिया, सैदूपुर, मनकपड़ा, सरैया, बसाढ़ी,खिलची और बरियारपुर समेत आसपास के गांवों में सुबह से ही पर्व की रौनक छाई रही। भैया दूज के पावन अवसर पर बहनों ने प्रात: स्नान कर पूजा-अर्चना की और विधि-विधान से भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंटकर उनके प्रति अपने प्रेम और सम्मान का इजहार किया तथा जीवन के हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया। घरों में तरह-तरह के पकवान और मिठाइयां बनाई गईं। वहीं बाजारों में भी सुबह से चहल-पहल बनी रही। **चकिया प्रतिनिधिनुसार**- भाई बहन के प्यार का प्रतीक भाई दूज का त्योहार बड़े होर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर सहित गांव देहात विभिन्न मोहल्ले में बहनों ने अपने भाई के दीर्घायु की कामना की। इस त्योहार को लेकर जितना उत्साह बहनों में दिखा उतना ही भाइयों में भी देखने को मिला यमराज ने इसी बहन के हाथों लगाया था तिलक : ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इसी दिन मृत्युदाता यमराज अपनी बहन यमी के घर आए थे। यमी ने उनके माथे पर तिलक लगाकर उनकी सलामती की कामना की थी। इसके बाद यमराज ने अपनी बहन यमी को हमेशा इसी दिन उनके पास आने का वचन दिया था। भाई दूज के त्योहार को यमद्वितीय भी कहा जाता है। इस दिन भाई के माथे पर तिलक लगाने से होती है उसकी लंबी आयु :पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब माता यमी ने यमराज के माथे पर तिलक लगाया था, तो यमराज ने प्रसन्न होकर यमी से कोई भी वरदान मांगने को कहा था। जिस पर माता यमी ने ये मांगा कि आज के दिन जो बहन अपने भाई के माथे पर तिलक लगाएगी, उस भाई को यमराज लंबी आयु प्रदान करेंगे।





पाइल्स के आपरेशन के बाद मरीज की मौत

चंदौली। क्षेत्र के हेतमपुर गांव में कथित झोलाछाप डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्र के हेतमपुर गांव में बवासीर (पाइल्स) का ऑपरेशन किए जाने के बाद 45 वर्षीय इस्लाम (पुत्र सुभान) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग का दरवाजा खटखटाया है। मृतक के भाई इसहाक अली ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित जिले के कई आला अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा है। परिजनों का गंभीर आरोप है कि एक कथित झोलाछाप डॉक्टर ने बिना किसी चिकित्सीय व्यवस्था, आवश्यक सुविधाओं और वैध योग्यता के घर पर ही इस्लाम का पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद इस्लाम की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई, जिसके बाद 17 अक्टूबर 2026 को उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि किसी भी प्रकार के ऑपरेशन के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक, उचित चिकित्सा केंद्र और आपातकालीन सुविधाएं अनिवार्य होती हैं। इसके बावजूद घर पर ऑपरेशन किया जाना और घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होना, स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

सैयदराजा । थाना क्षेत्र के नौबतपुर में सोमवार की देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जब कि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बिहार के धनेछा नि0 अभिषेक सोमवार की रात बाइक से नौबतपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में अभिषेक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जब कि बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घटना को लेकर सैयदराजा थाना प्रभारी अशोक मिश्रा ने बताया कि बाइक से गिरने के कारण दो लोग घायल हुए थे, जिनमें एक की मौत हो गई है। हालांकि मंगलवार दोपहर करीब दो बजे तक थाना प्रभारी को मृतक की पूरी पहचान की जानकारी नहीं हो सकी थी।

काली पूजा महोत्सव में भंडारे का आयोजन

बबुरी। कस्बा स्थित शिवा जी बाल स्पोर्टिंग क्लब बबुरी के तत्वावधान में चल रहे काली पूजा महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्लब के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। माता काली के जयकारों के साथ पूरे बबुरी बाजार में भक्तिमय माहौल रहा। क्लब के सदस्यों ने बताया कि शिवा जी बाल स्पोर्टिंग क्लब द्वारा पिछले कई वर्षों से काली पूजा का भव्य आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें भंडारा आकर्षण का मुख्य केंद्र होता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, युवा साथी और बड़ी संख्या में माताएं-बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सभी कार्यकर्ताओं मुख्य रूप से सोनू केशरी, नीतिन जायसवाल, अमन केशरी, प्रियम जायसवाल सोनू पटवा, सुनील पासवान,विकाश केशरी, उदित जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

गंगा में डूबने से युवक की मौत

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के मारूफपुर पुलिस चौकी अंतर्गत पट्टी गांव निवासी 42 वर्षीय सुशील कुमार चौबे उर्फ टीपू सोमवार को दोपहर बलुआ पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी । सूचना पर पहुंची बलुआ और चौबेपुर की पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा नदी में तलाश अभियान शुरू कराया। देर शाम तक खोजबीन जारी रहीए लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका था। मंगलवार की सुबह उनका शव गंगा नदी में हजारा जाल लगाकर मछुवारों ने निकाला। सुशील कुमार चौबे पुत्र स्व० राम अवतार चौबे के इकलौते पुत्र थे। उनकी माता का नाम गिरिजा देवी है। परिवार में पत्नी रिंकी चौबे, पुत्र शिवम और पुत्री पिक्कू हैं। उनकी दो बहनें भी हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना कारण पता नहीं चल सका । घटना के बाद बलुआ घाट पर क्षेत्रीय लोगों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। बलुआ और चौबेपुर की पुलिस,एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर लगातार गंगा में उनकी तलाश में जुटे रहे। देर शाम तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। जिसे मंगलवार को स्थानीय मछुवारों ने हजारा जाल डालकर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल बना हुआ है।

संक्षिप्त

भगवान चित्रगुप्त का मिलजुल कर पूजन करें आज

मुगलसराय। भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं धूमधाम से 11 नवंबर बुधवार को विधि-विधान के साथ मनाने का चित्रगुप्त वंशजों एवं चित्रांश बंधुओं से आहवान किया है। उक्त आहवान चित्रगुप्त पूजा कमेटी एवं धरोहर मुगलसराय के अध्यक्ष बी के सिन्हा ने की है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी 11 नवंबर को अवकाश घोषित किए जाने को ध्यान में रखते हुए मेरा सभी चित्रांश बंधुओं से विशेष आग्रह है कि पूजा इसी दिन आयोजित करें। इस वर्ष हमारे पितातुल्य मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत आदरणीय आर.के. सिन्हा के निधन के कारण चित्रगुप्त भगवान की मूर्ति स्थापित कर सामूहिक पूजा का आयोजन नहीं किया जाएगा। इस निर्णय के लिए मैं समस्त चित्रांश बंधुओं से हृदयपूर्वक क्षमाप्रार्थी हूँ। आइए,हम सभी भगवान श्री चित्रगुप्त जी का स्मरण करते हुए आपसी एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करें।

जय हिंद राष्ट्रीय पत्रकार की बैठक

कमालपुर। स्थानीय कस्बा के एक लॉन में रविवार को दिन में जय हिंद राष्ट्रीय पत्रकार संगठन जिला इकाई चंदौली की एक बैठक सम्पन्न हुई। उपस्थित पत्रकारों ने बैठक में अहम मुद्दा संगठन को जिला स्तर से लेकर तहसील और ब्लॉक स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया गया। इस दौरान डॉ अशोक कुमार मिश्रा, डॉ जमीर अहमद खान, सतेंद्र यादव,फखरे आलम,प्रकाश यादव राजेश गुप्ता,बैरिस्टर यादव आदि रहें।

छठ घाट का नंबर लेने के लिए जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

मुगलसराय। मानसरोवर तालाब पर छठ घाट का नंबर लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। छठ पूजा के लिए घाटों की सफाई और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हर साल की तरह इस बार भी घाटों के नंबर बांटे जा रहे हैं। पसंदीदा घाट और नंबर लेने के लिए महिला-पुरुष श्रद्धालु सुबह से तालाब परिसर पहुंचने लगे। घाट का नंबर मिलने से श्रद्धालु अपने तय स्थान पर पूजा की तैयारी कर सकेंगे। इससे पर्व के दौरान घाटों पर भीड़ और अव्यवस्था से बचने में मदद मिलेगी। मानसरोवर तालाब के संयोजक कृष्ण गुप्ता ने बताया कि छठ पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों के नंबर बांटे जा रहे हैं। छठ व्रतियों और उनके परिवारों को परेशानी न हो,इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

मां काली की प्रतिमा का विसर्जन

मुगलसराय। नगर के इंडियन इंस्टीच्यूट कालोनी में मां काली की प्रतिमा स्थापना की परंपरा 74 साल से चली आ रही है। इस साल भी दीपावली पर प्रतिमा स्थापित की गई और देर रात सोमवार को विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। बड़ी संख्या में लोगों ने मां काली के दर्शन किए। विसर्जन यात्रा में भी श्रद्धालु शामिल हुए। विसर्जन के दौरान पुलिसकर्मी तैनात रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ। आयोजन में मनोज कुमार सिंह उर्फ पट्ठू, राजेश राय, ओमप्रकाश, कलाश कुमार,अमित सिंह और रुद्रांश राय सहित अन्य लोगों ने भूमिका निभाई।

दीपावली पर जन सहयोग संस्थान ने बिखेरी खुशियां

चंदौली। दीपावली के पावन अवसर पर जन सहयोग संस्थान द्वारा ग्राम



भदलपुरा (चन्दौली) के वनवासी जनजातीय समुदाय के बच्चों एवं परिवारों के बीच दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को नए वस्त्रए मिठाइयाँ, फुलझड़ियाँ और मोमबत्तियाँ वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाई गई। संस्थान के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े परिवारों के साथ खुशियाँ साझा करना ही पर्व की वास्तविक सार्थकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. जे. पी. गुप्ता, अनवार अंसारी, प्रियंका गुप्ता, रोशन तथा लक्ष्मीकांत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भैया दूज:बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र की कामना की

सैयदराजा । आदर्श नगर पंचायत सहित ग्रामीण अंचलों में भैया दूज एवं गोवर्धन पूजा सोमवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रात: से ही भाइयों की लंबी उम्र की कामना लिए बहनें व्रत रखकर तथा गोवर्धन की गोबर से चौका स्थापित कर पूजा के लिए एकत्रित हुईं। महिलाएं धूपबत्ती,नारियल, सिंदूर, हल्दी, घी सहित पूजन सामग्री के साथ पहुंचकर पूजा-अर्चना कर भाइयों के दीर्घायु की कामना के साथ गोवर्धन की पूजा की। पूजा के दौरान महिलाएं कहानियों के माध्यम से गोवर्धन की महत्ता पर चर्चा करती रहीं और गोवर्धन जी के पुनीत कार्य की गाथा सुनाईं। इस सम्बंध में अति प्राचीन काली मंदिर के मुख्य पुजारी जवाहर पाण्डेय उर्फ लोटन बाबा ने गोवर्धन पूजा पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए बताया कि जब इंद्र के आतंक से गोकुलवासियों में हाहाकार मचने पर भगवान श्रीकृष्ण ने सभी गोकुलवासियों से कहा कि हम सभी लोग गोवर्धन पहाड़ के समीप पहुंचें।



डाला छठ पूजा को लेकर घाटों का नामकरण

सकलडीहा। डाला छठ महापर्व को लेकर महिलाओं की ओर से तैयारी शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को दर्जनों महिलाओं ने घाटों पर पहुंचकर साफ-सफाई के साथ घाटों पर नामकरण किया। इस दौरान महिलाओं ने सरोवर में पानी कम होने व साफ सफाई नहीं होने पर नाराजगी जताया। उधर ब्लॉक प्रशासन की ओर से साफ सफाई कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। सकलडीहा कस्बा के प्राचीन सरोवर पर वर्षो से तीन दिवसीय डाला महाछठ पर्व पर सकलडीहा, नागेपुर, तेन्दुई, ईटवा, बलारपुर, टिमिलिपुर, सिरोहुपुर सहित आसपास गांव की हजारों की संख्या में महिलायें पूजा पाठ करती है। जिसे लेकर सुरक्षा का पुलिस प्रशासन की ओर से व्यवस्था किया जाता है। बीते कई दिनों से घाटों के निर्माण के दौरान सरोवर का पानी दूषित हो गया है। सरोवर में पानी नही होने से छठ पूजा को लेकर महिलायें और कस्बावासी परेशान है।

विद्युत पोल से टकराकर युवक की मौत

चकिया। दीपावली की खुशियों के बीच चकिया कोतवाली क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। सिकंदरपुर-कंचनपुर मार्ग पर मड़ई पर बस्ती के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 37 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गढ़वा उत्तरी गांव निवासी शोभनाथ मौर्य के पुत्र प्रदीप मौर्य दीपावली की रात करीब 12 बजे अपने दोस्त महेश गोंड़ के साथ बाइक से सिकंदरपुर की तरफ जा रहे थे। मड़ईपर बस्ती के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा भिड़ी। दुर्घटना में प्रदीप ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया,जबकि महेश गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, प्रदीप की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी मंजू, पिता शोभनाथ और दोनों छोटे बच्चों अंकित व अमन का रो-रोकर बुरा हाल है। दीपावली के पर्व पर हुए इस हादसे से पूरे गांव में शोक का माहौल है। कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

जामेश्वरनाथ मंदिर में दूसरे दिन भी हुआ जलाभिषेक

सकलडीहा। जिले के जामडीह गांव स्थित प्रसिद्ध जामेश्वरनाथ मंदिर में दिवाली के पावन अवसर पर लगातार दूसरे दिन भी भारी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीण नवनीत राजभर और प्रधान बिहारी यादव ने जानकारी दी कि इस मंदिर में चंदौली के अलावा अन्य जिलों व प्रदेशों से भी दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में जोड़ा शिवलिंग स्थापित है। मान्यता है कि महिलाएं पुत्र प्राप्ति की मन्नत के लिए गांव के सरोवर में स्नान करती हैं,पुराने कपड़े वहीं छोड़कर नए वस्त्र धारण करती हैं और फिर जामेश्वरनाथ का जलाभिषेक कर दर्शन-पूजन करती हैं। मनोकामना पूरी होने के बाद महिलाएं बैंड-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए दोबारा मंदिर पहुंचती हैं और बाबा की पूजा करती हैं। दिवाली की सुबह से शुरू होने वाली यह परंपरा लगातार दूसरे दिन तक चलती है। इस दौरान मन्नत पूरी होने पर बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया गया। मंदिर परिसर में कई दशकों से चले आ रहे इस आयोजन के दौरान मेले जैसा दृश्य रहता है, जहां चाट, पकौड़ी, गुड़ की जलेबी और बच्चों के लिए झूले आदि लगाए जाते हैं। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मुस्तैद नजर आए।

लक्षु ब्रह्म बाबा का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

चहनियां। लक्ष्मनगढ़ स्थित श्री लक्षु ब्रह्म बाबा का वार्षिक पूजन श्रृंगार उत्सव मंगलवार को भव्य तरीके से मनाया गया। जहाँ दर्जनों पहलवानों ने कुश्ती में जोर आजमाइश करके इनाम बटोरे।श्री लक्षु ब्रह्म बाबा के वार्षिक पूजन श्रृंगार उत्सव कार्यक्रम के तहत सोमवार से ही श्री राम चरित मानस का अखंड पाठ शुरू हो गया था। मंगलवार को पाठ समापन के साथ वेद पाठी ब्राह्मणों के मन्त्रोंच्चार के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ योगेंद्र नाथ ओझा द्वारा बाबा का रुद्राभिषेक व विधिवत पूजन किया गया। पूजन कार्यक्रम के पश्चात सैयदराजा विधायक द्वारा अखाड़ा पूजन करके पहलवानों से हाथ मिलाकर कुश्ती प्रतियोगिता की शुरुआत करायी गयी। जिसमें दर्जनों नामी गिरामी पहलवानों ने जअखाड़ा में जोर आजमाइश करके इनाम बटोरे। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ जयश्याम त्रिपाठी, राजेंद्र पाण्डेय, विवेक कैलाश नाथ यादव, ध्रुव मिश्रा प्रिंस,प्रताप सिंह,गोल्डीस पाण्डेय, सुनील सिंह,बीनीत पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

आटो की टक्कर से युवक घायल

इलिया। चकिया कोतवाली क्षेत्र के चकिया-इलिया मार्ग पर सरैया गांव के समीप रविवार की देर रात तेज रफ्तार ई-ऑटो का कहर एक परिवार की खुशियां छीन ले गया। घर से सामान लेने निकला 19 वर्षीय अनुराग केसरी उर्फ बाबू को ई-ऑटो ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिंदगी बचाने की उम्मीद में परिजन उन्हें लेकर चकिया से वाराणसी के ट्रामा सेंटर तक दौड़े, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद अनुराग ने दम तोड़ दिया। जवान बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई,वहीं युवा व्यापारी की मौत से आहत सैदूपुर बाजार के दुकानदारों ने शोक में अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सरैया गांव निवासी अनुराग केसरी उर्फ बाबू रविवार की देर रात अपने घर से सामान लेने निकला था । इसी दौरान चकिया-इलिया मार्ग से तेज रफ्तार में गुजर रहे ई-ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनुराग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बदहवास परिजन उन्हें तत्काल निजी साधन से चकिया स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय ले पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन बेहतर उपचार की आस में अनुराग को लेकर वाराणसी पहुंचे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

लाखों खर्च के बाद भी कर्मचारियों के अभाव में बंद पड़ा शौचालय

सकलडीहा। शासन की ओर से प्रधानो को प्रशासक बनाये जाने के बाद से सामुदायिक शौचालय और स्कूलों का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। इस क्रम में बीते दिनों टिमिलपुर के बंद और जर्जर पड़े सामुदायिक शौचालय का मरम्मत और रंग रोगन के बाद भी कर्मचारी के अभाव में बंद पड़ा है। जिसे लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कस्बावासियों ने डाला छठ महापर्व को लेकर सामुदायिक शौचालय का संचालन शुरू कराये जाने की मांग किया है। सकलडीहा तहसील मुख्यालय और ब्लॉक मुख्यालय होने पर सार्वजनिक रूप से दो बड़े सामुदायिक शौचालय का निर्माण टिमिलपुर और नागेपुर में किया गया है। नागेपुर को छोड़ टिमिलिपुर का सामुदायिक शौचालय महीनों से मरम्मत और साफ सफाई के अभाव में बंद पड़ा है। बीते दिनों शासन के निर्देश पर सामुदायिक शौचालय और स्कूलों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश पर सचिवों की ओर से टिमिलपुर की सामुदायिक शौचालय की मम्मत और रंग रोगन कराया गया है। लेकिन कर्मचारियों के अभाव में सामुदायिक शौचालय का संचालन बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत और सुंदरीकरण के नाम पर हजारों लाखों रूपया खर्च किया जाता है। इसके बाद भी जनता का उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। व्यापारियों ने डाला महाछठ पर्व को लेकर सामुदायिक शौचालय का संचालन शुरू कराये जाने की मांग किया है। इस बाबत सचिव संदीप गौतम ने बताया कि समूह की महिलाओं को रखने का निर्देश है।



मिशन शक्ति के तहत बिछड़े दम्पतियों को मिलाया

चन्दौली। पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार थाना चंदौली मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर एक परिवार के बीच पुन: खुशियां लौटाने का लगातार सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है। 10 नवम्बर को ऐसे ही 01 परिवार से पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस/मोबाइल द्वारा सूचित कर थाना चंदौली मिशन शक्ति केन्द्र पर बुलाकर पारिवारिक मूल्यों एंव महत्व को बताते हुए अथक प्रयास से समझाया बुझाया गया। दोनों पक्षों आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों/गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुन: पति/पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हुए।

सैदूपुर में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

इलिया। सैदूपुर कस्बे में सोमवार को विधायक कैलाश आचार्य ने बीबी जी राम जी योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने कई निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी तो वहीं पूर्ण हो चुके कार्यों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। विधायक ने काली मंदिर के पास सुरेंद्र के घर से बुद्ध प्रताप के घर तक नाली, पत्थर चौका एवं सीसी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय में इंटरलॉकिंग एवं सीसी रोड निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। वहीं विद्यालय की बाउंड्रीवाल और प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के समीप निर्मित टीनशेड का लोकार्पण किया। रामजानकी मंदिर के पास बने चबूतरे का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि गांवों का विकास और आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। सड़क, नाली, शिक्षा और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। सरकार की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारकर ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि लोगों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान शीला गुप्ता ने विधायक कैलाश आचार्य सहित उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान शीला गुप्ता, अजय गुप्ता, शहाबगंज मंडल अध्यक्ष रिंकू विश्वकर्मा, शीतांजलि शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, अरविंद दुबे, विजयानंद, चंद्रभूषण चतुर्वेदी, हवारी इलियास, परितोष गुप्ता और अरविंद मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



गोवर्धन पूजा पर गौशाला में विधायक,चेयरमैन ने किया पूजन

चकिया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर सोमवार को ब्लॉक परिसर स्थित गौशाला में गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक कैलाश आचार्य और नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से गायों का पूजन किया। इसके बाद गायों को गुड़, फल और पौष्टिक आहार खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने विधायक कैलाश आचार्य को माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। गोसेवा और गोवंश का संरक्षण हमारी प्राचीन परंपरा का अभिन्न अंग है। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति और जीवों के प्रति प्रेम, सेवा एवं संरक्षण का संदेश देती है। नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि गोसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। गोवंश का संरक्षण और उनकी उचित देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है। गौशालाओं में पशुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, सभासद उमेश चौहान, बादल सोनकर,रवि गुप्ता, शुभम मोदनवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि राजू माली, बादल श्रीवास्तव, लालू चौहान, सोनू चौहान, अजय सेठ एवं संतोष यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अश्वनी शुक्ला ने काली पूजा,भंडारे के आयोजन की संभाली जिम्मेदारी

दुल्हीपुर। क्षेत्र में नवयुवक मंगल दल के तत्वावधान में मां काली पूजा का भव्य एवं धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधि-विधान से मां काली की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर मां के चरणों में शीश नवाया और परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस धार्मिक आयोजन के दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया,जिसमें श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में भक्तिमय माहौल बना रहा। मां काली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख समाजसेवी अश्विनी शुक्ला के नेतृत्व एवं सहयोग से किया गया। उनके प्रयासों से धार्मिक आयोजन को भव्य स्वरूप मिला। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



मुकदमेबाजी के विवाद में सात लोग हिरासत में

बरसठी। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने मंगलवार को जमीनी विवाद और मुकदमेबाजी के चलते संभावित तनाव की आशंका में सात लोगों को गिरफ्तार किया,पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई, गिरफ्तार लोगों में लखरांव के दिनेश कुमार पटेल (45), रोशन पटेल (21), गनेशपुर के प्रदीप सोनकर (50), बबलू सोनकर (40), बनकट (राजा बाजार) के शिवआसरे सोनी (56) तथा कूसा के राजदेव गौतम (56) और विपिन गौतम (26) शामिल हैं, कार्रवाई टीम में उपनिरीक्षक अजय तिवारी, राजकुमार सिंह, अम्ब्रीश सिंह तथा हेड कां.अखिलेश यादव व अन्य शामिल रहे।

पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, भाई-भतीजा घायल

बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात महिला सहित आठ लोगों पर की प्राथमिकी दर्ज

तेजीबाजार। थाना क्षेत्र के बसरा गांव में एक सप्ताह पूर्व हुई मारपीट की घटना की रंजिश को लेकर एक पक्ष ने लाठी डंडे से हमला कर एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया वही दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

मृतक के बेटे शुभम यादव ने बताया कि दीपावली के दिन रविवार को रात्रि लगभग 8 बजे मेरे पिता मड़हा छा रहे थे तभी एक लोग आए उन्हें बुलाकर घर से लगभग सौ मीटर दूर ले गये जहां पहले से मौजूद दस की संख्या में लोगों ने गड़सी से और लाठियों से उनपर वार किया उन्हें बचाने पहुंचे बड़े पापा मुन्नू और प्रदीप को भी गंभीर चोट लगी। इन्होंने बताया कि हम लोग घर में खाना-पीना खाकर दीपावली मना रहे थे उसी समय अचानक गांव के ही चौहान बस्ती से 8 से 10 लोग पूरी प्लानिंग के साथ एकजुट होकर लाठी डंडे और गड़ासी से लैस होकर हमला बोलते हुए लाठियां चलना शुरू कर दिए। हमले में घर के मुखिया मेरे पिता रमेश यादव पुत्र रामसमुझ यादव (उम्र लगभग 40 वर्ष) और इनके भाई मुन्नू यादव उम्र लगभग 50 वर्ष तथा प्रदीप यादव पुत्र मुन्नू यादव उम्र लगभग 17 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस द्वारा बदलापुर स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां रमेश यादव की हालत गंभीर देखकर चिकित्सको की टीम ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल जाते ही रास्ते में रमेश की मृत्यु हो गई।

जबकि घायल दोनों लोगों को बेहतर ईलाज के लिए जिला हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया। वही परिवार के मुताबिक ये भी बताया गया कि कुछ दिन पहले पुरानी रंजिश को लेकर हल्की फुल्की मारपीट हुई थी, उसी रंजिश को लेकर पूरी प्लानिंग के साथ घटना को अंजाम दिया गया है।

इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई



पटेल ने बताया कि दीपावली की रात्रि लगभग 8 बजे की घटना है पुरानी रंजिश को लेकर हमलावर पूरी प्लानिंग करके घटना को अंजाम दिए हैं, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर सभी लोगों को हॉस्पिटल भेजवाया गया था, जिसमें रमेश यादव की मृत्यु हो गई है जबकि घायल मुन्नू यादव के दाहिने हाथ के पंजे में फैक्चर हुआ है और प्रदीप यादव का बायां हाथ टूट गया है इन दिनों का जिला **हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा है,** वहीं सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। मृतक रमेश की लाश को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए दविश दी जा रही है। मृतक रमेश यादव के बेटे शुभम यादव के द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर उक्त गांव के रितेश चौहान, लालू, प्रेम, शिवा, शैलेश, ग्राम प्रधान राम सिंह, वीरे चौहान सहित एक अज्ञात महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही हैं। घटना के तीसरे दिन मंगलवार को सुबह दस बजे पहुंचे सी ओ सदर विजय चौधरी ने परिवार वालों से बातचीत किया और दो घंटे तक समझाया बुझाया और आश्वासन देने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने के लिए मान गये, दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे रामघाट ले जाकर अंतिम संस्कार किया। सपा के पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या, विधान सभा अध्यक्ष बदलापुर रामजतन यादव मृतक के घर पहुंचकर परिवारजनों से मिले और सी ओ सदर विजय चौधरी से कानूनी कार्यवाही और सहायता देने की बात किया। वही पत्नी रमिला देवी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया हैं। मृतक की एक बेटी है आरुषि जिसकी उम्र केवल 5 वर्ष हैं, दो बेटे है शुभम यादव लगभग सत्रह वर्ष छोटा बेटा लगभग 15 वर्ष का है जो पूरी तरह से गूंगा, बहरा तथा मानसिक रूप से विकलांग है। मृतक रमेश यादव मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरन पोषण करता था।

दिवाली की रात पटाखे का धमाका बना काल, ११ वर्षीय बालक की मौत

गिलास से ढककर ऊनी बम फोड़ने के दौरान विस्फोट, सीने में लगा टूटे गिलास का टुकड़ा

सरायख्वाजा। दीपावली की देर शाम पटाखा फोड़ते समय हुए हादसे में 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई। गिलास से ढककर ऊनी बम फोड़ने के दौरान हुए तेज विस्फोट में गिलास टूट गया और उसका टुकड़ा आभास कश्यप के सीने में जा लगा। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार की दीपावली की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के समदाहा गांव निवासी आभास कश्यप पुत्र स्वर्गीय राजेश कश्यप दीपावली की देर शाम घर के पास पटाखा जला रहा था। इसी दौरान उसने ऊनी बम को एक गिलास से ढक दिया। पटाखे में आग लगाने के कुछ ही देर बाद तेज धमाका हुआ। विस्फोट के साथ गिलास टूट गया और उसका एक टुकड़ा आभास के सीने में जा लगा।



इससे वह बुरी तरह झुलस गया और गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में घायल आभास को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। दीपावली पर जिस घर में त्योहार की तैयारियां चल रही थीं, वहां कुछ ही देर में चीख-पुकार गूंजने लगी। आभास तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके पिता राजेश कश्यप का पहले ही निधन हो चुका था। पिता की मौत के बाद मां प्रतिभा कश्यप बच्चों की परवरिश कर रही थीं।बेटे की मौत से मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के अन्य सदस्यों का भी आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा है। मासूम की असमय मौत से गांव में भी शोक का माहौल है।

अर्टिगा कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोलनापुर-गोधना के बीच पहलवान वीर बाबा मंदिर के पास मंगलवार की शाम 6 बजे अर्टिगा कार और बुलेट की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में भिदुना गांव निवासी नमन कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि नमन कुमार सिंह अपनी माता को दिल्ली जाने के लिए ट्रेन पर बैठाने जंघई रेलवे स्टेशन गए थे। वहां से लौटते समय वह गोधना नहर के पास पहुंचे थे, तभी बिपरीत दिशा से आ रही अर्टिगा कार से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो ने सूचना डायल 112 पुलिस व स्वजनों को दी। मौके पर पहुचे लोगो ने उपचार के लिए मछलीशहर लेकर चले गए है।

दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, कई घायल

जफराबाद। क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में बोरिंग और रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घर में घुसकर मारपीट तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव की सरिता देवी पत्नी सुंदर द्वारा 8 नवंबर रविवार को थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार बीते 5 नवंबर को सुबह करीब 10 बजे उनके नए मकान के किनारे समर सेबल बोरिंग के लिए खोदे गए गड्ढे को पाटने को लेकर पूछने पर पड़ोसी सौरभ, विकास, राजेंद्र, दिग्विजय व ओमप्रकाश घर में घुस गए और लाठी डंडे से पीड़िता सरिता देवी, कामिनी, प्रमिला को पीटकर घायल कर दिए। आरोपियों ने घर का सामान भी तोड़ फोड़ दिया। वही दूसरे पक्ष के विकास निषाद ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया कि 5 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे रास्ते के विवाद को लेकर कोमल, राहुल, अंकुश, दिनेश चंद्र, विवेक समेत कई लोगों ने मिलकर उनके घर का दरवाजा तोड़कर छत पर चढ़ गए और सौरभ, प्रकाश, दिग्विजय व नौरज्जी देवी को मार पीट दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के द्वारा दी गई तहरीर पर 17 नामजद और कुछ अज्ञात युवकों पर सम्बंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

एक नज़र इधर भी

बीमारी से परेशान युवकने ट्रेनसे कटकर की आत्महत्या

जफराबाद। जलालपुर क्षेत्र के कोडरी फाटक के पास रविवार की देर रात को एक 24 वर्षीय युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लिया। वह पेट की बीमारी से परेशान था।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जफराबाद क्षेत्र के चकताली निवासी शौकत अली पुत्र उस्मान कुछ माह पूर्व से पेट की बीमारी से लड़ रहा था। वह अक्सर मोबाइल पर गूगल से पेट के अपने रोग को लेकर जानकारी लेता रहता था। वह उपचार भी करवा रहा था। मंगलवार 10 नवम्बर को शौकत की शादी थी।शादी के दो दिन पहले उसने अपने रोग से त्रस्त होकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर एस आई सुजीत ओझा मय हमराहियों के मौके पर पहुंच गए। उन्होंने उसके पास से मिले कागजात से उसकी शिनाख्त किया।उसके बाद उसके परिजनों को सूचना दिया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।परिवार के लोग रोने पीटने लगे।

बाइकों की भिड़ंत, युवक की इलाज के दौरान मौत

जफराबाद। क्षेत्र के रामनगर भड़सरा में दो बाईकों की हुई जोरदार टक्कर में एक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया जिसका इलाज के दौरान वाराणसी के ट्रामा सेन्टर में मौत हो गयी। पुलिस नें मामले अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। चकपहलवान ताहिर निवासी सभाजीत विश्वकर्मा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका भतीजा विशाल विश्वकर्मा अपने एक दोस्त नरेन्द्र पटेल के साथ सोमवार की सुबह लाइन बाजार में कपड़े लेने के लिये बाइक से गया था। रास्ते में हनुमान मंदिर के पास एक दूसरी बाइक सवार युवक ने उसकी बाइक में जोरदार साइड से टक्कर मार दिया जिससे वे दोनों रोड किनारे गिर पड़े। जिसमें विशाल बुरी तरह से जख्मी हो गया। बाजार वासियों की मदद से उसे एम्बुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसकी हालत बिगड़ने पर वाराणसी ट्रामा सेन्टर के लिये रेफर कर दिया गया और वहीं पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी कमलनयन दूबे ने बताया कि मामले में एक अज्ञात बाइक सवार युवक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

चार महिलाओं सहित नौ लोगों पर मुकदमा

बक्शा। पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोप में चार महिलाओं सहित कुल नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस घायलों का मेडिकल करवाते हुए मामलें की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के विसुन उर्फ गोविंदपुर गांव निवासी विनीत कुमार मिश्र ने मुकदमा दर्ज कराया है कि दोपहर में प्रार्थी अपना खेत देखकर वापस घर जा रहा था। अचानक विपक्षी पड़ोसी एक राय होकर लाठी डंडे एवं सरिया से प्रार्थी पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिए। आवाज सुनकर मेरी माता, पत्नी एवं भांजा धीरज पहुँचे तो विपक्षियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि विनीत की तहरीर पर विपक्षी पड़ोसी मुकेश मिश्र, नितेश मिश्र, सुभाष, राजीव, देवेश मिश्र, रेखा मिश्रा, सरिता, महिमा एवं खुशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया गया। पुलिस मामलें की जांच कर रही है।

जमैथा मेलेमें उमड़ा आस्थाका सैलाब

जफराबाद। क्षेत्र के जमैथा गांव में आदि गंगा गोमती के तट एवं यमदग्नि ऋषि के तपोस्थली पर दीवाली के दूसरे दिन यम द्वितीया को लगने वाले मेले में मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। ज्ञात हो कि इस मेले में शामिल होने के। लिए जनपद ही नही अन्य जनपदों के लोग भी आते है। मंगलवार की सुबह से ही मेले में आये महिलाओं व पुरुषों ने गोमती नदी में स्नान किया। उसके बाद लोगो ने परमहंस की समाधि पर दर्शन पूजन किया। उसके बाद आसपास के दर्जनों गांवों की महिलाओं ने कड़ाही किया और पूड़ी और हलवा बनाकर माँ अखण्ड देवी (अखड़ो देवी) को चढ़ाया। मेले में आयी महिलाओं ने जहां श्रृंगार प्रसाधन, व गृहस्थी का सामान खरीदा, वही बच्चो ने खिलौने खरीदे और झूले का आनंद उठाया। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से कई थानों की फोर्स आयी थी। वही जफराबाद थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे लगातार मेले का चक्रमण करते रहे। मेले की व्यवस्था में समाजसेवी व पूर्व प्रमुख आशुतोष सिंह, हरेंद्र सिंह, गोलू सिंह, संजय शुक्ल सहित अन्य लोग लगे रहे। मेले में आये विशिष्ट लोगों को परमहंस आश्रम के महंत राजनदास जी महाराज ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

पूर्व सीएमओ ने माता की पुण्यतिथि पर गरीबों को बांटे कम्बल

महराजगंज। क्षेत्र में पूर्व सीएमओ इलाहाबाद डॉ. एच.एल. पासी ने अपनी माता की पुण्यतिथि के अवसर पर गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किया। इस दौरान डॉ. पासी ने कहा कि गरीबों के प्रति शुरू से ही उनके मन में सहानुभूति रही है। उनके सुख-दुख में शामिल होना उन्हें अच्छा लगता है। इसलिए वे हर वर्ष अपनी माता की पुण्यतिथि पर असहाय लोगों को कंबल वितरित करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। इस मौके पर पुत्री डॉ. नेहा, मुरादाबाद मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर, सुमित कुमार मणिपाल दिल्ली के सीनियर डॉक्टर, प्रिमांशु रंजन एमबीबीएस प्रशिक्षु, प्रदीप कुमार जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक, रमाशंकर सरोज, राम बुझारत, श्यामलाल पूर्व जिला जज, पन्नालाल सरोज, रमेश सरोज, अरविन्द सोनी व्यापार मंडल अध्यक्ष, संतोष दूबे, रमेश निगम सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश सेठ ने किया।



छप्परमें लगी आग, दिव्यांग वृद्धकी मौत

पवांरा। कुड़रिया गांव में रात्रि में सो रही, दिव्यांग वृद्धा की अज्ञात कारण से छप्पर में आग लगने से झुलसने से मौत हो गयी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के कुड़रिया गांव निवासी दिव्यांग गुलाबा देवी (75) वर्ष पत्नी स्व. फूलचन्द्र गौतम जो सोमवार की रात्रि खाकर छप्पर में सोयी हुई थी। दस नवम्बर की रात्रि करीब दो बजे अज्ञात कारण से छप्पर में आग लग गयी। उनका नाती रात्रि में पानी पीने के लिए उठा तो देखा कि छप्पर में आग लगी हुई है और वह चिल्लाया तो परिवार व पड़ोस के लोग आग बुझाने के लिए दौड़े और किसी तरह आग बुझाये लेकिन तब तक झुलसने से उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

फुटबाल में मोहम्मद हसन पीजी कालेज चैम्पियन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालयी फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन 10 नवंबर को राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर में किया गया, जिसमें पांच महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज, जौनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पीजी कॉलेज, गाजीपुर को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गाजीपुर की टीम द्वितीय तथा मेजबान राजा श्रीकृष्ण दत्त महाविद्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. सलह राम उपाध्याय, प्राचार्य प्रो. शम्भू राम एवं क्रीड़ाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार गौतम उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. विजय प्रताप तिवारी, डॉ. चंद्रभूषण कश्यप, डॉ. निशिथ सिंह, डॉ. मनोज कुमार तिवारी, सुधा सिंह, अनामिका सिंह, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव, डॉ. श्याम सुंदर उपाध्याय, डॉ. राजेश उपाध्याय तिवारी, संजय कुमार सिंह, सुधाकर मौर्य एवं शैलेश यादव सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की इस उपलब्धि की खबर मिलने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और सामूहिक प्रयास का परिणाम है।



तेज रफ्तार का कहर एक युवक की मौत, एक गंभीर

शाहगंज। एक बाइक पर सवार होकर अपने एक दोस्त के साथ जा रहे थे की एक भीषण सड़क हादसे के शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार कोतवाली शाहगंज के ग्राम चिरैयामोड़ ताखा पश्चिम निवासी 35 वर्षीय सुरेंद्र कुमार पुत्र स्व. राजेन्द्र कुमार शाहगंज के मजडीहा स्थित एक होटल में कैटरिंग का काम करता था। मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे वह गाँव निवासी 25 वर्षीय सेराज पुत्र हबीबुल्ला के साथ अपनी पर सवार होकर ससुराल जाने के लिए निकला था। अभी वह नगर के खुटहन मार्ग स्थित पूरे आज़म तक ही पहुंचा था। पीछे से आरही तेज़ रफ़्तार डीसीएम वाहन साइड के चक्कर मे बाइक पर सवार दोनों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों युवकों को उपचार हेतू सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टया सुरेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि सेराज का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया। जबकि ड्राइवर को फरार होने की खबर है। दूसरी मौत की खबर सुनकर मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतू मोर्चरी हाउस भेज दिया।

स्वतंत्रता सेनानी पंडित सूर्यनाथ उपाध्यायकी प्रतिमाका अनावरण

राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी और विद्यासागर सोनकर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया अनावरण

सिकरारा। मीठे पार इंटर कॉलेज के संस्थापक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक पंडित सूर्यनाथ उपाध्याय की नवनिर्मित प्रतिमा का मंगलवार को विद्यालय परिसर में भव्य समारोह के बीच अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद विद्यासागर सोनकर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर महान स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन कुंवर वीरेंद्र प्रताप ने की। समारोह में पूर्व प्रमुख श्रीपति उपाध्याय, गोपीनाथ मिश्र, सेवानिवृत्त जिला जज विनोद मिश्र, रामकृष्ण त्रिपाठी, सेवानिवृत्त आईपीएस राममोहन सिंह, पूर्व प्रमुख सुधाकर उपाध्याय, अभयराज उपाध्याय, श्यामनारायण उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत



सदस्य साहबलाल यादव एवं डॉ. मनोज मिश्र सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीमा द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का त्याग और बलिदान देश की अमूल्य धरोहर है। ऐसे महापुरुषों की प्रतिमाएं केवल स्मारक नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि पंडित सूर्यनाथ उपाध्याय जैसे महान व्यक्तित्वों के संघर्ष और योगदान को सदैव याद रखा जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विद्यासागर सोनकर ने कहा कि आजादी के आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। पंडित सूर्यनाथ उपाध्याय ने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ ही जनसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थान आज भी शिक्षा की ज्योति जला रहा है। अध्यक्षता कर रहे कुंवर वीरेंद्र प्रताप ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसके महापुरुषों और उनके आदर्शों से होती है। उनके विचारों और योगदान को संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके पूर्व विद्यालय के प्रबंधक संजय उपाध्याय ने स्वागत भाषण के माध्यम से अतिथियों एवं अभ्यागतों का स्वागत किया। प्रबंधक एवं विद्यालय के शिक्षकों ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा मंचासीन गणमान्य लोगों को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। समारोह में विद्यालय परिवार, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

रोटेरियन श्याम बहादुर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि

रोटरी एवं इंग्लिश क्लब ने आयोजित की शोकसभा

जौनपुर। रोटरी क्लब एवं इंग्लिश क्लब, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को इंग्लिश क्लब परिसर में रोटरी के वरिष्ठ एवं परम आदरणीय संरक्षक सदस्य रोटेरियन श्याम बहादुर सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित सदस्यों ने स्वर्गीय श्याम बहादुर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रोटेरियन श्याम बहादुर सिंह केवल रोटरी क्लब जौनपुर के वरिष्ठ सदस्य ही नहीं थे, बल्कि पूरे डिस्ट्रिक्ट 3120 में उनकी एक विशिष्ट पहचान थी। उन्होंने 50 वर्षों से अधिक समय तक नि:स्वार्थ भाव से रोटरी के माध्यम से समाज एवं मानवता की सेवा की। उनका अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना सदैव रोटरी परिवार के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। वक्ताओं ने कहा कि रोटेरियन श्याम बहादुर सिंह का निधन रोटरी क्लब जौनपुर सहित पूरे रोटरी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। क्लब के विकास एवं उसके अस्तित्व को बनाए रखने में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। शोक सभा में रोटरी क्लब जौनपुर एवं इंग्लिश क्लब के सदस्यों, पदाधिकारियों, परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। अंत में सभी ने उनके आदर्शों एवं सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



लैंगिक भेदभाव और हिंसा के खिलाफ किशोरियों को किया जागरूक

शाहगंज। मिलनधारा फाउंडेशन की ओर से 'नई उम्मीद' कार्यक्रम के अंतर्गत 9 एवं 10 नवंबर को अक्खीपुर ग्राम पंचायत भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संस्था से जुड़ी किशोरियों एवं लीडर्स को लैंगिक भेदभाव और हिंसा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों में लैंगिक समानता की समझ विकसित करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान किशोरियों को जेंडर डिस्क्रिमिनेशन, उससे होने वाली असमानता और विभिन्न प्रकार की हिंसा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने उन्हें भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाने, अपने अधिकारों को समझने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। संवाद और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से किशोरियों को सामाजिक चुनौतियों का सामना करने, अपने विचार खुलकर रखने और समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन सुश्री शाइस्ता परवीन और रीतु यादव ने किया।



श्रद्धा, भक्ति, उल्लास के साथ गोवर्धन पूजा महोत्सव सम्पन्न

भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर हुए श्रद्धालु, भजन-कीर्तन और गोवर्धन महाराज के जयकारों से गूंजा वातावरण

जौनपुर। स्थानीय ढालगर टोला में गोवर्धन पूजा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति, आध्यात्मिक उल्लास एवं पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ अत्यंत भव्यता से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भक्ति, आस्था और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन महाराज के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम में भागवताचार्य पं. रजनीकांत द्विवेदी ने गोवर्धन पूजा के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण, गौवंश और समस्त जीव-जगत के प्रति कृतज्ञता, करुणा एवं संरक्षण का महान संदेश है। इस अवसर पर शशांक सिंह (रानू), मनोज मिश्रा, संजय पाठक, नीरज उपाध्याय, डॉ. गंगाधर शुक्ला, अलका सिंह, डॉ. विकास रस्तोगी एवं कौशल



त्रिपाठी सहित अन्य भजन गायकों ने श्रीकृष्ण भक्ति के सुमधुर भजनों की ऐसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी कि पूरा वातावरण भक्तिरस से ओतप्रोत हो उठा। आचार्य पं. निशकांत द्विवेदी ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं से विधि-विधान एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना संपन्न कराई। गिरिराज महाराज की जय और भगवान श्रीकृष्ण की जय के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं की अपार आस्था और उत्साह ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम में नागरिकों, समाजसेवियों एवं महिला श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा, गोवर्धन महाराज की महिमा और सामूहिक भक्ति के इस अनुपम संगम ने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय में आध्यात्मिक ऊर्जा, सकारात्मकता और आनंद का संचार किया। आयोजन ने एक बार फिर भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा को जीवंत किया, जो प्रकृति के सम्मान, गौसेवा, लोककल्याण और सर्वजन मंगल का संदेश देती है।

युवती के साथ दुराचार का असफल प्रयास, एक पर केस दर्ज

बदलापुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंद बुद्धि एक युवती के साथ दुराचार के असफल प्रयास करने के मामले में मंगलवार को पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है। इस मामले में युवती की मां ने तहरीर देकर आरोप लगायी कि वह खेत में धान काटने गई थी। इसी बीच मेरी 23 वर्षीया मंद बुद्धि व गूंगी पुत्री घर के बगल एक दुकान पर सामान लेने गयी। जहां दुकानदार रामआसरे गलत इरादे से उसे बगल मच्छरदानी लगी चारपाई पर लेटाकर गलत काम करने का प्रयास कर रहे थे। तभी मेरे घर का एक लड़का वहां पहुंच गया। उसने सूचना मुझे दिया। मेरे पहुंचने पर आरोपित गलती मानने लगा। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

हत्या के प्रयास मामले में दो वांछित गिरफ्तार

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के डीहअशरफाबाद बाजार में हुई मारपीट की घटना के मामले में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, डीहअशरफाबाद निवासी सुनील कुमार पाल पुत्र सूर्यभान की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 115(2), 352 एवं 351(3) में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में मंगलवार सुबह थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डीहअशरफाबाद बाजार से दोनों वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विष्णु और शिवशान्त पुत्रगण रामदौर, निवासी ग्राम डीहअशरफाबाद, थाना सरपतहां, जौनपुर के रूप में हुई।

ट्रक की टक्कर से कार सवार युवक की मौत

मुंगराबादशाहपुर। सुजानगंज रोड पर सोमवार की रात राघव महाविद्यालय रायपुर के निकट एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से कार में सवार 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि ट्रक की टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा पलटी।

इस अप्रत्याशित हादसे से मृतक के घर में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार सुजानगंज थाना क्षेत्र के शेषपुर - अहिलादपुर निवासी अंकित तिवारी (29 वर्ष) 9 नवंबर की रात करीब साढ़े 10 बजे अपनी कार से मुंगराबादशाहपुर से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रायपुर स्थित राघव महाविद्यालय के पास पहुंचे, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि ट्रक चालक बेहद लापरवाही और तेज गति से वाहन



चला रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई और अंकित गंभीर रूप से घायल होकर उसमें फंस गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जवान बेटे की अचानक मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मंगलवार को मृतक के भाई विकास तिवारी ने मुंगराबादशाहपुर थाने पहुंचकर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी। मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर हादसे को अंजाम देकर फरार हुए वाहन की शिनाख्त के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बाइक स्कूटी से टकरायी, महिला की मौत

बेटी के घर जा रहे थे दंपती, हादसे के बाद बाइक लेकर फरार हुआ चालक

पटेहरा। संतनगर थाना क्षेत्र के लालगंज-कलवारी मार्ग पर गोहिया पुलिया के पास रविवार शाम अनियंत्रित बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, नेवढ़िया गांव निवासी गुलाब कोल 48 रविवार शाम अपनी पत्नी गीता देवी 46 को स्कूटी से लेकर बेटी के घर दुबार जा रहे थे। घर से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे गोहिया पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही अनियंत्रित बाइक ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गीता देवी सड़क पर गिर गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं स्कूटी चला रहे पति गुलाब कोल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को निजी साधन से दीपनगर स्थित अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीएचसी पटेहरा रेफर कर दिया। पीएचसी में चिकित्सकों ने गीता देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल गुलाब कोल का उपचार करने के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, हादसे के बाद बाइक चालक अपनी बाइक लेकर फरार हो गया। मृतका के चार पुत्रियां और दो पुत्र हैं। पुत्रियों की शादी हो चुकी है, जबकि दोनों पुत्र अविवाहित हैं। थानाध्यक्ष संतनगर रमेश प्रसाद ने बताया कि बाइक और स्कूटी की टक्कर में महिला की मौत हुई है। मृतका के पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

युवक की मौत से तीन दिन से नहीं जले चूल्हे

पटेहरा। थाना संतनगर क्षेत्र के खनवर दुबार अनुसूचित बस्ती में महाराष्ट्र के पुणे में 23 वर्षीय युवक लालबहादुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तीन दिनों से घर में चूल्हे नहीं जले और दिवाली भी मातम में बीत गई। लालबहादुर दो महीने पहले पुणे की शांति मेंटेनेंस कंपनी में मजदूरी करने गया था। धनतेरस पर उसे 23 हजार रुपये वेतन मिला था। सात नवंबर को उसने 12 हजार रुपये घर भेजे थे। इसके बाद वह बाजार से राशन लेने गया, लेकिन वापस कमरे पर नहीं लौटा। साथी राजकुमार ने तलाश के बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस को उसका शव नाले में मिला। पोस्टमार्टम के बाद एंबुलेंस से शव गांव भेजा गया, जो मंगलवार रात पहुंचेगा। मृतक अपने पीछे पत्नी रीता, माता-पिता और छोटे भाई को छोड़ गया है। अब परिवार की जिम्मेदारी छोटे भाई तेजबहादुर पर आ गई है।

आतिशबाजी की चिंगारी से घर में लगी आग, बेटी की शादी का सामान जलकर राख

एक महीने बाद बजनी थी शहनाई, चार लाख के गहने और दो लाख की नकदी जलने का अनुमान

हलिया। दीपावली पर आतिशबाजी की एक चिंगारी ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। जिस घर में एक महीने बाद बेटी की शादी की शहनाई गूंजने वाली थी, वहां आग ने ऐसा कहर बरपाया कि शादी के लिए जुटाए गए गहने, नकदी और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घटना में करीब छह लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। हलिया विकास खंड के दिघुली गांव का है। यहां त्रिवेणी आदिवासी के परिवार में बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थीं। आठ नवंबर की रात करीब नौ बजे दीपावली के दौरान आतिशबाजी की चिंगारी से घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों में घर का सामान धू-धूकर जलने लगा। परिवार के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन दमकल टीम के पहुंचने से पहले ही काफी सामान जलकर नष्ट हो चुका था। पीड़ित परिवार के मुताबिक, आग में करीब चार लाख रुपये के आभूषण और दो लाख रुपये की नकदी जल गई। इसके साथ ही बेटी की शादी के लिए खरीदे गए अन्य सामान और घरेलू उपयोग की वस्तुएं भी आग की भेंट चढ़ गईं। एक महीने बाद बेटी की शादी होनी थी। परिवार ने बड़ी मुश्किल से पाई-पाई जोड़कर शादी के लिए गहने, नकदी और जरूरी सामान जुटाया था। दीपावली की एक चिंगारी ने परिवार के अरमानों को राख कर दिया। अब परिवार के सामने बेटी की शादी संपन्न कराने की चिंता खड़ी हो गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कराकर आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। परिवार को उम्मीद है कि प्रशासनिक मदद से बेटी की शादी की तैयारियां दोबारा शुरू हो सकेंगी।

गोवर्धन पूजा के साथ दीपावली पर्व का समापन

अदलहाट। क्षेत्र में चार दिनों से चल रहे दीपोत्सव का समापन मंगलवार को गोवर्धन पूजा के साथ सकुशल संपन्न हो गया। धनतेरस से शुरू हुए पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। घरों को दीपों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया, वहीं महिलाओं ने घरों के दरवाजों पर आकर्षक रंगोलियां बनाईं। धनतेरस से ही बाजारों में रौनक बनी रही। कपड़े, बर्तन, मिट्टी से बनी लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों और मिठाइयों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी। दीपावली की रात लोगों ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में दीप जलाने की परंपरा शुरू हुई। वहीं भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा करने की स्मृति में गोवर्धन पूजा की जाती है। पूजा के साथ ही क्षेत्र में चार दिवसीय दीपोत्सव का समापन हो गया।

नम आंखों से हुआ गणेश-लक्ष्मी प्रतिमा का भव्य विसर्जन

कछवां। मझवां ब्लॉक अंतर्गत बजहा के बजरडीहा पोखर के पास मां जगदंबा सेवा समिति द्वारा स्थापित भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की प्रतिमा का बड़े ही धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया।

बाइक सिखाने के बहाने बच्चे को ले जाने का आरोप, अपहरण की आशंका

५० लाख फिरौती मांगे जाने की चर्चा, इकलौते बेटे की सकुशल वापसी के लिए परिजन परेशान

छानबे। विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव से 12 वर्षीय बच्चे के



गायब बालक

लापता होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजन अपहरण की आशंका जता रहे हैं। इकलौते बेटे की सकुशल वापसी के लिए परिवार के लोग परेशान हैं। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चे की तलाश में जुटी है। सेमरी गांव निवासी केशव प्रसाद बिंद मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर बिहसड़ा इंटर कॉलेज के पास चाय, पान और नाश्ते की दुकान चलाते हैं। बच्चे के दादा रामदास बिंद के अनुसार, एक युवक पिछले पांच दिनों से दुकान पर आकर बैठता था और परिवार के लोगों से बातचीत कर उनका हालचाल लेता था। सोमवार शाम करीब चार बजे वह उनके 12 वर्षीय पौत्र प्रिंस बिंद को बाइक चलाना सिखाने का झांसा देकर बाइक पर आगे बैठाकर बिहसड़ा बाजार की ओर चला गया। प्रिंस कक्षा छह का छात्र है। दादा ने बताया कि रात नौ बजे तक बच्चे के वापस नहीं लौटने पर परिवार ने खोजबीन शुरू की। कोई जानकारी नहीं मिलने पर पहले 112 पीआरवी और फिर रात करीब दस बजे विन्ध्याचल थाने में शिकायत की गई। रामदास के मुताबिक, प्रिंस अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। एक रिश्तेदार के माध्यम से 50 लाख रुपये फिरौती मांगे जाने की बात भी सामने आई है, हालांकि उनके मोबाइल पर ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि करीब दो माह पहले परिवार ने 50 लाख रुपये की जमीन बेची थी। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की जा रही है। बच्चे की तलाश के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है।



जला सामान।

जीजा-साले के विवाद में दो घायल, मुकदमा दर्ज

अदलहाट। थाना क्षेत्र के दौलताबाद गांव में जीजा-साले के बीच विवाद में मारपीट और चाकूबाजी की घटना में दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कमलेश कुमार निवासी जाफरखाली शेरवां, थाना जमालपुर की शादी दौलताबाद निवासी रीना से हुई है। कमलेश का आरोप है कि पत्नी से विवाद के संबंध में ससुराल पहुंचने पर साले बजरंगी, शिवप्रकाश, ससुर छैवर और दो अन्य लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं, शिवप्रकाश ने आरोप लगाया कि जीजा कमलेश ने दस लाख रुपये दहेज की मांग करते हुए बहन रीना से मारपीट की। रात में दोबारा पहुंचकर विवाद करने और चाकू से हमला कर उसे घायल करने का भी आरोप लगाया। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर कार्रवाई कर रही है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम की साप्ताहिक बैठक

हलिया। मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार की अध्यक्षता में 33 एएनएम की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं और विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने सभी एएनएम से उनके कार्यक्षेत्र में किए जा रहे स्वास्थ्य संबंधी कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, नियमित टीकाकरण, बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी, संस्थागत प्रसव तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए एएनएम को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एएनएम के कंधों पर है। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। टीकाकरण से कोई भी पात्र बच्चा वंचित न रहे तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी समय से विभाग को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी एएनएम को अपने अपने कार्यक्षेत्र में नियमित भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर नजर रखने और ग्रामीणों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक करने की बात कही।

नहर में बाइक समेत गिरने से अधेड़ की मौत, मचा कोहराम

अदलहाट। स्थानीय थाना क्षेत्र के कटका गांव स्थित मजार के पास सोमवार सुबह नहर के पानी में बाइक समेत गिरने से 54 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परशुरामपुर गांव निवासी वासुदेव पटेल (54) पुत्र बलराम पटेल सोमवार सुबह बाइक से नारायणपुर जाने के लिए घर से निकले थे। सुबह करीब 9:30 बजे कटका गांव स्थित मजार के पास लोगों ने एक व्यक्ति को बाइक समेत नहर के पानी में गिरा देखा। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पहचान पड़ोसी गांव परशुरामपुर निवासी वासुदेव पटेल के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के दामाद संदीप कुमार निवासी समदपुरा की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि बाइक बालू पर फिसलने से यह हादसा हुआ होगा। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह ने बताया कि नहर में गिरने से बाइक सवार की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों रुपये का सामान खाक

राजगढ़। दीपावली की रात्रि में स्थानीय थाना क्षेत्र के पतेरी गाँव में विद्युत की शार्ट सर्किट से घर में रखे हुए नगदी सहित गृहस्थी के लगभग तीन लाख रूपए के कीमत के सामान सहित घर जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने राजगढ़ थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के पतेरी गाँव निवासी बनारसी के घर में दीपावली की रात्रि में घर के ऊपर से गुजरे हुए लुंजपुंज विद्युत के तार में शार्ट सर्किट हो जाने की वजह से घर में तेज आग लग गई। आग की भयंकर लपटें देखकर पीड़ित व गांव वालों ने आग बुझाने का फरसक प्रयास किया, लेकिन जब तक आग पर नियंत्रण पाया जाता तब तक घर में रखे हुए नगदी सहित गृहस्थी के लगभग तीन लाख रुपये कीमत के सामान सहित घर जलकर खाक हो गया।

चोरी की बाइक समेत दो आरोपी गिरफ्तार, ड्रमंडगंज पुलिस ने किया बरामद

मुखबिर की सूचना पर पुलिस को मिली सफलता, भैसोड़ बलाय पहाड़ के रहने वाले हैं दोनों आरोपी

ड्रमंडगंज। थाना ड्रमंण्डगंज पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोरी के मामले का खुलासा हुआ है। ड्रमंण्डगंज पुलिस के मुताबिक, मध्य प्रदेश के रीवा जनपद अंतर्गत हनुमना थाना क्षेत्र के पहड़ी गांव निवासी इस्तीयाक मोहम्मद पुत्र मुबारक अली ने नौ नवंबर को ड्रमंण्डगंज थाने में मोटरसाइकिल चोरी होने की तहरीर दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। मामले की विवेचना के दौरान मंगलवार, 10 नवंबर को उपनिरीक्षक सुभाष यादव पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव पहुंचे। यहां से पुलिस ने चोरी की घटना में प्रकाश में आए दो आरोपियों दीपू पुत्र मोहनलाल तथा परमेश्वर दास उर्फ पसेरी पुत्र स्वर्गीय कन्हैया लाल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी ड्रमंण्डगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के निवासी हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद की। इसके बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुभाष यादव हेड कांस्टेबल नारायन शर्मा मौजूद रहे।

मारपीट में तीन लोग घायल

हलिया। थाना क्षेत्र के उमरिया गांव में दरवाजे पर पहुंचकर गाली गलौज और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना में तीन लोग घायल हुए हैं।उमरिया गांव निवासी विजय शंकर ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के संतोष, विनय, विकास और रमाशंकर दरवाजे पर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी, जिससे विजय शंकर को चोटें आईं।



खिचड़ी देते नपाध्यक्ष।

विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट ने शुरू किया अन्नपूर्णा प्रसादम सेवा

मीरजापुर। अन्नकूट पर्व के अवसर पर विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से नि:शुल्क भोजन वितरण अभियान 'अन्नपूर्णा प्रसादम' का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने संस्था के पिछले आठ वर्षों से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। विशेष रूप से रक्तदान के क्षेत्र में संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की। संस्था अध्यक्ष कृष्णानंद ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था। तीन माह से बंद यह सेवा अब पुन: नियमित रूप से शुरू की गई है। प्रत्येक रविवार दोपहर 12 से एक बजे तक ओलियर घाट स्थित निश्री रेस्टोरेंट के बाहर, वासलीगंज रोड पर नि:शुल्क भोजन वितरित किया जाएगा। सचिव अभिषेक साहू ने कहा कि अन्नपूर्णा प्रसादम जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा का संकल्प है। समाज के सहयोग से यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी जी लाल, सभासद राधेश्याम, श्याम सिंह, रत्नेश दुबे, भाजपा नगर अध्यक्ष डॉली अग्रहरी सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

मां काली पूजा में भव्य झांकी कार्यक्रम का आयोजन

इमिलियाचट्टी। अहरौरा क्षेत्र के घासीपुर बसाढ़ी गांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां काली पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। मां काली की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। आकर्षक पंडाल को फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। सोमवार की रात भव्य झांकी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अहरौरा एवं समाजसेवी गुलाब दास मौर्य ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति की ओर से उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर धनश्याम पटेल, समिति अध्यक्ष अभिलेश पटेल, उपाध्यक्ष श्याम पटेल, आशीष पटेल, अनिमेष पटेल, रामजी सिंह, रामपोष सिंह, अजीत सिंह पटेल, संदीप सिंह पटेल, शौकत अली, सप्पू पटेल और अनिल सिंह पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

छत के रास्ते मकान में घुसकर भीषण चोरी

विंध्याचल । थाना क्षेत्र के बंगाली चौराहे के पास स्थित आर्यवर्त बैंक के पीछे सोमवार की रात छत के रास्ते मकान में प्रवेश कर कमरे में रखें अलमारी खोलकर लाखों रुपए का सामान सहित 90 हजार रुपए नकद राशि की चोरी हो हुई। पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात चोरों ने के खिलाफ दी तहरीर पुलिस मामले को गंभीरता से लिया जांच पड़ताल करने में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज कुशवाहा पुत्र संतोष कुशवाहा निवासी विंध्याचल थाना क्षेत्र के बंगाली तिराहे के पास स्थित आर्य बैंक के पीछे निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छत के रास्ते मकान में प्रवेश कर कमरे में रखें अलमारी खोलकर सोने का लॉकेट मांग टीका चांदी का पायल चांदी की मुदरी बच्चों की चंद्रमा, एक सेट मोबाइल एवं 90 हजार नगद अज्ञात चोरों ने चोरी कर अंजाम दिया। पीड़ित ने बताया कि सोमवार की रात परिवार के सभी सदस्य खाना-पीना खाने के पश्चात अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चले गए सुबह जब उठकर देखे तो अलमारी खुला था। सामान चेक किया तो कोई भी सामान घर में नहीं था। पीड़ित ने आसपास के लोगों को जानकारी दी। पीड़ित ने विंध्याचल कोतवाली में पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पीड़ित मनोज कुशवाहा की पत्नी गीता मौर्य ने बताया कि सोमवार की रात छत के रास्ते चोरों ने घर में प्रवेश कर अलमारी में रखे सोने व चांदी के गहने व बच्चों के गहने सहित 90 हजार रुपए नगद चोरों ने चोरी कर ली। सुबह उठी तो छत का दरवाजा टूटा हुआ था। कमरे में जाकर देखा तो अलमारी में कुछ नहीं था।

ऐतिहासिक भरत मिलाप संपन्न, झांकियों ने मोहा मन

छानबे। नरोइया बाजार का प्राचीन एवं भव्य भरत मिलाप मंगलवार की भोर शंकर मंदिर पर भरत मिलाप के साथ सकुशल संपन्न हुआ। सोमवार शाम पेट्रोल पंप से निकली आकर्षक झांकियों ने पटखौली तक भ्रमण किया। इसमें राधा-कृष्ण, मां काली, भगवान शंकर, हनुमान जी और राम-लक्ष्मण-जानकी सहित कई झांकियां शामिल रहीं। कमेटी की ओर से झांकियों को पुरस्कृत किया गया। नीरज बिंद की राधा-कृष्ण कलश झांकी को प्रथम, शोभित केशरी की लोहा कैदी झांकी को द्वितीय, सुरेश बिंद की राधा-कृष्ण हनुमान नृत्य झांकी को तृतीय तथा घनश्याम विश्वकर्मा की महाकाली रौद्र रूप झांकी को चौथा स्थान मिला। सोमवार शाम से ही मेले में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाल कमेटी नरोइया की ओर से आर्केस्ट्रा तथा नवयुवक बाल कमेटी पतीकापुरा नरोइया उत्तरी की ओर से कमलेश पाल व पूजा बिंदेश्वरी का बिरहा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार भोर तक श्रोताओं ने बिरहा का आनंद लिया। आयोजन में अध्यक्ष राममंगल बिंद, गुलाबचंद, अशोक कुमार, बुध्दिराम, वालेस्टर, कुशलचंद प्रधान और संतोष कुमार दशरथ सहित अन्य लोग व्यवस्था में जुटे रहे। बाल कमेटी के संदीप जायसवाल, पियूष चौरसिया, सूरज केशरी, सतीश केशरवानी, सुजीत मोदनवाल और सुनील मोदनवाल ने सहयोग किया।

संतनगर में प्रभारी निरीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ किया गश्त

पटेहरा। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और आम नागरिकों में सुरक्षा का अहसास कराने के उद्देश्य से मंगलवार शाम थाना संतनगर अंतर्गत दीपनगर बाजार में पुलिस प्रशासन द्वारा सघन पैदल गश्त की गई। प्रभारी निरीक्षक रमेश प्रसाद ने पुलिस बल के साथ दीपनगर बाजार के प्रमुख चौराहो, संकरे मार्गों और व्यस्त बाजारों में पैदल भ्रमण फुट पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता से संवाद स्थापित किया तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने बाजार क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों, आराजक तत्वों और वाहनों की जांच-पड़ताल की। इसके अलावा, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई, ताकि शाम के समय बाजार में आने वाले लोगों को आवागमन में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में लगातार शामकालीन पैदल गश्त की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण, क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाना है। गश्त के दौरान एसएसआई रमाशंकर यादव, मुख्य आरक्षी व भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार जखमी

अहरौरा। थाना क्षेत्र के चित्रविश्राम के पास वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर डिवाइडर से टकराकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार, प्रमोद यादव 26 वर्ष पुत्र प्रभावन यादव, निवासी बेलखरा, अहरौरा, वाराणसी की तरफ से बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान चित्रविश्राम के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए लोगों की भीड़ जुट गई।

नाबालिग को भगाने का आरोपी गया जेल

अदलहाट। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तीन नवंबर को थाने में तहरीर देकर एक युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह के निर्देशन में पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक राजेश प्रसाद यादव ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी गोठौरा, थाना अदलहाट को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



गिरफ्तार आरोपी।

छठ पूजा : सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त

लखनऊ (आससे.)। दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर बढ़ने वाले यातायात के दबाव को देखते हुए योगी सरकार ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं।उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा सभी संबंधित एक्सप्रेसवे पर अतिरिक्त संसाधनों के साथ पूरी क्षमता से व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। यातायात के सुचारु संचालन, सड़क सुरक्षा और यात्रियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। त्योहारों के दौरान संभावित यातायात दबाव को देखते हुए सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। समस्त स्टाफ यात्रियों की सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर मुस्तैद रहेगा।

यमुनामें शुरू हुई 'नमो यमुना रिवर सफारी', ५०० रुपये होगा किराया

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना में 'नमो यमुना रिवर सफारी' का शुभारंभ किया। इसके तहत सोनिया विहार से जगतपुर के बीच छह किलोमीटर की दूरी तक क्रूज सेवा शुरू की गई है। इसका किराया 500 रुपये प्रति व्यक्ति और परिसर में प्रवेश शुल्क 50 रुपये रखा गया है। इस पहल का उद्देश्य यमुना के किनारे पर्यटन और मनोरंजन को बढ़ावा देना है। क्रूज सेवा में इलेक्ट्रिक नौकाओं का इस्तेमाल किया जाएगा। परिसर में म्यूजिकल फाउंटेन, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, शॉपिंग सुविधाएं, फूड कोर्ट और एडवेंचर स्पोर्ट्स की व्यवस्था भी होगी। सोनोवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार यमुना की सफाई और उसके जल को जनहित में उपयोगी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों से परिवार के साथ इस सेवा का आनंद लेने की अपील की।

प्रयागराज में 11 सरकारी फ्लैटों की ई-नीलामी करेगा एनएलएमसी

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रीय भूमि मौद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 11 सरकारी आवासीय फ्लैटों की ई-नीलामी के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है। ये फ्लैट मुइर रोड, थॉर्नहिल रोड और सिविल लाइंस स्थित तीन आवासीय योजनाओं में हैं। नीलामी में दो और तीन बेडरूम वाले नवनिर्मित फ्लैट शामिल हैं। इसके लिए पूर्व-बोली बैठक 20 नवंबर को होगी, जबकि ई-नीलामी 11 दिसंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी। एनएलएमसी के अनुसार, नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होगी। इस पहल का उद्देश्य अतिरिक्त एवं कम उपयोग में लाई जा रही सरकारी संपत्तियों का बेहतर उपयोग और मौद्रीकरण करना है।

मुख्यमंत्री ने भाई दूज-भगवान चित्रगुप्त जयन्ती पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाई दूज एवं भगवान चित्रगुप्त जयन्ती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि यह पावन पर्व सभी का जीवन सुख, समृद्धि एवं उल्लास से परिपूर्ण करे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सन्देश में कहा कि भाई दूज भाई-बहन के अटूट स्नेह, विश्वास और आत्मीयता का पर्व है। बहन का स्नेह, भाई की मंगलकामना और परिवार के साथ बिताए आत्मीय क्षण भारतीय पारिवारिक परम्परा की अमूल्य निधि हैं। यह पर्व सम्बन्धों की मिठास को और प्रगाढ़ करने तथा परिवार में प्रेम, सम्मान और अपनत्व की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर है। हमारी संस्कृति में पर्व-त्योहार परिवारों को जोड़ने और सामाजिक सम्बन्धों को आत्मीयता से सींचने का माध्यम रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जयन्ती हमें अपने कर्मों, आचरण और दायित्वों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देती है। भगवान चित्रगुप्त न्याय और कर्मफल के प्रतीक हैं। उनकी आराधना का सन्देश है कि जीवन में सत्य, सदाचार और न्याय का सदैव पालन किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति परिवार, समाज तथा राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाई दूज का पावन पर्व हमें अपने सम्बन्धों का सम्मान करने और परिवार के सुख-दुख में सहभागी बनने का सन्देश देता है।

नाबालिग से सामूहिक दुराचार तीन आरोपी, आटो समेत गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के एक नाबालिग युवती के साथ सामूहिक दुराचार की घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया जेल भेज दिया। तिलौथू थाना क्षेत्र के रहने वाली युवती घर से निकली थी। बंजारी के पास उसने ऑटो चालक से तिलौथू चलने को कहा। ऑटो चालक जमुना राम थाना बरुण जिला औरंगाबाद, अरविंद कुमार ननहक राम ऑटो पर सवार हो गए। तीनों नाबालिग को तिलौथू लाने के बजाय बरुण ले गए और एक कमरे में उसके साथ जबरन दुराचार किया।पीड़ित के परिजनों ने इसकी सूचना रोहतास एसपी को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑटो समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बदलने लगा मौसम का मिजाज,सुबह-शाम बढ़ी ठंड

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज अब धीरे-धीरे बदलने लगा है। प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह और शाम के समय गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है, जबकि कई जिलों में हल्की धुंध दिखाई देने लगी है। प्रादेशिक मौसम केंद्र के अनुसार, नवंबर के दूसरे सप्ताह में ठंड का असर और अधिक बढ़ने के आसार हैं। सुबह के समय कई स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरे के साथ धुंध छा सकती है, जिससे सुबह जल्दी निकलने वाले लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। प्रादेशिक मौसम केंद्र के मुताबिक, प्रदेश के अधिकांश जिलों में फिलहाल मौसम शुष्क और सामान्य बना रहेगा। राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई गई है। दिन के समय धूप निकलने से मौसम अपेक्षाकृत सामान्य और हल्का गर्म रहेगा, लेकिन सूरज ढलते ही रात और तड़के सुबह के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 13 नवंबर तक प्रदेशभर में मौसम मुख्य रूप से सामान्य बना रहेगा, लेकिन सुबह और शाम के तापमान में जारी उतार-चढ़ाव के कारण ठंड धीरे-धीरे पैर पसारेगी। ग्रामीण और मैदानी इलाकों में कोहरे और धुंध के कारण सुबह के समय दृश्यता (विजिबिलिटी) प्रभावित होने की आशंका जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने सलाह दी है कि हाईवे पर सुबह के वक्त गाड़ी चलाते समय विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि आने वाले दिनों में कोहरे की तीव्रता में और बढ़ोतरी हो सकती है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022476
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

सूर्योदय : ०५.४३
सूर्यास्त : ०६.०२
तापमान
अधि. : २९.०
न्यून. : १९.०

शेष

बाबा केदार...

व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों से साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिये। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के इंतजाम किये। स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, लोक निर्माण, पेयजल, विद्युत और नगर निकाय सहित संबंधित विभागों को भी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। प्रशासन और पुलिस की ओर से कपाट बंद होने के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां थीं।

सेवानिवृत्त...

कर्मचारियों को ही नहीं, बल्कि सरकार से जुड़े कामों में लगाये गये रिटायर्ड अधिकारियों और अन्य लोगों को भी आचार संहिता के दायरे में रहना होगा। यानी सरकारी जिम्मेदारी निभाने वाला कोई भी व्यक्ति चुनाव में किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाने का काम नहीं कर सकेगा।

भारत विरोधी...

मंत्री सर्गेई लावरोव से भी बात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर चल रही कूटनीतिक कोशिशों पर चर्चा की। बांग्लादेश की झुग्गी-बस्तियों से चीनी व्लॉगर्स की ओर से कथित तौर पर लाइव स्ट्रीमिंग किये जाने और वहां के दृश्यों को दिल्ली का बताकर पेश करने के मामले पर भी विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी। रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इस संबंध में मीडिया रिपोर्टें देखी हैं। किसी देश की गलत तस्वीर पेश करने की कोशिश दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ढाका को दिल्ली के रूप में दिखाने के लिए बाहरी लोगों का इस्तेमाल करना और इस तरह के झूठे नैरेटिव फैलाना उन लोगों की विश्वसनीयता को ही नुकसान पहुंचाता है, जो ऐसा कर रहे हैं और जिनके इशारे पर यह सब किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से ऐसे लोगों के खिलाफ काररवाई करने का आग्रह भी किया।

दुनियाके...

वाले धुएं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इस पर तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सरकारों के साथ स्ष्ट्ठ और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि तय उम्र पूरी कर चुकी और प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करने वाली गाड़ियों की एंट्री और उनके चलने पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। साथ ही, ऐसी गाड़ियों की पहचान और जांच की व्यवस्था की जानकारी भी मांगी है। इसमें क्ष्ट्र सर्टिफिकेट की अनिवार्यता लागू कराने के कदम शामिल हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची व वी. मोहना की बेंच ने कमर्शियल और निजी गाड़ियों के लिए लागू नियमों और उन्हें लागू करने की व्यवस्था का ब्योरा मांगा है। खास तौर पर पड़ोसी राज्यों से दिल्ली-ह्ष्ट्क्रमें आने वाली गाड़ियों पर जानकारी देने को कहा गया है।

बिहार : लापरवाही...

को निर्देश दिया है कि वे सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के केवल समयबद्ध निष्पादन की समीक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि उनके गुणवत्तापूर्ण निष्पादन की भी विशेष रूप से समीक्षा करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि किसी पदाधिकारी या कर्मी के बारे में यह जानकारी मिलती है कि उसने आवेदकों की समस्याओं का वास्तविक समाधान करने के बजाय किसी तरह का टालमटोल किया है, तो उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक काररवाई की जाय।

गाजीपुरमें...

ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को हमलावरों की पहचान करने तथा घटना के कारणों का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उधर, मृतक के पिता मोहम्मद दाऊद ने आरोप लगाया कि शुभम चौबे निवासी मियांपुरा ने इस घटना को अंजाम दिया है। उनका कहना है कि शुभम चौबे के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, इसके बावजूद वह खुलेआम घूम रहा था। हालांकि, इस आरोप की पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। शहर के सबसे व्यस्त बाजारों में शामिल मिश्र बाजार में सरेशाम हुई हत्या से व्यापारियों और आम लोगों में भय का माहौल है। पुलिस हमलावरों की तलाश और घटना के सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। इसीक्रम में सदर कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज मोहांव गांव में जुए के दौरान २५ हजार रुपये के दांव को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। हार जीत के बीच हुई हंसी मजाक से नाराज ग्राम प्रधान ने कथित तौर पर तमंचे से दो युवकों पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वाराणसी में उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को एनएच २९ फोरलेन पर महाराजगंज के पास चक्काजाम कर दिया। कई घंटे तक हाईवे पर आवागमन ठप रहने से यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब चार बजे जाम समाप्त कराया जा सका। जानकारी के अनुसार, दिवाली के अगले दिन सोमवार की रात करीब १०.३० बजे महाराजगंज मोहांव गांव के पास पासीपुरवा में तालाब किनारे आठ से दस लोग जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी गांव बकराबाद का ग्राम प्रधान संजय बिंद ३५ अपने दो तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और जुआ खेलने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जुए में करीब २५ हजार रुपये का दांव लगा था। आरोप है कि गुस्से में आकर प्रधान ने तमंचा निकाल लिया और सामने मौजूद दो युवकों पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से मौके पर अफरा तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर उधर भागने लगे।फायरिंग में मोहांव गांव निवासी अजय पासी २८ के पेट में गोली लगी, जबकि उनके साथी इस्लामाबाद निवासी सुरेंद्र राम ३५ के दाहिने हाथ में गोली लगी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान अजय पासी की मौत हो गई, जबकि सुरेंद्र राम का उपचार जारी है। सीओ सिटी अनिल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, मंगलवार सुबह करीब 11 बजे आरोपी संजय बिंद सदर कोतवाली पहुंच गया और आत्मसमर्पण कर दिया। वह हाथ में एक दफ्ती लेकर थाने पहुंचा था, जिस पर लिखा था मैं संजय बिंद आत्मसमर्पण कर रहा हूं। बताया जाता है कि संजय बिंद वर्ष २०१५ और २०२१ के पंचायत चुनाव में लगातार दो बार बकराबाद गांव का प्रधान चुना गया था। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने और स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया। ग्रामीणों को शांत कराने तथा जाम समाप्त कराने में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार शाम करीब चार बजे प्रशासन को जाम खुलवाने में सफलता मिली। इसके बाद हाईवे पर वाहनों का आवागमन धीरे धीरे सामान्य हो सका।

कार डिवाइडर...

अमन (23) गांव के ही अपने दोस्त अजय (22) के साथ दिवाली मनाने के लिए राखी गढ़ी स्थित नाना के घर आया था। ननिहाल के दोस्तों के साथ रात 12 बजे हरिद्वार में गंगा स्नान करने का कार्यक्रम बनाया। राखी गढ़ी के चालक साहिल (22) ने अपने परिचित प्रवीण से हुंडई औरा गाड़ी ली। इसके बाद सगे भाई राहुल (21) और अंकित (19) के अलावा अंकित कुमार (23) के साथ रात एक बजे हरिद्वार गंगा स्नान के लिए चल दिये। एसएसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि जागाहेड़ी टोल प्लाजा से पहले सोमवार तड़के तेज गति से दौड़ रही कार फ्लाईओवर के मोड़ पर डिवाइडर और बिजली के खंभे से टकरा गयी। टक्कर लगते ही धमाका हुआ। खंभा करीब 30 फीट दूर जाकर गिरा। कार हाईवे की दूसरी साइड पर जाकर पलट गयी। पलटते ही कार में आग लग गयी। घायल होने और सेंट्रल लॉक की वजह से कोई भी बाहर भी नहीं निकल सका। सभी लोग बैठे-बैठे ही राख हो गये। सीट पर जले हुए कंकाल मिले। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि कार का पेट्रोल टैंक और बैटरी फटने से आग लगी। हालांकि कार में लगी सीएनजी किट सुरक्षित मिली। एसएसपी सूरज कुमार राय के अनुसार, कार तेज गति से चल रही थी। चालक को नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित हो गयी। पांच सीट वाली कार में छह लोग सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया। अधिकारियों को राहत कार्य के निर्देश दिये। कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मोर्चरी पहुंचकर पीड़ित परिवार से जानकारी ली। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने तितावी थाने पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और सहयोग का भरोसा दिया। पुलिसकर्मियों और डाक्टरों से बात की। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि डॉक्टरों की दो टीमों ने पोस्टमार्टम किये हैं। परिजनों ने कपड़ों और अन्य चीजों से अलग-अलग पहचान की है। शव अधिक जले हुए थे, इसी वजह से डीएनए टेस्ट के लिए भी सैंपल लिए गये हैं। कार पलटने के दौरान दो बैग बाहर गिर गये। इसमें आधार कार्ड और साहिल का आई कार्ड मिला। उस पर लिखे नम्बर से पुलिस ने साहिल के भाई गोलू से संपर्क किया। इसके बाद दूसरे दोस्तों के परिजनों को सूचना दी गयी।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में	सोम, बुध, शनि	25.11.2026 तक
02251	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30	3 दिन	मंगल, गुरु, रवि	26.11.2026 तक
02254	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में	रवि, मंगल, गुरु	26.11.2026 तक
02253	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30	3 दिन	शनि, सोम, बुध	28.11.2026 तक
02258	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	05:00	पटना जं.	18:30	तिथिवार	बुधवार	11.11.2026
02257	पटना जं.	08:00	नई दिल्ली	21:30		गुरुवार	12.11.2026
02436	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026
02435	पटना जं.	08:00	नई दिल्ली	21:30		शनिवार	14.11.2026
06597	यशवंतपुर जं.	07:00	योग नगरी ऋषिकेश	10:15	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026
06598	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	यशवंतपुर जं.	19:45		शनिवार	14.11.2026
04028	आनंद विहार(टर्मि.)	09:15	मुजफ्फरपुर जं.	04:30	सप्ताह में	मंगलवार, शुक्रवार	24.11.2026 तक
04027	मुजफ्फरपुर जं.	06:15	आनंद विहार(टर्मि.)	05:30	2 दिन	बुधवार, शनिवार	25.11.2026 तक
04010	दिल्ली जं.	23:05	सीतामढ़ी जं.	23:30	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
04009	सीतामढ़ी जं.	00:45	दिल्ली जं.	20:30		शनिवार	21.11.2026 तक
04014	आनंद विहार(टर्मि.) (वाया लखनऊ (एनआर))	15:40	लौकहा बाजार	20:15	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध,	29.11.2026 तक
04013	लौकहा बाजार	22:30	आनंद विहार(टर्मि.)	03:40		गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04314	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	मुजफ्फरपुर जं.	11:45	सप्ताह में	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04313	मुजफ्फरपुर जं.	13:15	योग नगरी ऋषिकेश	11:15	2 दिन	शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04096	आनंद विहार(टर्मि.)	00:05	पाटलिपुत्र जं.	23:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	29.11.2026 तक
04095	पाटलिपुत्र जं.	00:45	आनंद विहार(टर्मि.)	21:30		गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल	06:35	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	28.11.2026 तक
04071	सुपौल	07:45	नई दिल्ली	15:00		गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02309	राजेन्द्र नगर (ट.)	20:10	नई दिल्ली	15:00	सप्ताह में	बुध, शुक्र एवं रवि	11 से 20.11.2026
02310	नई दिल्ली	19:00	राजेन्द्र नगर (ट.)	14:00	3 दिन	गुरु, शनि एवं सोम	12 से 21.11.2026
04062	आनंद विहार(टर्मि.)	12:00	भागलपुर जं.	13:30	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	27.11.2026 तक
04061	भागलपुर जं.	16:30	आनंद विहार(टर्मि.)	20:00		गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04312	योग नगरी ऋषिकेश (वाया मुरादाबाद)	22:20	कोलकाता	08:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	20.11.2026 तक
04311	कोलकाता	13:55	योग नगरी ऋषिकेश	23:30		रविवार	22.11.2026 तक
04624	अमृतसर जं.	20:10	कोलकाता	15:00	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
04623	कोलकाता	04:45	अमृतसर जं.	21:05		शनिवार	28.11.2026 तक
07083	बीदर	10:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	20:40	तिथिवार	गुरुवार	19.11.2026
07084	हज़रत निज़ामुद्दीन	10:30	बीदर	04:00		रविवार	22.11.2026
04090	नई दिल्ली	23:30	दानापुर जं.	15:00	सप्ताह में	शुक्रवार, बुधवार	27.11.2026 तक
04089	दानापुर जं.	16:40	नई दिल्ली	09:45	2 दिन	शनिवार, गुरुवार	28.11.2026 तक
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	सप्ताह में	मंगलवार को छोड़कर	29.11.2026 तक
04097	दरभंगा जं.	14:00	शकूर बस्ती	18:00	6 दिन	बुधवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04076	दिल्ली जं.	00:30	कामाख्या जं.	21:15	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
04075	कामाख्या जं.	05:00	दिल्ली जं.	20:40		सोमवार	30.11.2026 तक
04064	दिल्ली जं.	11:00	गया जं.	07:15	सप्ताह में 6 दिन	शनिवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04537	बरौनी जं.	06:30	चंडीगढ	13:20	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
04087	पटना जं.	15:10	नई दिल्ली	13:30		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
04634	फिरोजपुर छावनी	17:30	पूर्णिया जं.	03:00	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04633	पूर्णिया जं.	06:00	फिरोजपुर छावनी	16:35		शनिवार	28.11.2026 तक
04652	अमृतसर जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	10:55	जयनगर	20:00	सप्ताह में	बुध, शुक्र, रविवार	29.11.2026 तक
04651	जयनगर	04:15	अमृतसर जं.	15:00	3 दिन	शुक्र, रवि, मंगल	01.12.2026 तक
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	तिथिवार	बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि	11, 12 13 एवं 14.11.2026
04405	मानसी जं.	04:30	शकूर बस्ती	11:30		गुरु, शुक्र, शनि, रवि एवं सोम	12,13,14 15 एवं 16.11.2026
04638	अमृतसर जं.	19:40	छपरा जं.	20:45	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04637	छपरा जं.	22:15	अमृतसर जं.	00:20		मंगलवार	01.12.2026 तक
04640	छेहरटा	08:35	मुजफ्फरपुर जं.	13:10	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04639	मुजफ्फरपुर जं.	16:00	छेहरटा	21:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	तिथिवार	बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि	11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04403	पटना जं.	15:40	शकूर बस्ती	15:00		बुध, गुरु, शुक्र, शनि एवं रवि	11, 12, 13, 14 एवं 15.11.2026
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	तिथिवार	बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि	11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04409	झंझारपुर जं.	18:15	शकूर बस्ती	01:40		बुध, गुरु, शुक्र, शनि एवं रवि	11, 12, 13 14 एवं 15.11.2026
04536	चंडीगढ़ जं.	23:45	बरौनी जं.	00:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
04535	बरौनी जं.	02:35	चंडीगढ़ जं.	03:35		रविवार	29.11.2026 तक
04656	लुधियाना जं.	17:35	सहरसा जं.	23:50	तिथिवार	बुधवार	11.11.26
04655	सहरसा जं.	03:50	लुधियाना जं.	08:35		बुध एवं शुक्र	11 एवं 13.11.26
04662	लुधियाना जं.	06:30	दरभंगा	10:00	तिथिवार	बुध	11.11.2026
04661	दरभंगा	13:00	लुधियाना जं.	17:10		बुध एवं गुरु	11 एवं 12.11.26
04664	लुधियाना जं.	06:30	गया जं.	08:00	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026 को
04663	गया जं.	11:00	लुधियाना जं.	12:50		शुक्रवार	13.11.2026 को
02569	दरभंगा जं.	06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
04528	सरहिन्द	11:25	सहरसा जं.	17:00	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026
04527	सहरसा जं.	19:15	अंबाला छावनी	22:20		शुक्रवार	13.11.2026
04022	नई दिल्ली (वाया लखनऊ (एनआर))	14:30	गोरखपुर जं.	04:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	13.11.2026
04021	गोरखपुर जं.	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	14.11.2026
04058	आनन्द विहार(टर्मि.)	00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार एवं मंगलवार	17.11.2026 तक
04057	छपरा	22:10	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:20			
04066	आनन्द विहार(टर्मि.)	05:00	सबौर	07:00	तिथिवार	बुध एवं गुरु	11 एवं 12.11.2026
04065	सबौर	11:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:45		गुरु एवं शुक्र	12 एवं 13.11.2026
05579	पूर्णिया कोर्ट	16:30	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	पूर्णिया कोर्ट	13:45		रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
04054	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा	23:40	तिथिवार	बुधवार, गुरुवार एवं शनिवार	11, 12 एवं 14.11.2026
04053	हावड़ा	01:40	नई दिल्ली	08:20		शुक्रवार, शनिवार एवं सोमवार	13, 14 एवं 16.11.2026
05575	सहरसा जं.	20:00	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
05088	आनंद विहार टर्मिनल	19:15	मऊ	14:00	तिथिवार	बुधवार	11.11.2026
04077	दरभंगा जं.	21:00	दिल्ली जं.	23:55		बुधवार	11.11.2026
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में 4 दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04657	सहरसा जं.	03:50	लुधियाना जं.	08:35	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026
04209	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50	3 दिन	मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या छावनी (वाया लखनऊ (एनआर))	18:20	आनंद विहार(टर्मि.)	06:10	सप्ताह में	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार(टर्मि.)	09:00	अयोध्या छावनी	22:00	2 दिन	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55	2 दिन	शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04604	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	18:15	वाराणसी जं.	18:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04603	वाराणसी जं.	04:30	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	04:40		मंगलवार	01.12.2026 तक
04610	जम्मू तवी (वाया लखनऊ (एनआर))	05:15	वाराणसी जं.	05:10	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04609	वाराणसी जं.	09:00	जम्मू तवी	08:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



गायत्री-त्रीसा प्री क्वार्टर फाइनलमें

कुमामोतो (एजेन्सियां)। गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जाली की भारत की महिला युगल जोड़ीने मंगलवारको यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर ५०० बैडण्टिन टूर्नामेंटके पहले दौर में स्थानीय दावेदार हिनाता सुजुकी और नाओ यामाकिता को सीधे गेममें हराकर प्री क्वार्टर फाइनलमें जगह बना ली। इस साल नयी दिल्लीमें बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिपमें कांस्य पदक जीतने वाली गायत्री और त्रीसाकी भारतीय जोड़ी ने जापान की जोड़ी के खिलाफ २१-१७, २१-१४ से जीत दर्ज की। हालांकि मिश्रित युगलमें ध्रुव कपिला और राधिका शर्माकी जोड़ीको क्वालीफाइंगके पहले दौरमें चेन झी यी और फ्रांसेस्का कार्बेट की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ीने २१-१६, २१-१५ से हरा दिया। पुरुष युगलमें हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुनकी जोड़ी अगले दौरमें पहुंच गयी। आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलयेशियाकी जोड़ीने मैच शुरू होनेके छह मिनट बाद चोटके कारण मुकाबला छोड़ दिया। मैच रोके जानेके समय भारतीय जोड़ी पहले गेम में ११-६ से आगे थी।

बारिश बनी विलेन, मैच रद

भारत-न्यूजीलैण्ड तीसरे एकदिनी में नहीं फेकी जा सकी एग भी गेंद




हैमिल्टन (एजेन्सियां)। भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच मंगलवार को यहां सेडन पार्क में खेला जाने वाला तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद कर दिया गया। भारत पांच मैच की शृंखला में २-० से आगे है। दोनों टीम अब अंतिम दो मुकाबलों के लिए टाउरंगा रवाना होंगी जहां १३ और १५ नवम्बर को मैच खेले जायेगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लगातार तीसरी बार टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पिछले दो मुकाबलों में उतरी टीम में कोई बदलाव नहीं किया। हालांकि ४०-४० ओवर के कर दिये गये मैच के लिए मैदान से कवर्स हटाये जाने के दौरान एक बार फिर बारिश शुरू हो गयी। २०-२० ओवर के मुकाबले के लिए स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर ५० मिनट की निर्धारित समय सीमा में कम से कम ७० मिनट शेष होने के बावजूद दोनों अम्पायरों ने मैच रद करने का फैसला किया। इस मुकाबले के लिए मौसम का पूर्वानुमान पहले से ही निराशाजनक था और पूरे दिन बारिश की ९० प्रतिशत संभावना जतायी गयी थी। यह शृंखला में कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल का आखिरी मुकाबला था। इसके बाद दोनों वेलिंगटन में टेस्ट टीम से जुड़ेंगे। उनके साथ कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज और मोहम्मद सिराज भी टेस्ट टीम से जुड़ेंगे। गिल की अनुपस्थिति में श्रेयस अय्यर अंतिम दो मुकाबलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। वहीं ऋतुराज गायकवाड़ और इशान किशन को अंतिम दो मैच की एकादश में जगह मिलने की संभावना है। टीम इंडिया शृंखला में २-० से आगे चल रही है। आज का मैच जीतकर भारतीय टीम शृंखला भी ३-० से अपने नाम कर सकती थी। यह पिछले सात साल में पहली बार होता जब किसी टीम ने न्यूजीलैण्ड को उसी के घर में एकदिनी शृंखला में हराया हो। यह उपलब्धि प्राप्त करने के लिए अब भारतीय टीम को १३ नवम्बर तक का इंतजार करना होगा जहां माउंट माउंगुआनी में चौथा एकदिनी खेला जायेगा।

गेंदबाजी इकाईमें निरंतरताकी कमी निराशाजनक-जेमीसन

हैमिल्टन (एजेन्सियां)। न्यूजीलैण्ड के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन ने भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की मौजूदा शृंखला में अपनी टीम की गेंदबाजी इकाई में निरंतरता की कमी पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे टीम के अच्छे प्रदर्शन की संभावनाएं प्रभावित हुई हैं। न्यूजीलैण्ड को टी-२० अंतरराष्ट्रीय शृंखला में २-३ से हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीन मैच के बाद वह एकदिवसीय शृंखला में ०-२ से पीछे है। अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी और लाकी फर्ग्यूसन चोटों के कारण टीम से बाहर हैं जबकि ब्लेयर टिकनर को भी पिछले मैच में हाथ में चोट लग गयी थी। तीसरे एकदिवसीय मुकाबले से पहले जेमीसन ने कहा यह थोड़ा निराशाजनक है। आप हमेशा एक जैसी गेंदबाजी इकाई उतारने की कोशिश करते हैं जिससे कि खिलाड़ियों के बीच आपसी तालमेल और सामंजस्य विकसित हो सके। हमें उतने मैच साथ खेलने का मौका नहीं मिला जितना हम चाहते थे। लेकिन उम्मीद है कि अगले कुछ सप्ताह में हम सभी एक साथ मैदान पर उतरेंगे और लगातार कुछ मैच खेल सकेंगे।

बुमराह और जडेजा को नहीं मिल सका अभ्यास का मौका

तीसरा अनौपचारिक टेस्ट भारत ए-न्यूजीलैण्ड ए के बीच मुकाबला ड्रा



लिंकन (एजेन्सियां)। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को लंबे ब्रेक के बाद मैच अभ्यास हासिल करने का मौका नहीं मिल सका क्योंकि भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच तीसरा अनौपचारिक टेस्ट मंगलवार को यहां चौथे और अंतिम दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के कारण ड्रा समाप्त हुआ। मैच के तीसरे दिन सोमवार को भी बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था। इस तरह तीन मैच की शृंखला के सभी मुकाबले ड्रा रहे। भारत ए ने यशस्वी जायसवाल के शृंखला के लगातार दूसरे शतक और साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, तिलक वर्मा तथा वाशिंगटन सुंदर के अर्द्धशतकों की मदद से पांच विकेट पर ४६४ रन बनाकर पारी घोषित की थी। न्यूजीलैण्ड ए ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर ३६ रन बनाये थे। भारतीय टीम के नजरिये से यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि ब्रेक के बाद वापसी कर रहे बुमराह और जडेजा को मैच अभ्यास का मौका मिलने की उम्मीद थी। बुमराह ने अपना पिछला मैच तीन अक्तूबर को जापान के आइची-नागोया में पाकिस्तान के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में खेला था। उन्हें न्यूजीलैण्ड दौरे के सीमित ओवरों के चरण से विश्राम दिया गया था जिससे कि १९ नवम्बर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए वह तरोताजा रह सकें। इस मुकाबले में बुमराह को केवल छह ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला जिसमें उन्होंने ११ रन दिए। वह टेस्ट शृंखला से पहले कई स्पैल गेंदबाजी करके अच्छी लय हासिल करना चाहते थे लेकिन खराब मौसम ने उनकी तैयारियों पर पानी फेर दिया। विदेशी परिस्थितियों में आमतौर पर प्रमुख बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले जडेजा को बल्लेबाजी का मौका मिला। उन्होंने ७१ गेंद का सामना करते हुए २५ रन बनाये और एक घंटे २० मिनट तक क्रीज पर रहे। हालांकि जडेजा को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला क्योंकि भारत ए की टीम केवल १४ ओवर ही गेंदबाजी कर सकी। बुमराह, जडेजा के अलावा जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और आकाश दीप अब वेलिंगटन रवाना होंगे जहां भारतीय सीनियर टीम की नजरें बारिश नहीं होने की स्थिति में छह अभ्यास सत्र के जरिए तैयारी करने पर होंगी। भारत ए की शृंखला की बात करें तो जायसवाल के लगातार दो शतक और पडिक्कल का शानदार प्रदर्शन टीम के लिए दो बड़ी सकारात्मक चीजें रहीं। पडिक्कल ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में १९९ रन बनाये थे जिससे उन्होंने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। सुदर्शन ने भी अर्द्धशतक जड़कर अपनी उपयोगिता साबित की। लंबे समय तक चोट से जूझने के बाद आकाश दीप भी धीरे-धीरे लय हासिल कर रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा चौथे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को टीम में शामिल करते हैं या नहीं। आकाश दीप उपयोगी बल्लेबाजी करने में भी सक्षम हैं।


आर्यवीर, सूद के सहारे भारत सेमीफाइनलमें

अण्डर-१९ एशियाकप : सहवाग के लाल का शतक, यूएई को ७० रन से हराया, गुरुवारको अन्तिम चारमें अफगानिस्तानसे होगा सामना

अल अमेरात (एजेन्सियां)। आर्यवीर सहवाग (१६०) के बेहतरीन शतक और उनकी वीके विनीथ (६७) के साथ दूसरे विकेट के लिए की गयी १९३ रन की शतकीय साझेदारी के बाद ईशान सूद (४-३७) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को ७० रन के बड़े अन्तर से पराजित कर अण्डर-१९ एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पहले ५० ओवर में सात विकेट पर ३०९ रन बनाये फिर यूएई को ५० ओवर में २३९ रन पर समेट दिया। भारत अब गुरुवार को सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से सामना करेगा। उधर पाकिस्तान ने नेपाल को दस विकेट से हरा कर ग्रुप में शीर्ष पर स्थान हासिल किया। एब १२ नवम्बर को उसका पहले सेमीफाइनल में बांगलादेश से सामना होगा। ३१० रन के विशालकाय लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम ने शुरुआत तो संभली हुई कि लेकिन कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से एक समय टीम का स्कोर छह विकेट पर १४१ रन हो गया और लगा कि टीम २०० रन का आंकड़ा भी नहीं छू पायेगी। तभी एहमद खुदादाद और नूरुअल्लाह अयोबी विकेट पर टिक गये और दोनों हावी हो चुके भारतीय गेंदबाजों का दिलेरी से सामना करते हुए तेजी से रन जुटाने लगे। दोनों ने सातवें विकेट के लिए ५२ गेंदों में ९० रनों की साझेदारी कर दी। यह साझेदारी नूरुअल्लाह अयोबी के आउट होने के साथ टूटी जिन्हें ईशान सूद ने अपनी ही गेंद पर कैच किया। अयोबी ने ३९ रन के लिए २५ गेंद खेली जिसमें एक चौका, चार छक्का शामिल रहा। इसके बाद ईशान सूद ने एहमद खुदादाद को भी बोल्ड कर दिया जिन्होंने ७४ गेंद पर छह चौके, तीन छक्के की मदद से ७४ रन बनाये। ५०वां ओवर लेकर आये आये ईशान सूद ने तीसरी और छठी गेंद पर विकेट लेकर यूएई की पारी २३९ रन पर समेट दी। भारत के सातों गेंदबाजों को विकेट मिले। ईशान सूद ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। इससे पहले पाकिस्तान के हाथों हार के बाद भारत के लिए यूएई के खिलाफ मुकाबला करो या मरो का था। ऐसे में यूएई के कप्तान ने जब टास जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जो भारतीय बल्लेबाजों के लिए वरदान साबित हुआ। हालांकि पिच पर उछाल न होने और गेंद काफी नीची रहने के कारण शुरुआत में यूएई के तेज गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए भारतीय सलामी बल्लेबाजों आर्यवीर सहवाग और कप्तान लक्ष्य रायचंदानी को बांधकर रखा। महान बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने शुरुआत में संभलकर बल्लेबाजी की लेकिन क्रीज पर समय बिताने के बाद चौकों और छक्कों की झड़ी लगा दी। आर्यवीर को खाता खोलने के लिए १४ गेंदों का इंतजार करना पड़ा। हिदायतुल्लाह खान की गेंद पर मिडविकेट की दिशा में चौका लगाकर उन्होंने अपना खाता खोला। उन्होंने अपनी पारी के दौरान ९७ गेंदें डाट जो उनके धैर्य को भी बताती है। नेपाल के खिलाफ ७० और पाकिस्तान के खिलाफ २२ रन बनाने वाले आर्यमन ने यूएई के खिलाफ पारी के शुरुआती हिस्से में तेज गेंदबाज नूरुल्लाह अयोबी को निशाना बनाया। पारी के १०वें ओवर में उन्होंने क्रीज से बाहर निकलकर मिडविकेट के ऊपर से शानदार शाट लगाया। इसके चार ओवर बाद उन्होंने इसी गेंदबाज के खिलाफ एक और ऐसा ही शाट खेला। नूरुल्लाह ने हालांकि १४वें ओवर में ही भारत को पहला झटका दिया। आर्यवीर के सलामी जोड़ीदार कप्तान लक्ष्य रायचंदानी (१७) पुल शाट खेलने के प्रयास में स्क्वायर लेग पर कैच दे बैठे। भारत को पहला झटका ६२ रन पर लगा। रायचंदानी का साथ छूटने के बाद आर्यवीर को वीके विनीथ का साथ मिला और दोनों ने अंगद के पांव की तरह २२ गज की पट्टी पर पांव जमा लिये। यूएई के कप्तान ने अपने गेंदबाजों को बदल-बदल कर लगाया लेकिन कोई भी इन दोनों को गलती करने पर मजबूर नहीं कर सका। भारतीय पारी का पहला छक्का आर्यवीर के बल्ले से निकला जो उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर जैनुल्लाह रहमानी की गेंद पर आगे बढ़कर लगाया। इसके कुछ देर बाद नूरुल्लाह की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाकर ६९ गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा कर लिया। पारी आगे बढ़ने के साथ आर्यवीर की बल्लेबाजी में तेजी और आत्मविश्वास दोनों नजर आये। हिदायतुल्लाह की गेंद पर एक हाथ से शानदार कवर ड्राइव लगाकर वह नब्बे रन के पार पहुंचे। इसके बाद स्पिनर बिलाल खान की गेंद पर एक रन लेकर १३१ गेंदों में अपना पहला युवा एकदिनी शतक पूरा किया। इधर वीके विनीथ ने भी सुस्त लेकिन मजबूत इरादे के साथ अर्द्धशतक पूरा कर लिया। आर्यवीर ने शतक पूरा करने के बाद गेंदबाजों पर पूरी तरह दबदबा बना लिया। उन्होंने अगले ६० रन महज ३७ गेंदों में जड़ दियेए। नूरुल्लाह की गेंद पर सीधे छक्का लगाकर उन्होंने १५० रनका आंकड़ा पार किया। उनकी शानदार पारीका अंत नसीम खानने किया। आर्यमन ने १६८ गेंद पर १७ चौके और सात छक्के की मदद से १६० रन बनाये और विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए १९३ रन की साझेदारी की। आर्यवीर सहवाग ने अंडर-१९ एकदिनी में भारत के लिए पांचवा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। उन्होंने शुभमन गिल और मयंक अग्रवाल के १६० रनकी बराबरी की। अंबाती रायडू के नाम सबसे बड़ी भारतीय पारीका रेकार्ड हैं। उन्होंने २००२ में नाबाद १७७ रन बनाये थे। अंडर-१९ विश्वकप २०२६ के फाइनलमें १७५ रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी दूसरे स्थान पर हैं। वीके विनीथ ने ६९ गेंदपर ६७ रन की और राहुल द्रविड़के पुत्र अन्वय द्रविड़ने १२ रनकी पारी खेली। अन्तमें भारतने जल्दी-जल्दी विकेट खोए लेकिन टीम ५० ओवरमें सात विकेट पर ३०९ रन बनानेमें सफल हो गयी। नसीम खान ने चार विकेट चटकाये।

सोने से दमकने के बाद ईशा मनु ओलम्पिक कोटे से चूकी

आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप



दोहा (एजेन्सियां)। भारतीय निशानेबाजोंने आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिपमें मंगलवार को महिला २५ मीटर पिस्टल स्पर्धा का टीम स्वर्ण पदक जीतकर देशका मान बढ़ाया, लेकिन व्यक्तिगत फाइनलमें स्टार निशानेबाज मनु भाकर और ईशा सिंह पदकके साथ ही २०२८ लास एंजिलिस ओलम्पिकका कोटा हासिल करनेका मौका चूक गयी। व्यक्तिगत फाइनलमें ईशा सिंह आठवें और अंतिम स्थान पर रहीं जबकि दो बार की ओलम्पिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर मामूली अंतर से पदकसे चूककर चौथे स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरियाकी यांग जिनने ४४ अंकों के विश्व रेकार्ड प्रदर्शनके साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वियतनामकी त्रिन्ह थू विन्ह ने ४३ अंकों के साथ रजत और चीन की झांग यूयू ने ३४ अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। मनु ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ निशानेबाजोंके फाइन में जगह बनाई थी। ईशा तीसरे और मनु छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं। एशियाई खेलों में इसी स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक जीतने वाली ईशा का प्रदर्शन फाइनल में बेहद निराशाजनक रहा। वह चार सीरीज में क्रमश: एक, पांच, तीन और दो निशाने ही साध सकीं। इस तरह २० में से केवल ११ हिट के साथ उन्हें सबसे पहले प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। मनु ने कई शूटआफ में जगह बनाकर पदक की उम्मीदें कायम रखीं लेकिन आखिरकार वह चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने कुल २७ हिट हासिल किए। भारत अब तक केवल एक ओलम्पिक कोटा हासिल कर सका है। यह कोटा पुरुषोंकी १० मीटर एयर पिस्टल स्पर्धामें जयपाल मालवीय ने दिलाया है। ईशा ने हालांकि व्यक्तिगत फाइनलसे पहले क्वालीफिकेशनमें शानदार प्रदर्शन किया था। हैदराबादकी २१ वर्षीय निशानेबाज ने दो दिन तक चली क्वालीफिकेशन स्पर्धा में ५९० अंक जुटाकर भारतीय तिकड़ीमें शीर्ष स्थान हासिल किया। मनु भाकरके ५८७ और दिव्या सुब्बाराजू के ५८४ अंकों की बदौलत भारतीय टीम ने कुल १७६१ अंक जुटाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दक्षिण कोरियाने १७४८ अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि वियतनाम की टीम १७४५ अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही। विश्व चैम्पियनशिपसे पहले अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही मनु ने भी क्वालीफिकेशन में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। दिव्या बेहद मामूली अंतर से व्यक्तिगत फाइनलमें जगह बनाने से चूक गयी। वह १०वें स्थान पर रहीं। भारतीय निशानेबाजी दलकी पदक और ओलम्पिक कोटे की उम्मीदें अब पुरुष और महिला ट्रैप टीमों पर टिकी हैं। महिला ट्रैप टीम की शुरुआत हालांकि निराशाजनक रही। तीन दिवसीय क्वालीफिकेशन मुकाबलेके पहले दिन एशियाई खेलोंकी दोहरी स्वर्ण पदक विजेता नीरू ढांडा अपनी क्षमताके अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं। नीरू ने २५-२५ निशानोंके पहले दो दौरमें क्रमश: २० और १९ अंक हासिल किए। इस तरह कुल ३९९ अंकोंके साथ वह ७७ निशानेबाजोंके बीच ६९वें स्थानपर पिछड़ गयी। प्रगति दुबे ४६ अंक के साथ १८वें मनीषा कीर ४३ अंक के साथ ४१वें स्थानपर रहीं। तीनों के सामने अब फाइनलमें जगह बनानेके लिए अगले दौर में दमदार वापसी करने की चुनौती होगी।

सबिता को आराम, बंसरी सोलंकी टीममें

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। अनुभवी गोलकीपर सविता पूनियाको भोपालमें होने वाली महिला एशियाई चैम्पियंस ट्राफी (एसीटी) के लिए भारतीय टीमसे आराम दिया गया है और उनकी जगह बंसरी सोलंकीको टीम में शामिल किया गया है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने मंगलवारको घोषित टीम में कुछ खिलाड़ियोंकी भूमिकाओं में बदलावकी भी जानकारी दी। टूर्नामेंटका आयोजन १९ से २८ नवम्बर तक होगा। भारतीय टीम मौजूदा चैम्पियनके रूप में प्रतियोगिता में उतरेगी और अपने अभियानकी शुरुआत टूर्नामेंट के पहले दिन मलयेशिया के खिलाफ करेगी। मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तान बरकरार रहेंगी। टीम-गोलकीपर-बंसरी सोलंकी, बिचू देवी खरीबाम, डिफेंडर-निक्की प्रधान, ज्योति, ज्योति सिंह, सुशीला चानू, लालथांतलुआंगी, पूजा साहू, मिडफील्डर-रुतुजा ददासो पिसल, सुनेलिटा टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, साक्षी राणा, बलजीत कौर, इशिका, फारवर्ड-नवनीत कौर, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेमसियामी, मुमताज खान।



पंत मैच जैसी परिस्थितियोंमें कर रहे अभ्यास

१२ को जा सकते हैं न्यूजीलैण्ड



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट शृंखला से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर आफ एक्सीलेंस' से फिटनेस मंजूरी मिलने की उम्मीद है। पंत फिटनेस संबंधी मंजूरी मिलने के बाद गुरुवार को न्यूजीलैण्ड के लिए रवाना हो सकते हैं। उनकी मौजूदगी टेस्ट टीम को मजबूती प्रदान करेगी। पंत को शेष भारत की ओर से ईरानी कप में खेलते समय साइड स्ट्रेन (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट लग गयी थी। इसके बाद उन्हें शुरुआत में फिटनेस के आधार पर एक अनौपचारिक टेस्ट मैच के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया था। वह सीओई से जरूरी आरटीपी (रिटर्न टू प्ले) यानी खेलों में वापसी से जुड़ा प्रमाणपत्र हासिल नहीं कर सके थे। इस घटनाक्रम से जुड़े बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया पंत पूरी तरह फिट हैं। वह आज सीओई में मैच सिमुलेशन (मैच जैसी परिस्थिति) अभ्यास कर रहे हैं। बुधवार को उनका एक और सिमुलेशन सत्र निर्धारित है। दोनों सत्र सफलतापूर्वक पूरे करने के बाद पंत १२ नवम्बर को वेलिंगटन के लिए रवाना हो जायेंगे। मौजूदा भारतीय टीम में पंत उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें न्यूजीलैण्ड की धरती पर टेस्ट क्रिकेट खेलने का अनुभव है। भारतीय टीम ने पिछली बार २०२० में न्यूजीलैण्ड का दौरा किया था और पंत उस दौरे का हिस्सा थे। आक्रामक रवैये के साथ बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले २९ वर्षीय पंत मौजूदा टीम के अनुभवी खिलाड़ियों में शुमार हैं। उन्होंने ५२ टेस्ट मैच में आठ शतक और २१ अर्द्धशतक की मदद से ४३ से अधिक की औसत से रन बनाये हैं। पंत भारत के लिए मुश्किल माने जाने वाले एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंगलैण्ड, न्यूजीलैण्ड और आस्ट्रेलिया) देशों में से आस्ट्रेलिया, इंगलैण्ड और दक्षिण अफ्रीका की धरती पर टेस्ट शतक जड़ चुके हैं।

भारत को सेमीफाइनल के लिए सिर्फ ड्रा चाहिए

सैफ फुटबाल में मालदीव से मुकाबला आज



ढाका (एजेन्सियां)। गत चैम्पियन भारत को दक्षिण एशियाई फुटबाल महासंघ (सैफ) चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बुधवार को ग्रुप बी के अपने दूसरे और आखिरी मुकाबले में मालदीव के खिलाफ ड्रा की जरूरत है। ग्रुप चरण के अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान को ३-२ से हराने वाली भारतीय टीइस मुकाबले को बड़े अंतर से जीत कर मजबूत मनोबल के साथ अगले दौर में जाना चाहेगी। पाकिस्तान के खिलाफ पांच नवम्बर को खेले गये मैच में सुहैल भट ने पहले हाफ में दो गोल दागकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई थी। मालदीव के खिलाफ मुकाबला ड्रा रहने पर भी भारत ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लेगा। भारत इस टूर्नामेंट में अपनी दूसरी दर्जे की टीम के साथ खेल रहा है क्योंकि मुख्य टीम इसी सप्ताह न्यूजीलैण्ड के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने के लिए रवाना हुई है। ढाका में खेल रही भारतीय टीम की जिम्मेदारी अंडर-२३ टीम के कोच नौशाद मूसा संभाल रहे हैं। भारत अगर मालदीव से ०-१ से भी हार जाता है तब भी उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बनी रहेगी। भारत का गोल अंतर प्लस एक है जबकि मालदीव का गोल अंतर माइनस तीन है। नौ बार की चैम्पियन भारतीय टीम बड़ी हार से बचना चाहेगी ताकि टूर्नामेंट में उसकी चुनौती बरकरार रहे। पाकिस्तान ने रविवार को मालदीव को ३-० से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। दो मुकाबलों में तीन अंक और प्लस दो के गोल अंतर के साथ पाकिस्तान ने ग्रुप चरण में अपना अभियान पूरा कर लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ पहला मुकाबला जीतने के बावजूद भारतीय कोच मूसा टीम के प्रदर्शन में सुधार चाहते हैं। उन्होंने कहा हमें टीम के आपसी तालमेल में सुधार करना है। खासतौर पर आक्रमण और रक्षापंक्ति के बीच तालमेल और अहम मौकों पर सही फैसले लेने पर ध्यान देना होगा। सबसे जरूरी है कि टीम के खिलाड़ियों के बीच बेहतर तालमेल और प्रतिस्पर्धा का माहौल बने।

युवा ओलंपिक-मुक्केबाजी अंबेकर मीतेई ने पदक किया पक्का

डकार (एजेन्सियां)। भारतीय मुक्केबाज लैरेनलाकपम अंबेकर मीतेई ने मंगलवार को नामीबिया के अब्राहम कलेंगा को हराकर पुरुषों के ५० किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही युवा ओलम्पिक में भारत के लिए एक और पदक सुनिश्चित कर दिया। मीतेई ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पहले दौर में ही रेफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर जीत दर्ज की। मुकाबला एक मिनट ५७ सेकंड में समाप्त हो गया। भारतीय मुक्केबाज के समाने बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में कोलंबिया के इज्जोन जेफरी अरेवालो की चुनौती होगी। भारत युवा ओलम्पिक में अब तक तीन रजत और पांच कांस्य पदक जीत चुका है।

आईओए चुनाव में ३० राष्ट्रीय खेल महासंघ लेंगे हिस्सा, बीएफआई, टीटीएफआई और आईजीयू बाहर

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) की पांच दिसम्बर को होने वाली कार्यकारी परिषद के चुनावमें ३० राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के दो-दो प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे लेकिन गुटबाजी से जूझ रहा राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ चुनाव प्रक्रियासे बाहर रहेगा। तदर्थ समिति द्वारा संचालित भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) और इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) को भी मतदान के लिए पात्र महासंघोंकी सूचीमें जगह नहीं मिली है। आईजीयूके एक गुटको आईओएकी मान्यता प्राप्त है जबकि दूसरे गुटको खेल मंत्रालय ने मान्यता दे रखी है। आईओएके चुनाव अधिकारी संजय के. श्रीवास्तवने ३० राष्ट्रीय खेल महासंघोंकी सूची जारीकी। इन महासंघोंको पांच दिसम्बर के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडलका सदस्य बनानेके वास्ते एक पुरुष और एक महिला प्रतिनिधि नामित करने होंगे। इन महासंघोंमें फुटबाल, टेनिस, कबड्डी, तीरंदाजी, अथलेटिक्स, बैडमिण्टन, बास्केटबाल, बालिंग, साइकिलिंग, तलवारबाजी, जिम्नास्टिक, हैण्डबाल, हाकी, आइस हाकी, आइस स्केटिंग, कयाकिंग एवं कैनोइंग, रग्बी, ट्रायथलान, भारोत्तोलन, जूडो, ल्यूज, मार्डन पेंटाथलान, निशानेबाजी, नेटबाल, रोइंग, स्की एवं स्नोबोर्ड, तैराकी, स्क्वाश, कुश्ती और वुशु शामिल हैं। इन सभी महासंघोंको १२ नवम्बरको दोपहर तीन बजे तक अपने प्रतिनिधियोंके नाम भेजने को कहा गया है। आईओएके विधानके मुताबिक जिन खेलोंको ओलम्पिक, एशियाई या राष्ट्रमंडल खेलोंके कार्यक्रममें शामिल किया गया है उनके राष्ट्रीय महासंघ आम सभाके लिए दो प्रतिनिधि नामित कर सकते हैं। इनके अलावा आठ उत्कृष्ट खिलाड़ियों (एसओएम), अथलीट आयोग के दो सदस्यों और भारतमें अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के सदस्य को भी मतदान का अधिकार होगा।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — बुधवार, 11 नवंबर 2026

मेष- अर्थपक्ष में हानि, व्यय की अधिकता, भौतिक सुख में कमी, कटुवचन से तकलीफ।
वृषभ- बुद्धि का विकास, मानसिक राहत, पुरातन समस्याएं हल, धर्मकर्म में आस्था, खुशी।
मिथुन- आय के नवीन स्रोत, सलाह लाभदायक, सुपरिणाम प्राप्त, धार्मिक स्थलों की यात्रा।
कर्क- घरेलू वातावरण सुखद, मनोविनोद के अवसर, जनकल्याण में रुचि, लक्ष्यपूर्ति।
सिंह- दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से गलतफहमी, बात-बात पर क्रोध, विरोधि प्रभावी।
कन्या- आकस्मिक लाभ, व्यापार में विस्तार, खुशी का माहौल, मानसम्मान में वृद्धि, हर्ष।
तुला- नवयोजना दृष्टिगत, संतान पक्ष से खुशी, निर्णय हितकर, शिक्षा में जिज्ञासा, प्रसन्नता।
वृश्चिक-आरोग्यसुख, आर्थिक सफलता, नवसम्पर्क का सुयोग, मानसिक शांति, मन प्रसन्न।
धनु- आर्थिक परेशानी, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, वैवाहिक अड़चनें, कर्ज से चिन्तित।
मकर- स्वास्थ्य में सुधार, आत्मिक शांति, उच्चाधिकारियों से संपर्क, शिक्षा में सफलता।
कुम्भ- योजना साकार, मनोवांछित सफलता, पारिवारिक सौहार्द, धर्म में आस्था, संतसमागम।
मीन- मनोकामना पूर्ण, आरोग्य सुख, स्वजनों का सहयोग, परोपकार में रुचि, संत समागम।

आज है जिनका जन्मदिन — 11 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। जन्मदिनांक 1 1 का मूलांक 2 का स्वामी ग्रह चंद्रमा एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। मुख्य सिद्धान्त होगा सादा जीवन उच्च विचार। अतीन्द्रिय ज्ञान की अदभुत क्षमता होगी। व्यक्तित्व दूसरों को आकर्षित करने वाला होगा। आपके विचार अस्थिर और उलझे हुए होंगे। विपरीत समय में भी को कार्यशील रख सकेंगे। आपके मन में सदैव नये-नये विचार पल्लवित होंगे। किसी कार्य की शुरुआत तो बड़े उत्साह से करेंगे। लेकिन जरा सा मन बदलते ही उसे अधूरा छोड़ देंगे। किसी के मन की बात सहज ही जान लेंगे। प्रेम-सौन्दर्य व ललित कलाओं की ओर रुझान अधिक रहेगा। नेतृत्व गुण आपमें प्रबल होगा। तड़क-भड़क व व्यर्थ का दिखावा अधिक पसन्द करेंगे। आपके जीवन में एकाग्रता का अभाव रहेगा। धन-संचय में भी आपकी रुचि रहेगी। सहयोगी प्रवृत्ति के होंगे। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा। नियमित रूप से ईष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना अवश्य करें। दैनिक जीवन में सफेद रंग की वस्तुओं का अधिकतम प्रयोग करें।

आपके लिए शुभ

मंत्र : ॐ सों सोमाय नमः
व्रत : सोमवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 2, 11, 20, 29
अंक : 1, 4, 7
मास : नवम्बर, नवम्बर एवं नवम्बर
वर्ष : 2, 11, 20, 29, 38, 47, 56, 65
रंग : सफेद एवं क्रीम
जन्मरत्न : मोती
उपरत्न : मून स्टोन
जड़ी : अनार की जड़
दिशा : नैऋत्य
वर्ष का महत्वपूर्ण समय— 20 नवम्बर से 20 नवम्बर

यन्त्र

7	2	9
8	6	4
3	10	5

सुडोकू ५०११

			5		8			
				7	6			
	1							3
			4					9
6		5		1				
8								
						8	6	
						7		
	4			2				

तरीका खेलने का : [illegible]

हल ५०१०

9	6	8	1	4	3	7	5	2
4	5	2	6	8	7	1	3	9
7	3	1	5	2	9	6	8	4
5	2	4	3	7	1	8	9	6
6	7	3	8	9	5	4	2	1
1	8	9	2	6	4	3	7	5
2	1	6	9	3	8	5	4	7
8	4	5	7	1	2	9	6	3
3	9	7	4	5	6	2	1	8

पेड़ से लटका मिला शव, सनसनी

जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस



मधुबन(मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कचिला नारायणपुर में विंध्याचल के पुरवा में मंगलवार की सुबह 30 वर्षीय एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। मृतक की पहचान नवरंग यादव पुत्र सुखलाल यादव के रूप में हुई। मृतक राज मिस्त्री का काम करता था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। फोरेंसिक टीम नें भी मौके से साक्ष्य जुटाये। फिलहाल पुलिस युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का कारण ढूंढने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह खेत में शौच के लिए गयी महिलाओं ने गाँव से करीब 300 मीटर दूर एक पेड़ से युवक के शव को लटकते देखा। कुछ ही देर में यह खबर पूरे गांव में फैल गई और मौके पर लोगों की बड़ी भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। इस घटना से मृतक के परिवार में मातम छाया हुआ है। पत्नी सरिता यादव का रो-रो कर बुरा हाल है। गाँव की महिलाएं उन्हें दिलासा देने में जुटी हुई हैं। मृतक की दो छोटी-छोटी बच्चियाँ हैं जिनके सर से पिता का साया उठ गया है। थाना प्रभारी मधुबन के के गुप्ता ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पायेगा।

मारपीट में आधा दर्जन घायल

करहां(मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टीपककाबाद में सोमवार संध्या जमीन संबंधी विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में हरेंद्र यादव उम्र 56 वर्ष, अश्वनी कुमार उम्र 23 वर्ष, सुशीला देवी उम्र 50 वर्ष, सविता देवी उम्र 52 वर्ष, श्रीराम यादव उम्र 12 वर्ष, को चोट आई जहां पुलिस द्वारा सभी लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण करने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है । इसी क्रम में स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोलौरा निवासी राधेश्याम पुत्र राम प्रीत उम्र 35 वर्ष निवासी कोलोरा सोमवार देर रात्रि सड़क दुर्घटना में घायल होने पर परिजनों ने इन्हें इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए।

पिकअप के धक्के से जख्मी

मऊ। स्थानीय थाना क्षेत्र के कटघराशंकर के समीप तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घायल का उपचार जिला के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने घायल के पुत्र के तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांगेबीर गांव निवासी पिंटू मल्ल ने पुलिस को दी गई । तहरीर में बताया कि पांच नवंबर की शाम करीब छह बजे उनके पिता श्रीकांत मल्ल कटघरा मोड़ से घर लौट रहे थे। इसी दौरान हनुमान मंदिर के पास बरगद के पेड़ के समीप दुबारी मोड़ की तरफ से जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। हादसे में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए मऊ स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक काररवाई शुरू कर दी है।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा आज

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत 11 नवंबर को लोकतंत्र बचाओ अरा. जकता हटाओ के संदेश के साथ पदयात्रा निकाली जाएगी।

मांगी आपत्तियां

मऊ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ द्वारा 06 नवंबर 2026 के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामाव. लियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थापन 02 नवंबर 2026 तक यथावत निर्धारित है। एकीकृत प्रारूप निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा।

जनपद के समस्त गो-आश्रय स्थलों में श्रद्धा, उत्साह के साथ संपन्न हुआ गोवर्धन पूजा

मऊ। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार को जनपद मऊ के समस्त गो-आश्रय स्थलों में विधिवत गौ-पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर सभी गो-आश्रय स्थलों में विशेष साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के दौरान गोवंशों को गुड़, केला एवं हरा चारा खिलाकर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया तथा उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। जनपद के प्रमुख गो-आश्रय स्थलों चंद्रापार, जमीन हाजीपुर, सियरही बर्जला, कुतुबपुर, सिद्धा अहिलासपुर, तिलस्वां, सरयाँ, जसरा, धर्मसीपुर, नसीरपुर कुशहाँ, कुडवा, रणवीरपुर, केशोपुर सुल्तानीपुर, मिर्जापुर, पिंजरा, नगर पंचायत घोसी, दोहरीघाट, गायघाट, मधुबन एवं चिरैयाकोट सहित जनपद के समस्त गो-आश्रय स्थलों में गौ-पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य गोवंशों के प्रति सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन की भावना को प्रोत्साहित करना तथा उनके प्रति समाज में संवेदनशीलता एवं जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में संबंधित गो-आश्रय स्थलों के प्रभारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए गोवंशों की सेवा एवं देखभाल की। इस प्रकार जनपद के सभी गो-आश्रय स्थलों में गोवर्धन पूजा का पर्व पारंपरिक श्रद्धा, स्वच्छता एवं सेवा भाव के साथ मनाया गया।

मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सजा ऐतिहासिक मां लक्ष्मी पूजा मेला



करहां(मऊ) पूर्वांचल में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाला मुहम्मदाबाद गोहना का ऐतिहासिक मां लक्ष्मी पूजा मेला दीपावली के दूसरे दिन सोमवार को पूरे भव्यता और उल्लास के साथ शुरू हुआ। कस्बे में स्थापित मां लक्ष्मी की 61 प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से देर रात तक दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से पूरा कस्बा भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। दीपावली की मध्यरात्रि 12 बजे प्रतिमाओं के पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी के दर्शन किए। शहीद चौक से विजय स्तंभ चौक, बाईपास मार्ग, शंकर तिराहा और विभिन्न मोहल्लों तक आकर्षक पंडाल, रंग-बिरंगी झालरें और विद्युत सजावट मेले की भव्यता में चार चांद लगा रही हैं। फरीदाबाद मोहल्ले में जय मां लक्ष्मी क्लब, जय मां काली क्लब, ओम कावेरी क्लब, काली चौराहा क्लब, कोट देवी क्लब, गायत्री क्लब और लक्ष्मी क्लब सहित विभिन्न पूजा समितियों ने आकर्षक झांकियां सजाई हैं। मेले में पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के साथ ही कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया तथा दिल्ली, मुंबई और लखनऊ से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। दूसरे दिन मंगलवार को भी मेले में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस मेले में नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु देवी, चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड, समस्त नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी लग रहे। अधिशासी अधिकारी देवेश कुमार मिश्रा, बड़े बाबू गुंजन उर्फ शैलेंद्र श्रीवास्तव, सुमंत यादव ,शहजादे खान, छोटू प्रसाद ,डाक्टर इनामुल्लाह ,अंजनी गुप्ता ,आदि लोग सहयोग में लग रहे दीपक गुप्ता डायमंड ने मेले में आए श्रद्धालुओं की सेवा में पूरी रात लग रहे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर लगभग 400 पुलिसकर्मियों और पीएसी जवानों की तैनाती की गई है। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी ड्रोन कैमरों, वाच टावर और कंट्रोल रूम से की जा रही है। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाकर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री, तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार पांडेय और क्षेत्राधिक. ारी जितेंद्र सिंह कर रहे हैं। वहीं कोतवाली प्रभारी कमलकांत वर्मा और चौकी प्रभारी मिथिलेश सिंह पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण कर व्यवस्था संभाल रहे हैं।











गोवर्धन पूजा पर घरों में गूंजे भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे

सूरजपुर(मऊ)। ब्लाक क्षेत्र के सूरजपुर रसूलपुर जमुनीपुर और मिश्रौली सहित आस-पास के गांवों में गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण को अन्नकूट का भोग लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गोवर्धन पूजा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार को समाप्त करने और गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा करने की स्मृति में मनाई जाती है। पर्व को लेकर गांवों में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल

नदवासराय (मऊ)। घोसी कोतवाली क्षेत्र के बोझी पुलिस चौकी अंतर्गत पीवाताल पुलिया के पास सोमवार की रात करीब 8.30 बजे तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल ने आगे जा रही बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक ही मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोझी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। फिलहाल घायल लालधर निषाद का आजमगढ़ के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार पीवाताल निवासी लालधर निषाद उम्र 55वर्ष, काशी निषाद उम्र 52वर्ष और डब्ल्यू निषाद उम्र 42वर्ष सोमवार की रात एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर चमरई गांव में एक निमंत्रण में शामिल होने जा रहे थे। तीनों बिना हेलमेट के घर से करीब एक किलोमीटर दूर पीवाताल पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बुलेट पर मुहम्मदाबाद गो. हना कोतवाली क्षेत्र के सिकटिया पुलिस चौकी अंतर्गत सियाबस्ती डिहवा गांव निवासी दीपक साहनी उम्र 23वर्ष, संजय राजभर और एक अन्य अज्ञात युवक सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटरसाइकिलें अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गईं। हादसे में लालधर निषाद को सिर में गंभीर चोटें आईं तथा उनके दोनों पैर टूट गए। वहीं काशी निषाद और डब्ल्यू निषाद भी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बोझी पुलिस चौकी प्रभारी हेमंत कुशवाह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों मोटरसाइकिलों को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मेले में महिला का छूटा पर्स महिला पुलिसकर्मियों ने लौटाया

करहां(मऊ)। मुहम्मदाबाद गो. हना कस्बे में चल रहे ऐतिहासिक मां लक्ष्मी पूजा मेले में महिला पुलिसकर्मियों की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहनीय मिसाल देखने को मिली। मोहल्ला जमाल. पुर पोखरा निवासी एक महिला अपने परिवार के साथ मेला घूमने आई थी। इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय के सामने लगे खेल-खिलौने की दुकान से सामान खरीदते समय उसका पर्स अचानक कहीं छुट गया। पर्स में मोबाइल और नकदी रखी हुई थी। इसी बीच वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी नेहा कुशवाहा एवं रोमा यादव की नजर पर्स पर पड़ी। दोनों महिला पुलिसकर्मियों ने पर्स को सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया। करीब दो घंटे बाद महिला अपना पर्स खोजते हुए वहां पहुंची। पूछताछ के बाद महिला पुलिसकर्मियों ने पर्स में रखे मोबा. इल और नकदी समेत उसे सुरक्षित वापस कर दिया। अपना खोया हुआ सामान सकुशल पाकर महिला के चेहरे पर खुशी छा गई। उसने दोनों महिला पुलिसकर्मियों की ईमानदारी की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। मेले में महिला पुलिसकर्मियों के इस सराहनीय कार्य की लोगों ने भी प्रशंसा की।

बिजली के पोल से टकराकर बाइक सवार पत्नी की मौत

पति घायल, दीपावली की खुशियां मातम में बदली



घोसी(मऊ)। दीपावली की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब रविवार की रात घोसी नगर के बड़ागांव उत्तरी राजभर बस्ती में अनियंत्रित बाइक पलटने से 22 वर्षीय महिला रोशनी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में बाइक चला रहे उसके पति देव. राज गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने रोशनी को मृत घोषित कर दिया। पति की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घोसी कोतवाली क्षेत्र के बनगावां स्थित चीनी मिल प्राथमिक विद्यालय के निकट निवासी देवराज रविवार को दीपावली के अवसर पर अपनी पत्नी रोशनी के साथ पूजन-अर्चन करने के बाद घोसी नगर में आतिशबाजी के लिए पटाखे खरीदने आए थे। पटाखे खरीदने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 8.30 बजे बड़ागांव उत्तरी राजभर बस्ती में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित बिजली के पोल तथा लकड़ी से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक पर सवार रोशनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पति देव. राज गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उपचार के लिए सीएचसी घोसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने रोशनी को मृत घोषित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं देवराज की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रोशनी का मायका देवरिया जिले के लार रोड क्षेत्र में है। रोशनी और देवराज की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों की आठ माह की एक बेटी भी है। दीपावली के दिन हुए इस दर्दनाक हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। मां की असमय मौत से मासूम बच्ची के सिर से मां का साया उठ गया।

राजकीय संप्रेषण गृह में आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ने किशोर बंदियों के साथ मनायी दीपावली



मऊ। दीपावली के पावन पर्व पर जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की पत्नी रविंदर कौर सैनी ने राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) में निरुद्ध किशोरों के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने संप्रेषण गृह में उपस्थित 127 किशोरों के बीच मिठाई एवं फल वितरित कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान किशोरों ने रविंदर कौर सैनी के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा भजन सुनाकर उत्सव के माहौल को भावपूर्ण बना दिया। श्रीमती सैनी ने किशोरों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने तथा बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला आकांक्षा समिति की सदस्य एवं उप जिलाधिकारी सदर कुंवर सचिन सिंह की पत्नी जागृति सिंह भी उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया एवं उप जिलाधिकारी सदर कुंवर सचिन सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने किशोरों के बीच अपनत्व, उत्साह एवं खुशियों का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष एवं सदस्य ने सभी किशोरों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में नई आशा, ऊर्जा एवं सकारात्मक बदलाव आने की कामना की।

लक्ष्मी की प्रतिमा का अनावरण



रानीपुर (मऊ)। फतेहपुर पाल बस्ती में मॉ लक्ष्मी की प्रतिमा का अनावरण प्रधान पति राजेंद्र कन्नौजिया एवं अविनाश चौहान, मिठाई सिंह, बजरंगी सिंह, विना. द सिंह, ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। अनावरण के उपरांत भक्ति वातावरण में पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। गांव के लोगों ने सामूहिक रूप से मां लक्ष्मी की आरती की और क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मिथिलेश पाल, विशाल पाल, धर्मेंद्र पाल, राजेंद्र पाल, ओंमकार पाल, सूरज कश्यप, झुनझुन सिंह, अनिल पाल, सर्वेश गुप्ता, अभयराज पाल, गोल्डेन पाल, सरवन पाल,तेजस पाल सहित कमेटी के सभी सदस्य गण एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

पटाखे तो पूरे देशमें चले, फिर दिल्लीका ही दम क्यों घुट रहा

दिल्ली की हवा में प्रदूषण खतरनाक स्तरपर पहुंच गया है। दीपावली के तीसरे दिन मंगलवार को कुछ इलाकोंमें इससे आंशिक राहत तो मिली। हालांकि कई इलाके ऐसे भी रहे जहां प्रदूषण का स्तर तकरीबन ४०० रहा। इससे एक दिन पहले हालात बेहद खराब थे। कई जगहों पर तो धुंधकी वजहसे दृश्यता शून्य तक हो गई थी।



दीपावली पर हर साल दिल्ली गैस चैंबर बन जाती है, जबकि प्रदूषण की रोकथाम के लिए तैयारियां इससे पहले ही शुरू कर दी जाती हैं। इसके बावजूद दीपावली और उसके आसपास दिल्ली की हवा सांस लेने लायक नहीं रह जाती। ज्यादातर लोग इसका दोष पटाखों को देते हैं। मगर सबसे बड़ा सवाल यही है कि पटाखे तो पूरे देश में चलते हैं, फिर आखिर दिल्ली का दम ही क्यों घुटता है? इसके पीछे असल में सिर्फ प्रदूषण ही कारण नहीं है। दिल्ली की भौगोलिक स्थिति, मौसम, हवा सब मिलकर देश की राजधानी को बदनामी के शिखर पर पहुंचाते हैं। दूसरों शहरों में क्यों नहीं रुकता प्रदूषण पटाखे भारत के हर शहर में चलते हैं, हवा में प्रदूषण भी खूब होता है, ऐसे में सवाल ये है कि आखिर दूसरे शहरों में पॉल्यूशन क्यों नहीं रुकता। सीएमक्यूएम की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में सिर्फ दिल्ली का पॉल्यूशन नहीं है. यहां आसपास के प्रदेशों से भी धुआं आकर इकट्ठा हो रहा है। इसीलिए दिल्ली में हवा की गुणवत्ता ज्यादा खराब दिखती है.असल में हवा में पॉल्यूशन लखनऊ, कानपुर, पटना या जयपुर जैसे शहरों में भी होता है, मगर दिल्ली जितनी मात्रा में नहीं. इसीलिए उन पर ध्यान नहीं जाता। दूसरा हर शहर में हवा की गति, तापमान, नमी अलग होती है। चूंक दिल्ली हिमालय की तलहटी में है, इसीलिए यहां ठंड का असर पहले और ज्यादा होता है। अगर हवा हो तो ये असर कम हो सकता है। 2024 में ऐसा हुआ था जब दिवाली की रात एक्यूआई 600 के आसपास पहुंच गया था, मगर हवा तेज चलने की वजह से अगले दिन यह महज 97 था. जो दिल्ली के नजरिए से सामान्य था। खुद सेंटर ऑप साइंस एंड इनवायरमेंट ने इस पर रिसर्च की थी। दिल्ली एनसीआर में धुआं और प्रदूषण के अलग-अलग कारक होते हैं। गर्मियों में हवा तेज चलती है, जो इन प्रदूषक तत्वों को उड़ाकर इधर उधर ले जाती हैं, मगर सर्दी में तापमान में गिरावट की वजह से धुआं व अन्य प्रदूषक तत्व जमीन के आसपास जमा होने लगते हैं। हवा के न चलने की वजह से ये हानिकारक गैसें हवा में बनी रहती हैं और एयर क्वालिटी को बिगाड़ती हैं. अगर हवा तेज चले तो ये प्रदूषक तत्व हवा के साथ दिल्ली से बाहर जा सकते हैं। मौसम विज्ञान में इसें वेंटिलेशन कहते हैं. जो हो नहीं पाता. दिल्ली में प्रदूषण की वजह से हुए इस रिसर्च के मुताबिक सर्दी में मौसम में तापमान इन्वर्जन बहुत तेजी से होता है. दरअसल हवा अगर हवा गर्म होती है तो ऊपर की ओर उठती है और ठंडी हवा नीचे की ओर



आती है. हालांकि सर्दियों में हालात इससे उलट हो जाते हैं, क्योंकि जमीन के संपर्क में रहने वाली हवा ठंडी हो जाती है. इससे ऊपर जो हवा होती है वो गर्म होती है, जो एक परत बना लेती है. यानी ठंडी हवा, जिसमें प्रदूषक तत्व जमा हैं उन्हें बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिलता. काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरमेंट एंड वॉटर सीव की एक रिसर्च के मुताबिक एक और वजह है मिक्सिंग हाइट का कम होना. दरअसल गर्मियों में जमीन से 1500 मीटर ऊपर तक हवा की हलचल अच्छी होती है। वहां से ठंडी हवा नीचे की ओर आती है और गर्म हवा ऊपर की ओर जाती है. सर्दी में यह हाइट 300 मीटर ही रह जाती है। ऐसे में अगर हवा प्रदूषक तत्वों को लेकर ऊपर उठती भी है तो ज्यादा ऊंचाई न होने की वजह से आसपास ही बनी रहती है. दिल्ली में आसपास के राज्यों में जलने वाली पराली भी प्रदूषण का मुख्य कारण है. खासकर अक्टूबर और नवंबर के दौरान पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान की कटाई के बाद पराली जलाने की घटनाएं होती हैं. इससे भारी मात्रा में धुआं और प्रदूषक निकलते हैं. इनमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे बारीक कण भी शामिल होते हैं. उत्तर-पश्चिमी दिशा में चल रही हवा की वजह से ये दिल्ली-एनसीआर तक पहुंच जाते हैं और यहां से बाहर नहीं निकल पाते. सर्दी में नमी और कोहरा भी मुसीबत बढ़ाते हैं. इस दौरान हवा में नमी बढ़ने पर कुछ प्रदूषक कण पानी को अपने ऊपर जमा कर लेते हैं. खासकर पीएम 2.5 जैसे बारीक कण नमी के संपर्क में आकर बड़े हो सकते हैं. कुछ परिस्थितियों में हवा में मौजूद गैसों से नए कण भी बनते हैं. इससे प्रदूषण की मात्रा और दृश्यता दोनों प्रभावित हो सकती हैं। इसी वजह से सर्दियों में कई बार दिल्ली की सड़कों पर धुंध जैसी सफेद या भूरी परत दिखाई देती है। दिवाली की रात चलने वाले पटाखे प्रदूषण का एक अतिरिक्त सोर्स बनते हैं। दरअसल दिल्ली की हवा में पहले से ही प्रदूषक तत्व जमा होते हैं। पटाखों का धुआं और हानिकारक गैसें भी उसमें शामिल हो जाती हैं और दिल्ली को गैस चैंबर बना देती हैं। सीएक्यूएम की फरवरी 2026 में जारी विशेषज्ञ रिपोर्ट के अनुसार, सर्दियों में दिल्ली के पीएम 2.5 प्रदूषण में 27 प्रतिशत योगदान सेकेंडरी पार्टिकल्स, 23 प्रतिशत परिवहन, 20 प्रतिशत बायोमास बर्निंग, 15 प्रतिशत धूल और 9 प्रतिशत उद्योग के थर्मल पावर प्लांट का योगदान है।





आत्मा का स्वास्थ्य

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

संस्कृत में स्वास्थ्य के लिए 'स्वस्ति' शब्द का प्रयोग किया गया है। 'स्वस्ति' का अर्थ केवल रोगों से मुक्त होना नहीं, बल्कि अपने भीतर स्थिर, सजग और संतुलित बने रहना है। जो व्यक्ति हर परिस्थिति में स्वयं से जुड़ा रहता है, वही वास्तव में स्वस्थ कहलाता है। उसकी सबसे बड़ी पहचान है- उत्साह। ऐसा उत्साह, जो असफलता के क्षणों में भी मुस्कराकर कह सके, आज काम नहीं बना, कोई बात नहीं। लेकिन ऐसी सहजता और सकारात्मकता तभी संभव है, जब मन तनाव से मुक्त हो। तनाव का सबसे पहला प्रभाव हमारे चेहरे पर दिखाई देता है। तनावग्रस्त होने पर हमारी भौहें तन जाती हैं और चेहरा कठोर हो जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें, तो त्यौरियाँ चढ़ाने में चेहरे की लगभग 72 मांसपेशियाँ सक्रिय होती हैं, जबकि मुस्कुराने में केवल कुछ ही मांसपेशियों का उपयोग होता है। अर्थात् तनाव हमें केवल मानसिक रूप से ही नहीं, शारीरिक रूप से भी थका देता है। धीरे-धीरे वह हमारी मुस्कान, सहजता और जीवन की ऊर्जा को भी क्षीण कर देता है। हमारा शरीर मानो एक मोमबत्ती की बाती है और उसके चारों ओर जलती हुई लौ हमारी चेतना। यही चेतना हमें जीवंत बनाए रखती है। इसलिए केवल शरीर की देखभाल पर्याप्त नहीं है; हमें अपने मन और आत्मा का भी उतना ही ध्यान रखना चाहिए। मानव अस्तित्व सात स्तरों से निर्मित है - शरीर, श्वास, मन, बुद्धि, स्मृति, अहंकार और आत्मा। मन निरंतर बदलते विचारों और भावनाओं का प्रवाह है। बुद्धि हमें निर्णय लेने की क्षमता देती है, स्मृति अनुभवों को संजोती है और अहंकार हमारी पहचान का बोध कराता है। किंतु इन सबके परे एक ऐसा तत्व भी है, जो कभी नहीं बदलता- आत्मा। शरीर बदलता है, विचार बदलते हैं, भावनाएँ और धारणाएँ बदलती रहती हैं, लेकिन हमारे भीतर एक स्थायी चेतना सदैव विद्यमान रहती है। वही आत्मा है, जो हमारे समस्त अनुभवों की साक्षी है। श्वास इस आत्मा और शरीर के बीच का सेतु है। जब तक मनुष्य अपने भीतर के इस सूक्ष्मतम आयाम से जुड़ नहीं जाता, तब तक उसका स्वास्थ्य अधूरा ही माना जाएगा। सच्चा स्वास्थ्य केवल शरीर की फिटनेस का नाम नहीं है, बल्कि मन की शांति, श्वास की लय और आत्मा से गहरे जुड़ाव का अनुभव है। जब जीवन में यह संतुलन स्थापित हो जाता है, तभी व्यक्ति वास्तव में तनाव-मुक्त, प्रसन्न और पूर्ण जीवन की ओर अग्रसर हो पाता है।

मन निरंतर बदलते विचारों और भावनाओं का प्रवाह है। बुद्धि हमें निर्णय लेने की क्षमता देती है, स्मृति अनुभवों को संजोती है और अहंकार हमारी पहचान का बोध कराता है। किंतु इन सबके परे एक ऐसा तत्व भी है, जो कभी नहीं बदलता- आत्मा। शरीर बदलता है, विचार बदलते हैं, भावनाएँ और धारणाएँ बदलती रहती हैं, लेकिन हमारे भीतर एक स्थायी चेतना सदैव विद्यमान रहती है। वही आत्मा है, जो हमारे समस्त अनुभवों की साक्षी है। श्वास इस आत्मा और शरीर के बीच का सेतु है।

गधा मेला- सबसे महंगा ७२ हजार का बिका अमिताभ



धर्म नगरी चित्रकूट का ऐतिहासिक गधा मेला देशभर में चर्चित है। यह मेला दीपावली के दूसरे दिन से मां मंदाकिनी नदी के तट पर शुरू हो जाता है। जहां मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित कई जिलों के खरीदार और गधे बेचने वाले आते हैं. अगर इस बार के गधे मेले की बात की जाए तो इस बार गधे मेले में क्रय-विक्रय हर साल की अपेक्षा काफी कम हुआ है. यह मेला आज (10 नवंबर) दूसरे दिन ही समाप्त होने की कगार पर है। व्यापारी अपने जानवरों के साथ लौटते दिख रहे हैं। चित्रकूट में दिवाली के दूसरे दिन से ऐतिहासिक गधा मेला लग जाता है, जो पहले पांच दिनों तक चलता था। पिछले साल कितने बिके आधुनिक दौर में गधों की मांग कम होने के कारण इस बार यह मेला दूसरे दिन अपने समापन की कगार पर है। इस मेले में गधों को फिल्मी स्टार के नाम से बेचा जाता है. कहते हैं कि यह मेला औरंगजेब के समय से लगता चला आ रहा है। आज भी दिवाली के बाद यह मेला लगता है। इस बार इस मेले में दो दिनों में लगभग 150 गधों का ही क्रय-विक्रय हो पाया है. अगर पिछले साल की बात करे तो लगभग 1 हजार गधों की इस मेले में ब्रिक्री हुई थी गधा मेले के आयोजक बताते हैं कि इस बार गधा मेला पहले की अपेक्षा काफी फीका रहा है। हमेशा यह मेल 5 दिनों तक चलता था, लेकिन इस बार यह मेला दूसरे दिन ही समाप्त हो रहा है. मेले में इस बार करीब 300 जानवर आए थे. इस बार सबसे महंगा अमिताभ बच्चन ही 72000 रुपये में बिका है. अगर दो दिन के इस मेले की बात की जाए तो इस बार 150 जानवर ही बिक पाए है. लगभग 10 लाख का व्यापार हो पाया है। रमेश कहते हैं कि युवा पीढ़ी गधे का व्यापार करना नहीं चाह रही है। इसकी वजह से लोग यहां आते नहीं हैं। पहले यहां फिल्मी स्टारों के नाम से गधे बिकते थे. अच्छी नस्ल के खच्चर भी आते थे।

यहां जमीन नहीं, पानीपर तैरते हैं घर और बाजार

भारत में एक ऐसी जगह भी है, जहां सुबह की शुरुआत सड़कों के शोर से नहीं, बल्कि झील के शांत पानी और शिकारे की सवारी से होती है। यहां घरों से लेकर बाजार तक पानी के बीच बसे नजर आते हैं। चारों तरफ पहाड़, पानी पर तैरते शिकारे और खूबसूरत हाउसबोट इस जगह को किसी दूसरी दुनिया जैसा एहसास कराते हैं। हम बात कर रहे हैं जम्मू-कश्मीर की मशहूर डल झील की। श्रीनगर आने वाले पर्यटकों के लिए यह झील सिर्फ घूमने की जगह नहीं, बल्कि कश्मीर की संस्कृति और जीवनशैली को करीब से समझने का मौका भी है। डल झील की सबसे खास बात यहां के हाउसबोट हैं। ये लकड़ी से बने खूबसूरत घरनुमा नावें होती हैं, जिनमें पर्यटक ठहर सकते हैं। इनके अंदर बेडरूम, ड्राइंग रूम, डाइनिंग एरिया और कई आधुनिक सुविधाएं मिलती हैं। इन हाउसबोट की दीवारों और छतों पर की गई कश्मीरी लकड़ी की नक्काशी देखने लायक होती है। यहां ठहरने का अनुभव किसी होटल से बिल्कुल अलग होता है। सुबह खिड़की खोलते ही सामने पानी और पहाड़ों का नजारा दिखाई देता है.डल



झील का फ्लोटिंग वेजिटेबल मार्केट यानी तैरता हुआ सब्जी बाजार यहां का सबसे अनोखा आकर्षण है। इस बाजार को देखने के लिए आपको सुबह जल्दी उठना होगा। सूरज निकलने से पहले ही स्थानीय किसान अपनी शिकारा नावों में ताजी सब्जियां लेकर पहुंच जाते हैं। यहां नावों पर ही सब्जियों की खरीद-बिक्री होती है। बाजार में टमाटर, खीरा, बैंगन, मूली और कमल ककड़ी जैसी कई चीजें देखने को मिलती हैं। इस नजारे को करीब से देखने के लिए सुबह शिकारा राइड बुक कर सकते हैं। डल झील घूमने आएं और शिकारा की सवारी न करें, ऐसा हो ही नहीं सकता। रंग-बिरंगे शिकारे लकड़ी से बनी पारंपरिक नावें होती हैं, जिन्हें नाविक चप्पू से चलाते हैं। इन पर बैठकर आप झील के अलग-अलग हिस्सों, हाउसबोट और तैरती दुकानों को देख सकते हैं. यहां कुछ शिकारे फूल, कश्मीरी शॉल, केसर और स्थानीय हस्तशिल्प बेचने वाले छोटे बाजार की तरह भी नजर आते हैं। शाम के समय झील में पहाड़ों और आसपास की रोशनी का प्रतिबिंब बेहद खूबसूरत लगता है।

हाइवेपर एकके बाद एक टकरायीं ५० गाड़ियां, सड़क बन गयी कब्रिस्तान



एक बिजी हाईवे पर 10 नवंबर को दुनिया का सबसे भयानक सड़क हादसा हुआ है। हाईवे पर सुबह के वक्त घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे विजिबिलिटी बिल्कुल जीरो के करीब पहुंच गई। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण एक के बाद एक करीब 50 से अधिक वाहन आपस में बुरी तरह टकरा गए। इस भीषण हादसे के बाद एक ड्रोन फुटेज सामने आया है, जिसे देखकर रेस्क्यू टीम के भी होश हो उड़ गए. इस वीडियो में हाईवे की सड़क किसी कब्रिस्तान से कम नहीं दिख रही है। दोनों किनारों पर कारें और भारी-भरकम ट्रक और कारों जैसे वाहन पलटे पड़े हैं. कई लोग अभी तक गाड़ियों में फंसे हुए हैं। ये भयानक हादसा बुल्गारिया की राजधानी सोफिया को पूर्वी शहर बर्गास से जोड़ने वाले हाईवे त्राकिया पर हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही जब प्रशासनिक अधिकारी और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं, तो कोहरे की वजह से स्थिति का सही अंदाजा लगाना बेहद मुश्किल हो रहा था। इसके बाद जब आसमान में ड्रोन उड़ाकर इलाके की निगरानी की गई, तो ड्रोन फुटेज देखकर खुद रेस्क्यू टीम के पसीने छूट गए।

भारतमें गरीबोंके आंकड़े

वैश्विक बैंक रिपोर्ट भारत की प्रगति को कई पैमानों पर दर्शाती है। 3 प्रतिदिन की इनकम सीमा के आधार पर मापी गई अत्यधिक गरीबी की दर 2011 में 27.1 प्रतिशत थी जो 2023 में घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई। गरीबी मापने के एक व्यापक पैमाने पर भी इसी तरह का बदलाव देखने को मिलता है। हर दिन 4.20 डॉलर से कम कमाने वाले लोगों का हिस्सा 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत पर आ गया है। दिए गए आंकड़े बताते हैं कि यह अनुपात और गिर सकता है जो 2028 तक 12.1 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। यह आंकड़े इस बात को भी बताते हैं कि गरीबी में कमी का आकलन 1 से ज्यादा पैमाने के जरिए क्यों किया जाता



है. अत्यधिक गरीबी दर के लिए 3 प्रतिदिन की सीमा का इस्तेमाल किया जाता है और 4.20 डॉलर की सीमा कम इनकम पर रहने वाले लोगों के एक बड़े समूह को कवर करती है. इस वजह से यह दोनों पैमाने इनकम के अलग-अलग स्तर को दर्शाते हैं और इन्हें एक दूसरे के स्थान पर इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए. व्यापक पैमाने के तहत 57.7 प्रतिशत से 16.1 प्रतिशत तक का बदलाव इस बड़े बदलाव के स्तर को एक अलग नजरिया से दिखाता है. ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गई है। ग्रामीण गरीबी 18.4 प्रतिशत से घट कर 2.8 प्रतिशत हो गई है और शहरी गरीबी दर 10.7 प्रतिशत से घट कर 1.1 प्रतिशत रह गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल ऐसे राज्य हैं जिन्होंने भारत में गरीबी कम करने में सबसे ज्यादा योगदान दिया है।

पति एक, शादी तीन

दुनिया में शादी से जुड़ी कई तरह की परंपराएं और अनोखे रीति-रिवाज देखने को मिलते हैं, जो अक्सर लोगों को हैरान कर देते हैं। अमूमन हर जगह इंसान की इंसान से शादी का चलन है, लेकिन पड़ोसी देश नेपाल की एक खास संस्कृति में महिलाओं के जीवन से जुड़ी ऐसी अनूठी रस्में निभाई जाती हैं, जिनके बारे में जानकर किसी को भी आश्चर्य हो सकता है। नेपाल की काठमांडू घाटी में बसने वाले नेवारी समुदाय में सदियों पुरानी एक ऐसी प्रथा चली आ रही है, जिसमें किसी भी लड़की का जीवन शुरू होने से पहले ही उसकी शादी भगवान से तय कर दी जाती है। इस समुदाय में एक महिला के जीवनकाल में तीन बार विवाह संपन्न होने की अनोखी परंपरा निभाई जाती है, जो इसे दुनिया भर के समाजों से बिल्कुल अलग और बेहद खास बनाती है। भारत और नेपाल की सांस्कृतिक जड़ों में कई समानताएं हैं, लेकिन नेपाल के नेवारी समुदाय के सामाजिक ताने-बाने में विवाह संस्कारों के नियम पूरी तरह से अलग हैं. इस समुदाय में लड़कियों के लिए विवाह को केवल एक सामाजिक समझौता नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा माना जाता है। यही कारण है कि इस समाज की हर लड़की को अपने जीवनकाल में तीन अलग-अलग चरणों में विवाह के संस्कारों से गुजरना पड़ता है। यह परंपरा इस बात का प्रतीक है कि नेवारी समाज अपनी प्राचीन संस्कृति, मान्यताओं और धार्मिक आस्थाओं से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है।

४००० करोड़की रामायण टैक्स फ्री

निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. गजब के प्रमोशन, इतनी बड़ी स्टारकास्ट, रामायण जैसी कहानी का क्रेज और नितेश तिवारी के निर्देशन की वजह से इस फिल्म को लेकर काफी हाइप बनी हुई। आज ये फिल्म रिलीज हुई तो सोशल मीडिया पर लोगों ने अपने रिएक्शन भी डालने शुरू कर दिये। सचिन तेंदुलकर हो या करण जौहर, कौन ऐसा है जिसने इस फिल्म की तारीफ नहीं की है। पर इस बड़े बजट की फिल्म पर बहुत कुछ दाव पर लगा है। इसी बीच पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने इस फिल्म को अपने स्टेट में 'टैक्स फ्री' कर दिया है। इससे पहले भी कई फिल्में देश में 'टैक्स फ्री' की जाती रही हैं। पर सवाल ये है कि किसी फिल्म को 'टैक्स फ्री' करने से क्या होता है? क्या इसका फायदा दर्शकों तक पहुंचता है या ये ऐलान सिर्फ फिल्म के प्रोड्यूसर की तिजोरी में ही खुशखबरी लाता है? आखिर एक फिल्म पर कितना टैक्स लगता है? चलिए इस पूरे समीकरण को समझते हैं। सचिन तेंदुलकर हो या करण जौहर, कौन ऐसा है जिसने इस फिल्म की तारीफ नहीं की है। फिल्म को 'टैक्स फ्री' करने से क्या होता है? खबरें हैं कि प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा की 'रामायण'



को लगभग 4,000 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है. यानी फिल्म पर काफी मोटी रकम खर्च की गई है. अब सवाल है कि 'टैक्स फ्री' करने से क्या होता है। तो किसी फिल्म का टैक्स फ्री होने का मतलब है कि उस राज्य की सरकार उस फिल्म के मूवी-टिकेट्स पर लगने वाला एंटरटेनमेंट टैक्स यानी मनोरंजन कर नहीं लेगी। क्योंकि मनोरंजन राज्य का विषय है और ऐसा फैसला राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है. पर एक राज्य में टैक्स फ्री फिल्म को बस उसी राज्य में ये छूट मिलती है, हर राज्य में नहीं। अक्सर राज्य सरकारें ऐसी छूट उन फिल्मों को देती हैं जो देशभक्ति की भावना से जुड़ी हों, समाज में एक कोई संदेश देती हों य फिर ऐसे विषय पर हों जो समाज के लिए जरूरी हो। अंग्रेजों के समय से लिया जा रहा ये टैक्स पहले अलग से वसूल किया जाता था, लेकिन 1 जुलाई, 2017 से भारत में जीएसटी लागू होने के बाद ज्यादातर मामलों में सर्विस टैक्स और मनोरंजन टैक्स को जीएसटी में ही जोड़ दिया गया है क्योंकि ये राज्यों का अधिकार है, इसलिए हर राज्य का ये टैक्स अलग-अलग होता है। एंटरटेनमेंट टैक्स राज्य सरकार मूवी टिकट, स्पोर्ट्स इवेंट, कॉन्सर्ट, प्रदर्शनियों वगैरह पर लगाती है। एंटरटेनमेंट टैक्स कस्टमर द्वारा उठाए जाने वाले अलग-अलग खर्चों का एक हिस्सा है। यानी इसका असली बोझ दर्शक उठाते हैं. जैसे पश्चिम बंगाल, हरियाणा, कर्नाटक, केरल जैसे राज्यों में यह टैक्स 30 प्रतिशत है, जबकि महाराष्ट्र में 45 प्रतिशत, बिहार में 50 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 60 प्रतिशत है। फिल्मों के टैक्स फ्री होने पर टिकटों का दाम घटता है, ताकि उस फिल्म तक ज्यादा से ज्यादा दर्शक पहुंचें।

कांच की दीवारें तोड़कर बनाएं पहचान-प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं. बरेली के एक छोटे से शहर से निकलकर बॉलीवुड और फिर हॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली देसी गर्ल प्रियंका ने अपनी शर्तों पर जिंदगी जी है और उन्होंने हमेशा यह साबित किया है कि अगर आपके सपनों में उड़ान और खुद पर भरोसा हो, तो दुनिया की कोई भी ताकत आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती. वे दुनिया भर की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं. अगर आप भी अपनी जिंदगी में कुछ बड़ा करना चाहती हैं, खुद को मजबूत बनाना चाहती हैं या अपने आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहती हैं, तो प्रियंका चोपड़ा के ये 10 अनमोल विचार आपके दिल को छू लेंगे और आपको बड़ा सोचने के लिए प्रेरित करेंगे-कांच की सैंडल में फिट होने की कोशिश मत कीजिए, बल्कि कांच की उस छत को ही तोड़ डालिए जो आपको रोकती है. प्रियंका का मानना है कि महिलाओं को दूसरों के बनाए तय दायरे में खुद को ढालने की जरूरत नहीं है. अपनी सीमाओं को तोड़कर अपनी अलग पहचान बनाना ही असली कामयाबी है.महत्वाकांक्षा एक ऐसा शब्द है जिसे महिलाओं से नकारात्मक रूप से जोड़ा जाता है. लोग कहते हैं कि वह बहुत एम्बिशियस है, लेकिन इसमें बुरा क्या है? आगे बढ़ने की चाहत रखना और बड़े सपने देखना हर किसी का हक है. महिलाओं को अपनी महत्वाकांक्षाओं पर गर्व होना चाहिए, न कि झिझक.जिंदगी में आप चाहे जहां भी जाएं या जिससे भी शादी करें, आपका आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना सबसे जरूरी है, चाहे आप उस पैसे का इस्तेमाल करें या न करें. प्रियंका महिलाओं को हर हाल में फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट बनने की सलाह देती हैं, क्योंकि आर्थिक आजादी ही आपको असल मायने में सशक्त बनाती है.जो एक चीज मैं सबसे बेहतर तरीके से पहनती हूँ, वह है मेरा आत्मविश्वास. यही मैं हर किसी को पहनने की सलाह दूंगी. आपका लुक कैसा भी हो, आपका कॉन्फिडेंस ही आपको

भीड़ में सबसे अलग और खास बनाता है.आपको नहीं पता कि जिंदगी आपके सामने कौन से मोड़ ले आएगी. आपके अंदर खुद की और अपने अपनों की देखभाल करने की क्षमता होनी चाहिए. जिंदगी अनिश्चितताओं से भरी है, इसलिए हर महिला में खुद के पैरों पर खड़े रहने और हर स्थिति से निपटने की ताकत होनी चाहिए.अकेले सफर तय करने से मत डरिए. जब आप अपनी सफलता और असफलता की जिम्मेदारी खुद लेती हैं, तो आप और भी मजबूत बनती हैं. दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय जब आप अपनी राह खुद चुनती हैं, तो हर चुनौती आपको मजबूत बनाती है.आपके जैसा दुनिया में सिर्फ एक ही इंसान है. खुद को पहचानिए और अपनी उस खासियत को समझिए. दूसरों से तुलना करने के बजाय यह समझना जरूरी है कि आप अपने आप में खास और अनोखी हैं.यह बात बिल्कुल ठीक है कि आपको यह न पता हो कि आप क्या चाहती हैं, बस आपको यह जरूर पता होना चाहि।